लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष- 34, अंक-38, पृष्ठ-16+4, मूल्यः- 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

25.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा

सूर्योदय 06 : 30
सूर्यास्त 18 : 11

लखनऊ, रविवार, 3 मार्च 2024

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन..... 13

नये भारत का नया उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है, जब उसको पक्का घर मिले, जब घर में शौचालय हो, बिजली का कनेक्शन हो, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। यह सुविधा तेजी से हर गरीब तक पहुंच रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के विकास में जुटी डबल इंजन की सरकार डबल ताकत से विकास कर रही है

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट : 4 संचालित, 1 निर्माणाधीन

देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट
10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन

सर्वाधिक एक्सप्रेसवे
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निर्माणाधीन

सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में **मेट्रो रेल सेवा**

उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर
(6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55.83 लाख लोगों के घर का सपना हुआ साकार

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 2.68 करोड़ किसानों को 68,139 करोड़ रुपये हस्तांतरित

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के अंतर्गत 2,51,607 कृषक पंजीकृत

पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 51,774 सोलर पंप की स्थापना

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन

आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा

हर घर जल योजना के तहत 2.10 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 54.44 लाख माताएं लाभान्वित

पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 17.62 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2.62 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी) के अंतर्गत 56.34 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 2,06,952 रोजगार सृजित

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 1.90 करोड़ लोग लाभान्वित

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से 12,500 किमी. मार्गों का निर्माण

पॉवर फॉर ऑल के तहत 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन

24,461 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 अमृत सरोवरों की स्थापना का लक्ष्य

पीएम मित्र योजना के अंतर्गत लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क

सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत 18 सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

स्मार्ट सिटी परियोजना में 17 शहर शामिल, 10 केन्द्र पोषित, 7 राज्य पोषित

मनरेगा के अंतर्गत 190 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत 9 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण



मेरठ से दिल्ली तक देश की **प्रथम रैपिड रेल सेवा**

दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में **देश में अग्रणी**

करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -38, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 25.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा | सूर्योदय 06 : 30 | सूर्यास्त 18 : 11 | लखनऊ, रविवार, 3 मार्च 2024

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन.....13

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

दिल्ली में 14 को महापंचायत 400 किसान संघ लेंगे भाग

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब ट्रैक्टर-टॉली से नहीं, ट्रेनों व बसों से दिल्ली जाएंगे किसान

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 14 मार्च को दिल्ली में 'किसान महापंचायत' में 400 से अधिक किसान संघ भाग लेंगे। वहीं, किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखेंगे। एसकेएम में शामिल 37 किसान संघों ने शनिवार को एक बैठक की। भारती किसान यूनियन (लखोवाल) के महासचिव हरिंदर सिंह लखोवाल ने भी 14 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में महापंचायत की बात कही जिसमें देश भर से 400 से अधिक किसान संघ हिस्सा लेंगे।

लखोवाल ने बताया कि किसान प्रतिनिधि ट्रैक्टर ट्रॉली से नहीं, बल्कि बसों और रेलगाड़ियों से दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी और 2020-21 के आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

देश में होंगे प्रलोभन मुक्त निष्पक्ष चुनाव : निर्वाचन आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा जल्द घोषित होंगे चुनाव कार्यक्रम

प्रेसवार्ता में सीईसी राजीव कुमार और ईसी अरुण गोयल।

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि देश में प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित डीएम व एसपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने व राजनीतिक दलों की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। सोशल मीडिया पर लोगों को अपने बात रखने की पूरी स्वतंत्रता होगी, लेकिन फर्जी खबर पर आईटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी व सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी इसके प्रति सजग व तत्पर रहें। प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव आयुक्त (ईसी) अरुण गोयल, मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय-अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतें

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश की सात अंतर्राष्ट्रीय व 30 अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनबल व अन्य प्रलोभनों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट व चार्टर प्लेन की सघन तलाशी की जाएगी। बैंकों में शाम के वक्त नकदी के जमा होने पर भी सतर्क नजर रखी जाएगी। प्रत्याशी डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही, प्रत्याशी सभी चुनाव खर्च चेक के जरिए करेंगे। उन्हें बैंकों से 200 चेक उपलब्ध कराए जाएंगे।

एक नजर

रालोद औपचारिक रूप से राजग में शामिल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के नेता जयंत सिंह ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और औपचारिक रूप से सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए। नड्डा ने एक्स पर कहा कि वह राजग में सिंह के शामिल होने का हृदय से स्वागत करते हैं और विश्वास जताया कि वह देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। हाल तक विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा रहे सिंह की पार्टी समझौते के तहत उप्र की दो सीट पर चुनाव लड़ सकती है।

जयंत, गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है। इसी के साथ वे आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वालों में शामिल हो गए हैं। वहीं, पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने भी पार्टी अध्यक्ष से राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। सांसद जयंत सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे। सिन्हा ने कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के वीसी बने संजय सिंह

लखनऊ। प्रो. संजय सिंह को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। राज्यपाल ने यह आदेश जारी कर दिया है। प्रो. संजय सिंह अभी तक डॉ. भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति थे। पिछले महीने कुलपति के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। प्रो. संजय सिंह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आईआईटी में भी कार्यरत रहे हैं। प्रो. संजय फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

भाजपा ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची, यूपी से 51 नामों की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी, राजनाथ लखनऊ और अमित शाह गांधी नगर से ही लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 28 महिला प्रत्याशी, 34 केंद्रीय मंत्रियों को भी मिला टिकट

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें 51 नाम यूपी से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से, अमित शाह गांधीनगर से तो लखनऊ से राजनाथ सिंह फिर किस्मत आजमाएंगे। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर निर्णय हुआ। 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री सूची में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के साथ दो पूर्व मुख्यमंत्री का भी नाम शामिल है। इसमें 28 महिलाएं हैं। अनुसूचित जाति के 27 और अनुसूचित जनजाति 18, पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार हैं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। हेमामालिनी को एक बार फिर मथुरा से उम्मीदवार बनाया गया है।

भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है, उनमें पुरुषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), सत्यपाल सिंह बघेल (आगरा), अजय मिश्रा 'टेनी' (खीरी), कौशल किशोर (मोहनलालगंज), भानु प्रताप वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। इस सूची में दो पूर्व मंत्रियों के भी नाम हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जगह पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे।

उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के दौरान भाजपा नेता बैजयंत जय पांडा, विनोद तावड़े और अनिल बलूनी।

तीसरी बार काशी की सेवा को तत्पर हूं : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से एक बार फिर उम्मीदवार बनाए जाने पर कहा कि वह तीसरी बार काशी की जनता की सेवा करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में यह भी कहा कि राजग सुशासन के आधार पर जनता से वोट मांगने जा रहा है। भरोसा जताया कि उन्हें देश की जनता का फिर एक बार आशीर्वाद मिलेगा। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में वह लोगों के सपने पूरे करने और गरीब से गरीब व्यक्ति को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ काशी गए थे।

मीनाक्षी लेखी सहित 4 मंत्रियों के टिकट कटे

पार्टी की ओर से जारी की गई सूची में तीन मंत्रियों के टिकट काट दिए गए हैं। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि राज्यमंत्री जॉन बारला की जगह अलीपुरद्वार से विधायक मनोज तिग्गा को टिकट दिया है। राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का डिब्रूगढ़ से टिकट काटकर सर्वानंद सोनावाल को दिया गया है। दो पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और विप्लब देब के अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भी नाम शामिल है। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक की जगह देब त्रिपुरा पश्चिम सीट से चुनाव लड़ेंगे।

आरओ व एआरओ की प्रा. परीक्षा भी निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ करेगी पेपर लीक की जांच, छह माह में दोबारा परीक्षा
- इसके पहले उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा हो चुकी है निरस्त

अमृत विचार : पेपर लीक होने के चलते उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद अब आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी, प्रारंभिक परीक्षा-2023) भर्ती परीक्षा भी निरस्त कर दी गई है। छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेपर लीक के इस पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौपीं गई है।

11 फरवरी, 2024 को उप्र के 58 जिलों में यह परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा में करीब सात लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। इस परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी कई दिनों से आंदोलित थे। उप्र में कई जगहों पर, खासकर प्रयागराज में लोकसेवा आयोग के दफ्तर के सामने पिछले कई दिनों से अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद राज्य सरकार ने परीक्षा रद करने का फैसला लिया है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित आरओ/एआरओ की परीक्षा की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके संबंध में शासन द्वारा परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य लोगों से मांगे गए थे। शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त करने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि, परीक्षा के लिए 10,76,004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पेपर लीक हो जाने की सूचना इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई थी।

नजीर बनेगी दोषियों की सजा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक के दोषियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी सजा दिलाएंगे, जो नजीर बनेगी।

झारखंड में स्पेन की महिला से गैंगरेप, 3 लोग गिरफ्तार

दुमका, एजेंसी

- दुमका जिले में एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम के दौरान दिया वारदात को अंजाम

झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है।

यह घटना राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई, जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्ती दल को सड़क किनारे दो लोग मिले। गश्ती दल ने यह भांप लिया कि उनके साथ कुछ हुआ है। चूंकि वे स्पेनिश भाषा बोल रहे थे तो पुलिस समझ नहीं पाई कि वे क्या कह रहे हैं। पुलिसकर्मी उन्हें यह मानकर एक स्थानीय अस्पताल लेकर गए कि उन्हें कुछ इलाज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्पेनिश युगल ने डॉक्टरों को यौन शोषण की घटना के बारे में बताया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने पीड़िता से बात की। इसके बार हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। आरोपियों ने कुछ और नाम भी लिए। हमने एक दल गठित किया है और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। दुमका के सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि करीब 28 साल की महिला और उसके 64 वर्षीय पति का इलाज दुमका के फुलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा था।

भाजपा की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

इस बीच झारखंड भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जब विदेशियों के साथ ऐसी घटनाएं होंगी, तो कौन झारखंड आना चाहेगा? यहां कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पुलिस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए

भ्रामक वीडियो पोस्ट करने पर खरगे-जयराम को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव जयराम रमेश को कानूनी नोटिस भेजा है। गडकरी का कहना है कि दोनों ने उनके बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुमराह करने और मानहानि करने वाली खबरें साझा की हैं। कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा था कि मोदी सरकार के मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि आज किसान को फसल का दाम नहीं मिल रहा है। गडकरी के वकील बालेंदु शेखर ने कहा कि खरगे और रमेश ने गडकरी के इंटरव्यू के एक टुकड़े को जान-बूझकर पोस्ट किया। क्लिप को बगैर संदर्भ और शब्दों के मायने के शेयर किया गया।

संपत्ति के विवाद में देवर की हत्या, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पति को पिटता देख हमलावर हुई महिला, भाई गिरफ्तार

अमृत विचार : महानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निशातंगज गली नंबर छह में शनिवार शाम मकान निर्माण के विवाद में दो भाइयों में मारपीट हो गई। पति को पिटता देख पत्नी हमलावर हो गई। उसने देवर पर ईंट से वार कर दिया। नाक पर ईंट लगने से देवर मौत हो गई।

एडीसीपी मध्य मनीष सिंह के मुताबिक, निशातंगज गली नंबर छह निवासी इलेक्ट्रिशयन दशरथ यादव उर्फ बाबू (45) पैतृक जमीन पर मकान निर्माण करवा रहे थे। शनिवार शाम निर्माण को लेकर बड़े भाई राजकिशोर से उसका झगड़ा हो गया। दशरथ बड़े भाई राजकिशोर उर्फ राजू को पीटने लगा। पति को पिटता देख राजकिशोर की पत्नी सुषमा ने देवर के मुंह पर ईंट से वार कर दिया। नाक पर ईंट पड़ने से दशरथ गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महानगर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की पत्नी कुसुम ने जेठ राजकिशोर, जेठानी सुषमा, भतीजा विशाल व भतीजी काजल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। राजकिशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

संपत्ति बेचना चाहता था राजकिशोर

दशरथ के पड़ोसियों ने बताया कि पैतृक सम्पत्ति को लेकर दोनों भाइयों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। राजकिशोर व उसकी पत्नी पैतृक संपति को बेचना चाहते थे लेकिन दशरथ पर राजी नहीं था। आरोप है कि राजकुमार ने संपत्ति हथियाने के लिए मकान के फर्जी पेपर भी बनवाए थे।

अनंत अंबानी की शादी के लिए बदला एयरपोर्ट का दर्जा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार कानून ताक़ पर रखकर पूंजीपतियों को सुविधा देती है और इसका ताजा उदाहरण उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी का विवाह अवसर है जब सरकार ने जामनगर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर प्रदान कर दिया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि पूंजीपति मित्रों को मदद करने की बात आती है तो मोदी कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह के लिए जामनगर हवाई अड्डे को 10 दिन के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित कर दिया है।

प्रदेश का पहला एसटीपी | कनाडा और फ्रांस से मंगाई जा रहीं अत्याधुनिक मशीनें बदबू तक बाहर नहीं निकलने देंगी

अल्ट्रा वायलेट किरणें मारेंगी गंदे पानी का बैक्टीरिया

गोपाल सिंह, लखनऊ

- नई तकनीक से होगा जल शोधन 297 करोड़ से जियामऊ में बनेगा

अमृत विचार : भले ही यह शुरुआत हो लेकिन गंदे पानी को निर्मल और बैक्टीरियामुक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार की यह पहल आगामी दिनों में मील का पत्थर साबित होने वाली है। इसमें नई तकनीक का सहारा लेकर गंदे पानी के बैक्टीरिया को खत्म किया जाएगा। कनाडा से आने वाली मशीन से उत्पन्न होने वाली ''अल्ट्रा वायलेट किरणें'' लखनऊ की जीवनदायनी गोमती नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी को स्वच्छता प्रदान करेगी। इसके लिए 297 करोड़ रुपये की लागत से जियामऊ में हैदर कैनाल एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तैयार किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन 120 करोड़ लीटर नाले के गंदे पानी को बैक्टीरियामुक्त किया जाएगा। एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। इसी महीने के अंत तक मशीन आ जाएगी। एसटीपी अगले दो माह में शुरू हो जाएगी। इससे गोमती का पानी साफ होगा। 'गाद' न होने से नदी का जलस्तर भी बढ़ेगा।

कचरे से प्रतिदिन एक मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन

प्रोजेक्ट का काम देख रहे जल निगम के अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि एसटीपी में नाले के गंदे पानी का शोधन करने के बाद जो वेस्ट (गाद या कचरा) बचेगा उससे प्रतिदिन एक मेगावाट बिजली बनाई जाएगी। बिजली बनाने के लिए फ्रांस से गैस इंजन मंगाया गया है।

> एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। कनाडा, फ्रांस की मशीन इस महीने आ जाएगी। नई तकनीक में मशीन अल्ट्रा वायलेट किरणों को उत्पन्न करेगी और इसी से गंदे पानी के बैक्टीरिया मारे जाएंगे। गाद न होने से नदी का पानी भी निर्मल होगा और जलस्तर भी बढेगा। आगामी दो माह में एसटीपी शुरू हो जाएगी।
>
> – **महेश कुमार गौतम**, अधिशासी अभियंता जल निगम

बदबू रोकेगा 'ऑडर रिमूवल सिस्टम'

एसटीपी में नाले के पानी का शोधन करते समय इस बात का खास ध्यान रखा जाएगा कि बदबू हवा में न फैले। इसके लिए एसटीपी में ऑडर रिमूवल सिस्टम'' लगाया जाएगा। यह शोधन के दौरान निकलने वाली गैस को बाहर नहीं जाने देगा। यह ऑडर रिमूवल प्रणाली भी विदेशी होगी। इसे फ्रांस से मंगाया जा रहा है।

कोविड के चलते योजना की गति थी धीमी

जियामऊ में 297 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस एसटीपी की शुरुआत जुलाई 2018 में हुई थी। इसके लिए राज्य सरकार से 68 करोड़ रुपये दिए भी थे। लेकिन कोविड और बजट में देरी की वजह से इसका निर्माण धीमा हो गया था। सरकार ने इस प्रोजेक्ट को अमृत योजना में शामिल करते हुए इसे रफ्तार दे दी है।

एक नजर

बहुभाषा व्यक्तित्व निखारने का अच्छा अवसर

अमृत विचार, लखनऊ : ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रो एनबी सिंह के निर्देशन में बहुभाषा वाद एवं स्थानीय भारतीय भाषा मे नई शिक्षा नीति की भूमिका पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। यह व्याख्यान नक्षत्र फाउंडेशन तथा भाषा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता एसआरएम के पूर्व प्रतिकुलपति प्रो . अजय प्रकाश तथा शकुंतला विश्वविद्यालय की डॉ . विनोदिनी कटियार रहे। अपने वक्तव्य में बोलते हुए प्रो प्रकाश ने कहा कि बहुभाषा हमें अपने व्यक्तित्व को निखारने का एक सुअवसर प्रदान करती हैं। अपने व्याख्यान में बोलते हुए डॉ विनोदिनी ने कहा कि कई भाषाएं आज विलुप्त अवस्था में हैं। भाषा की ताकत का इस्तेमाल करना आना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ . अखिलेश मिश्र उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव ने बताया कि भाषा के कई नए केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम का संयोजन विश्वविद्यालय की ओर से डॉ . ममता शुक्ला तथा डॉ . नलिनी मिश्रा और नक्षत्र फाउंडेशन की ओर से डॉ . ऋचा आर्या तथा रेखा झा ने किया।

छात्रों ने ट्रांसजेंडर समुदाय से की बातचीत

अमृत विचार, लखनऊ : ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के छात्रों ने प्रसिद्ध एनजीओ फरहान फाउंडेशन के सहयोग से अपने पाठ्यक्रम में चल रहे एक प्रोजेक्ट के तहत शनिवार को ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। प्रोजेक्ट मेंटर डॉ. दोआ नकवी ने बताया कि बातचीत का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास के बारे में जानकारी प्राप्त करना और उन्हें देश के मुख्यधारा के विकास से जोड़ने के तरीकों की तलाश करना था। इस अवसर पर एमबीए के अंतिम वर्ष के छात्रों-फहद जमाल, अनस तालिब, तनु सिंह चौहान और रिया तिवारी ने परियोजना को चुनौतीपूर्ण बताया।

अद्वैत वेदांत में माया की अवधारणाः हियू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में शनिवार को संगोष्ठी में थाईलैंड के वक्ता हियू ने अद्वैत वेदांत में माया की अवधारणा पर विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अद्वैत वेदांत में माया अवधारणा एक केंद्रीय दार्शनिक अवधारणा है जो वास्तविकता की प्रकृति और व्यक्तिगत स्व (आत्मन) और परम वास्तविकता (ब्राहमण) के बीच संबंध को संबोधित करती है। अद्वैत वेदांत में, माया को भ्रम या ब्रहम की शक्ति माना जाता है जो वास्तविकता की वास्तविक प्रकृति पर पर्दा डालती है और व्यक्तियों को दुनिया को ब्रहम से अलग समझने का कारण बनती है। हियु के अनुसार ब्रहम परम वास्तविकता है, सभी अस्तित्व का अपरिवर्तनीय, शाश्वत और अविभाज्य सार है। आत्मा, व्यक्तिगत स्व, को ब्रहम के समान माना जाता है, लेकिन माया के कारण, व्यक्ति खुद को अलग-अलग संस्थाओं के रूप में मानते हैं और दुनिया को वस्तुओं और प्राणियों की बहुलता के रूप में अनुभव करते हैं। सेमिनार में एचओडी डॉ . रजनी श्रीवास्तव, प्रोफेसर राकेश चंद्रा, डॉ . राजेंद्र वर्मा और डॉ . प्रशांत शुक्ला उपस्थित थे।

गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में पकड़ी खामी

गले में पहनने के बजाए जेब में परिचय पत्र रखे थे केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान सुन्नी इंटर कॉलेज के कंट्रोल रूम से निगरानी करते डीआईओएस। अमृत विचार

▶▶ डीआईओएस ने लगाई फटकार नोटिस भी जारी किया

अमृत विचार : इंटरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा में शनिवार को डीआईओएस ने गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज में बड़ी लापरवाही पकड़ी। केंद्र व्यवस्थापक और कई कक्ष निरीक्षक परिचय पत्र गले में पहनने के बजाए जेब में रखकर ड्यूटी कर रहे थे। डीआईओएस ने सभी को फटकार लगाने के साथ नोटिस जारी किया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा में शनिवार को द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट में अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार नख्वाश स्थित गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज में जांच करने पहुंच गए। वहां केन्द्र व्यवस्थापक और ज्यादातर कक्ष निरीक्षक परिचय पत्र पहने नहीं मिले। डीआईओएस ने सभी से परिचय पत्र मांगे गये। आधा दर्जन कक्षनिरीक्षकों ने परिचय पत्र जेब से निकाल कर दिखाये। केन्द्र व्यवस्थापक कॉलेज के प्रधानाचार्य भी परिचय पत्र नहीं गले में पहने थे।

डीआईओएस ने कड़ी चेतावनी के साथ नोटिस जारी किया है। सचल दल प्रभारियों को निर्देश दिया है कि केन्द्र पर केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक परिचय पत्र गले में पहने न मिलें तो तत्काल कार्यालय में सूचना दें।

डीआईओएस ने कहा कि परिचय पत्र के बिना ड्यूटी करने वालों को संदिग्ध की श्रेणी में रखा जायेगा।

डीआईओएस ने बताया कि प्रथम पाली में जनपद के कुल 17 परीक्षा केन्द्रों का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में एक केन्द्र को छोड़कर बाकी सभी जगह स्थिति सही पाई गई।

इसलिए जरूरी है परिचय पत्र

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परिचय पत्र इसलिए जारी किए गए हैं ताकि केन्द्र पर वही व्यक्ति तैनात हो जिसकी ड्यूटी बोर्ड की ओर से लगाई गई है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि जिस विषय की परीक्षा हो उस विषय का शिक्षक उस दिन कक्षनिरीक्षक की ड्यूटी न करने पाये। जिससे परीक्षा के दौरान पारदर्शिता बनी रहे।

1809 परीक्षार्थी अनुपस्थित

बोर्ड परीक्षा-2024 के क्रम में प्रथम पाली में इंटरमीडिएट की संगीत गायन वादन, नृत्यकला विषय की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें 416 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 397 उपस्थित और 19 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 44352 थी। 42562 उपस्थित रहे और 1790 ने परीक्षा छोड़ दी।

सचिव के निर्देश का दिखा असर

शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव के निर्देश का असर भी देखने को मिला। राजधानी के परीक्षा केंद्रों पर सचल दल की टीम को केन्द्रों पर तैनात कर्मचारियों व कक्षनिरीक्षकों व प्रधानाचार्यों के पास मोबाइल नहीं मिले। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि यदि स्टैटिक मजिस्ट्रेट को छोड़कर किसी के पास भी मोबाइल मिला तो कार्रवाई की जायेगी। परीक्षा में मंडलीय सचल दल भी सक्रिय हैं। इंटर अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार नेतृत्व में टीमों ने केन्द्रों का निरीक्षण किया। सचल दल प्रभारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण के दौरान सचिव के निर्देश को मानते हुए लोगों के मोबाइल चेक किए गये। केन्द्र के भीतर तैनात लोगों के पास मोबाइल नहीं मिले।

बजट लैप्स हुआ तो बीईओ होंगे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ बीएसए ने दिए निर्माण कार्य सहित सभी 16 पैरामीटर पूरे करने के निर्देश

अमृत विचारः राजधानी में संचालित सरकारी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में अधूरे पड़े कार्यों को समय से पूरा करना होगा। कार्य पूरे न होने और वित्तीय वर्ष का बजट लैप्स होने पर खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदार माना जायेगा। ये चेतावनी शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक में बीएसए राम प्रवेश ने दी।

बीएसए ने सभी विद्यालयों में बच्चों से जुड़ी सुविधाओं के 16 पैरामीटर पर समीक्षा की। खंड शिक्षा अधिकरियों से कहा कि जिन विद्यालयों में नया निर्माण कार्य अधूरा है उसको समय से पूरा कराया जाये। जिन विद्यालयों में बाउंड्रीवाल का निर्माण होना उसे भी जिम्मेदारी के साथ पूरा कराया जाये। बीएसए ने बताया कि 46 विद्यालय ऐसे हैं जिनमें 16 पैरामीटर पूरे किए जाने हैं, उनका भी ध्यान रखा जाये।

कंपोजिट ग्रांट उपयोग न होने पर प्रधानाध्यापक होंगे जिम्मेदार : बीएसए ने शनिवार को सभी माल, मलिहाबाद, बख्शी का तालाब, चिनहट, काकोरी, सरोजनी नगर, गोसाईगंज, मोहनलालगंज, नगर क्षेत्र प्रथम, नगर क्षेत्र द्वितीय, नगर क्षेत्र तृतीय और नगर क्षेत्र चतुर्थ के खंड शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी दी। उनसे कहा कि किसी भी विद्यालय में स्कूल ग्रांट का समय से उपयोग कर सुविधायें नहीं बढ़ाई गईं प्रधानाध्यापकों की जिम्मेदारी तय की जाये। उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए संस्तुति की जाये। सभी ब्लाकों व नगर क्षेत्र में मिलाकर 1619 प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है।

इनको करना होगा पूरा

- शुद्ध व सुरक्षित जल
- बालक व बालिका शौचालय
- नल जल की आपूर्ति
- दिव्यांग सुलभ शौचालय
- श्यामपट्ट व रसोईघर
- डेस्क बेंच की सुविधा
- विद्यालय में बिजली व्यवस्था
- मल्टीपल हैंडवाश

जर्जर स्कूल भवन दो सप्ताह में होंगे नीलाम

बीएसए ने कहा कि जिलाधिकारी के अनुमोदन से जिन विद्यालयों को जर्जर घोषित किया गया है उनकी नीलामी प्रक्रिया दो सप्ताह में शुरू करनी होगी। नीलामी की प्रक्रिया में सभी मानकों को पालन करते हुए कार्य करना होगा। अलग-अलग ब्लाकों से यहां एक दर्जन विद्यालयों की नीलामी होनी है।

शनिवार को कार्यालय में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करते बीएसए। अमृत विचार

यूपी बोर्ड को बदनाम करने की थी साजिश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ जांच कमेटी ने सभी तथ्य जुटाने के बाद निकाला निष्कर्ष

▶▶ आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अधिकरियों ने ली राहत की सांस

अमृत विचारः यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान आगरा अतर सिंह इंटर कॉलेज में प्रश्नपत्र की फोटो वायरल किए जाने के मामले में शिक्षा विभाग की जांच कमेटी भी अपने निष्कर्ष पर पहुंच गई है। जांच कमेटी ने पाया कि एक षडयंत्र के साथ यूपी बोर्ड को बदनाम करने की साजिश रची गई थी। इसमें कोई बाहरी गैंग सक्रिय नहीं था। प्रश्नपत्र की फोटो को वायरल किए जाने के मुख्य आरोपी केन्द्र व्यवस्थापक बने प्रिंसिपल के बेटे विनय चौधरी की गिरफ्तारी के बाद बोर्ड के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

आरोपी ने माना भी है कि उसने खुद से पेपर की फोटो खींचकर वायरल किया था। यूपी बोर्ड की परीक्षा में इंटरमीडिएट गणित और जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में पुलिस की जांच के अलावा भी शिक्षा विभाग ने एक जांच कमेटी बनाई थी, जिस पर कमेटी ने पाया कि बोर्ड को बदनाम करने की साजिश थी।

निदेशक ने दिया ये तर्क

अमृत विचार से बातचीत करते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ . महेन्द्र देव ने बताया कि पेपर की फोटो को स्कूल के ग्रुप पर वायरल किया था। ऐसे में कुछ चुनिंदा लोगों को पास कराने की साजिश नहीं कह सकते हैं। निदेशक ने कहा कि पुलिस भी अपनी जांच कर रही है, लेकिन विभाग की ओर से गठित टीम ने अब पाया है कोई इसमें बाहरी गैंग सक्रिय नहीं नही था। जिसके बाद कॉलेज की मान्यता भी समाप्त कर दी गई है। निदेशक ने कहा विभागीय जांच कमेटी ने भी जांच स्थगित कर दी है।

तेजी से बदलती दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला उत्कृष्टता विषय पर व्याख्यान आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ लखनऊ विश्व विद्यालय में छात्रों ने साझा किए विचार

अमृत विचार : इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस), लविवि में शनिवार को तेजी से बदलती दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला उत्कृष्टता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

प्रबंधन विज्ञान संस्थान ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, प्रोफेसर विनीता काचर मार्गदर्शन में आईएमएस के सेमिनार हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अल्फासिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ मनु अग्रवाल ने आईएमएस के प्रबंधन छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने अनिश्चितता से निपटने के लिए अनुकूल और संरेखित आपूर्ति श्रृंखला चक्रों के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि कैसे मांग का पूर्वानुमान कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मदद करता है। कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ उत्पाद डिजाइन संबंध से संबंधित आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के कुछ केस अध्ययनों के बारे में बताया। यह सत्र विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन में करियर विकास में सहायक है।

छबलानी बने अ .भा . उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में नवगठित टीम के साथ संगठन प्रमुख और प्रदेश पदाधिकारी। अमृत विचार

▶▶ संगठन प्रमुख ने सौंपी महानगर की कमान, पांच नगर महामंत्री बने

अमृत विचार : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शनिवार को लखनऊ महानगर की नई टीम की घोषणा कर दी। संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रवक्ता और नगर के वरिष्ठ महामंत्री सुरेश छबलानी को लखनऊ का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, दीपेश गुप्ता, हरीश मलानी, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम, राजीव अरोड़ा को नगर महामंत्री का दायित्व दिया गया है। संगठन के मुखिया संदीप बंसल ने गौतम बुद्ध मार्ग पर आयोजित व्यापार मंडल की एक बैठक में यह निर्णय लिया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यापारी का सम्मान ही संगठन का लक्ष्य है।

व्यापारी हित में संगठन द्वारा किए गए कार्यों को व्यापारियों के बीच रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापारी दिवस प्राप्त करना, व्यापारी पेंशन योजना लागू करवाना, शिक्षक क्षेत्र की तरह पंजीकृत व्यापारियों से विधान परिषद में स्थान दिलाना आदि कार्यक्रम संगठन की नजर में एक मुद्दे के रूप में हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, प्रदेश के मुख्य संरक्षक वीरेंद्र टंडन बिल्लू भैया, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, युवा नगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रभारी पतंजलि यादव की उपस्थिति रही। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पदम जैन, मो. सालिम, डॉ. संदीप अग्रवाल, राजेश गुप्ता, रमेश शुक्ला, महेश राठौर को बनाया गया। उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, आदर्श अग्रवाल, राजीव, शाश्वत, विद्याघर, मुकेश कुमार नाग, नितिन श्याम अग्रवाल को चुना गया। संगठन मंत्री के लिए जय मिगलानी, सुनीत साहू, आरके मिश्रा, वीरेंद्र वर्मा, मनोज कुमार, मो. नसीम, राजीव रतन सिंह को चुना गया। मंत्री पद के लिए वीरपाल सिंह, झबरू गुप्ता, आलोक एरम और प्रचार मंत्री पद पर लाल बहादुर, छोटेलाल को स्थान दिया गया। सोशल मीडिया प्रभारी के लिए असीम चंद्रा, संजय, निधि अग्रवाल को मौका दिया गया। बैठक में उपस्थित रहने वालों में महिला की नगर अध्यक्ष कजरा निगम, महामंत्री बीनू मिश्रा, उपाध्यक्ष हिना सिराज खान, मनी टंडन, विपिन अग्रवाल, सनत गुप्ता, मलखान सिंह की भी उपस्थित रही।

विधिक साक्षरता व सहायता शिविर का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को ग्राम अस्ती (बीकेटी) में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसका मार्गदर्शन विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ . बीडी सिंह एवं विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ . आलोक कुमार यादव ने किया। महाराणा प्रताप सिंह इंटर कॉलेज के निदेशक अनिल कुमार सिंह ने अतिथि डॉ . ओपी यादव, डॉ . आलोक कुमार यादव, सोनल श्रीवास्तव तथा गरिमा, विष्णु वर्मा, आशीष श्रीवास्तव का स्वागत किया। डॉ . ओपी यादव सहायक अभियोजन अधिकारी एवं पैरा लीगल वालंटियर ने सामाजिक न्याय की बात की।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.

TENDER NOTICE

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Agra Zone) and (Electrical Zone-1) invites, online percentage rate bids in two bid system for-

1- NIT No-2948 Dated 16-02-2024 e-tender Construction of Circuit House at Mathura.

2- GEM/2024/B/4640158 Dated 15-02-2024 e-tender Construction of Shifting & renovation of under ground fibre and power cables including all civil and electrical works at Ayodhya

3- GEM/2024/B/4696348 Dated 26-02-2024 e-tender Construction of Upgradation of Existing IT Infrastructure at RNN Head office, Lucknow.

Last date of submission of offers upto 2:00 PM on Dated 07-03-2024 (SI-1), upto 5:00 PM on Dated 07-03-2024 (SI-2) upto 8:00 PM on Dated 07-03-2024 (SI-3) all other details on:- website: www.etender.up.nic.in, www.uprnn.upsdc.gov.in and https://gem.gov.in

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचनाः ओटी-21-2023

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली' निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं0: ओटी-21-2023, कार्य का विवरणः गोरखपुर कैंण्ट-बाल्मिकीनगर (रेल विद्युतीकरण सहित) दोहरीकरण परियोजना से सम्बन्धित पेगिंग प्लान तैयार करने, ओवर हेड/अण्डर ग्राउण्ड ट्रैक क्रासिंग बनाने, वायरिंग, पावर सप्लाई और सेक्शनिंग आरेख, टीएसडब्लूआरडी/एसडब्लूआरडी आदि की डिजाइनिंग के लिए दोहरीकरण लाइन का पैदल सर्वेक्षण इत्यादि कार्य। अनुमानित लागतः ₹30,83,038.00, बयाना राशिः ₹61,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः रू. निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह।

निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 25.03.2024 को 15.00 बजे।

नोटः इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इन्जीनियर-II/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-292 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सार-संक्षेप

कॉफी विद वीसी में छात्रों ने रखीं समस्याएं

अमृत विचार : लविवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने 'कॉफी विद वीसी' कार्यक्रम में शनिवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी मेरिटोरियस काउंसिल के सदस्यों के साथ बातचीत की। यह कार्यक्रम छात्रों को अपनी चिंताओं एवं समस्याओं को सीधे व्यक्त करने और विश्वविद्यालय नेतृत्व के साथ सार्थक बातचीत में शामिल होने का अधिकार देता है। सत्र के दौरान प्रो . राय ने प्रशासन और छात्र समुदाय के बीच की खाई को पाटने, विश्वविद्यालय की विस्तारित शाखा के रूप में एलयू-एमएससी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने निर्बाध संचार की सुविधा प्रदान करने और छात्रों की चिंताओं को कुशलतापूर्वक बताने के लिए उनके समर्पण भाव की सराहना की। एलयू-एमएससी सदस्यों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के कार्यान्वयन और विकसित पाठ्यक्रम संरचना के संबंध में सवाल उठाते हुए इस चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया।

विज्ञान की आधारशिला आध्यात्मः त्रिपाठी

अमृत विचार, लखनऊ, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय ने साईफिएस्टा का आयोजन किया। इसमें 'सेलीब्रेटिंग द जॉय ऑफ लर्निंग एंड डिस्कवरी' विषय पर छात्राओं ने मनोरंजक स्टॉल लगाए। मुख्य अतिथि एडिशनल एडवोकेट जनरल कुलदीप पति त्रिपाठी एवम विज्ञान संकाय अधिष्ठाता लविवि प्रो .शीला मिश्रा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि विज्ञान जीवन को सुगम बनाता है और इसकी आधारशिला आध्यात्म है। प्रो .शीला मिश्रा ने कहा कि विज्ञान का उपयोग आध्यात्म के सहयोग से समाज के कल्याण के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणा का काम करते हैं। लविवि से प्रो .लीना सिन्हा, प्रो . ज्योत्सना सिंह, प्रो . रत्ना कटियार, डॉ. सुचित स्वरूप , डॉ . अनुपमा रस्तोगी, आईटी कॉलेज की रसायन विज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो . सीमा जोशी अतिथि रूप में उपस्थित रहीं। बीएससी की छात्राओं ने हास्य नाटक गब्बर की विज्ञानशाला की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और शिक्षकगण।

लविवि ने जारी की पीएचडी की साक्षात्कार सूची

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 24 एवं 25 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में हुई थी। उपरोक्त विषयों में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जा रही है। अभ्यर्थी वेबसाइट के एडमिशन पेज के पीएचडी पेज पर जाकर रविवार से सूची देख सकते हैं। अर्ह अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तिथि जल्द ही जारी की जाएगी।

केजीबीवी में विकसित किए जाएंगे खेल मैदान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ छात्राओं को खेलो में राष्ट्रीय पटल पर पहुंचाने का लक्ष्य

अमृत विचार : कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में पढ़ने वाली छात्राओं को खेलों में राष्ट्रीय पलट तक पहुंचने की तैयारी की जा रही है। छात्राओं को अभ्यास कराने के लिए खेल मैदान विकसित किए जायेंगे। इसकी तैयारी समग्र शिक्षा अभियान से शुरू कर दी गई है।

अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में प्रत्येक मंडल में एक खेल मैदान विकसित किया जायेगा। उसके बाद आगे की प्रक्रिया की जायेगी। अधिकारियों ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पहली बार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं को शामिल होने का मौका मिला था। जिसमें छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन किया। इसे देखते हुए केजीबीवी में खेलों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक दीपक कुमार की ओर से पूर्व में घोषणा की गई थी। उसी पर अब पहल शुरू होने जा रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 12/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से ''**खुली**'' निविदा आमंत्रित करते हैं :

क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : स.म.इं./फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र में (1) सीमित दृश्यता वाले एलसी गेट की इंटरलॉकिंग से सम्बन्धित सिविल कार्य। (2) इंटरलॉक्ड एलसी गेटों की विश्वसनीयता में वृद्धि और सुधार के सम्बन्ध में सिविल कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,59,51,695.15, **बयाना राशि :** रु. 2,29,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 10 माह। **क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण :** स.म.इं./मथुरा के अधिकार क्षेत्र में (1) सीमित दृश्यता वाले एलसी गेट की इंटरलॉकिंग से सम्बन्धित सिविल कार्य। (2) इंटरलॉक्ड एलसी गेटों की विश्वसनीयता में वृद्धि और सुधार के सम्बन्ध में सिविल कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,39,72,261.35, **बयाना राशि :** रु. 2,19,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 10 माह। **क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण :** स.म.इं./लाइन/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक मेन्टेनरों की रिक्त पदों के विरूद्ध आउटसोर्सिंग के तहत एक वर्ष के लिए ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना, **अनुमानित लागत :** रु. 3,60,22,188.59, **बयाना राशि :** रु. 3,30,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह।

1. क्रम सं. 1 एवं 2 की ई-निविदा दिनांक 27.03.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। 2. क्रम सं. 3 की ई-निविदा दिनांक 28.03.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। 3. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-564 इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

GLOBAL SOLUTIONS
Add-Vikasdeep, Station Road
Charbagh, Lucknow-226001

आयुष्मान मित्र भर्ती 2024

आयुष्मान भारत सरकार की योजनाएं उन उम्मीदवारों के लिए खुली भर्ती और आवेदन हैं जो आयुष्मान मित्र के रूप में अपना करियर बनाना चाहते हैं। आवेदकों को अपना आयुष्मान मित्र पंजीकरण कराने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह भर्ती विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों की भर्ती के लिए खुली है। इच्छुक उम्मीदवार 12 वीं उत्तीर्ण या स्नातक, इस रिक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत भर्ती होने वाले उम्मीदवार को 12000-15,000 रुपये या उससे अधिक का मासिक वेतन मिलता है। आगे कोई चयन प्रक्रिया नहीं है. आवेदकों का चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाता है। आयुष्मान मित्र रिक्ति के तहत, उम्मीदवार को निजी या सरकारी अस्पतालों में नौकरी मिलती है।

आयुष्मान मित्र का काम

यदि आप आयुष्मान मित्र योजना के लिए आवेदन करने जा रहे हैं तो आपको योजना के तहत निम्नलिखित कार्य करने होंगे और लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने में मदद करनी होगी।
1. लाभार्थियों को उनकी पात्रता की पुष्टि करने में सहायता करना 2. लाभार्थियों को निकटतम सीएससी या स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने में मदद करना। 3. योजना का लाभ प्रदान करने वाले अस्पतालों की पहचान करने में लाभार्थियों की सहायता करना। 4. आयुष्मान भारत योजना के बारे में लोगों को जानकारी देना 5. जरूरतमंद लोगों को योजना की जानकारी देनी होगी।

आवश्यक दस्तावेज

सभी कॉलेज छात्र जैसे किशोर, जिन्हें आयुष्मान मित्र भर्ती 2024 के लिए आवेदन करने की आवश्यकता है, उन्हें नीचे दिए गए आवश्यक दस्तावेज इकट्ठा करने होंगे। 1. आधार कार्ड 2. प्रमाण पत्र और शैक्षणिक योग्यता 2. मोबाइल नंबर 3. मेल आईडी 4. पासपोर्ट साइज फोटो इन सभी दस्तावेजों को इकट्ठा करके आप आसानी से आयुष्मान मित्र के रूप में भर्ती हो सकते हैं।

आयुष्मान मित्र भर्ती 2024 के लिए पात्रता

कुछ योग्यताएँ हैं जिन्हें प्रत्येक उम्मीदवार को पूरा करना होगा, जो इस प्रकार हैं –
1. सभी उम्मीदवार भारत के निवासी होने चाहिए
2. आवेदकों की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए,
3. सभी आवेदकों को कम से कम 12 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है, आदि सभी योग्यताएं पूरी कर आप बिना किसी चिंता के इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं और नौकरी पा सकते हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है।माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

सूचना

सूचित हो कि मैं SHAHZEB पुत्र SHER AFGAN निवासी-ग्राम बड़नपूर पो0-आलियाबाद, थाना-दरियाबाद, जि0-बाराबंकी,उ0प्र0 मैंने अपना नाम SHAHZEB से बदल कर SHAHZEB SHAIKH रख लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र अभय तिवारी, पुत्रवधू श्रीमती रीतू तिवारी एवम् पुत्रियों श्रीमती पूजा मिश्रा पत्नी आशीष मिश्रा, श्रीमती राधा पाठक पत्नी अभिषेक पाठक, श्रीमती नेहा तिवारी पत्नी सन्दीप तिवारी, श्रीमती नीशू मिश्रा पत्नी अवधेश मिश्रा के कार्यकलापों व आचरण से दुखी होकर उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूँ। आज से उनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे काम की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **अजय कुमार तिवारी पुत्र श्रीकान्त तिवारी निवासी 124/41 सी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। **मो. सलीम पुत्र मेहंदी हसन, निवासी- बनबीर पुर, पो.- सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम लाल बहादुर पुत्र राजेंद्र सिंह है। यही नाम सही भी है, लेकिन मैने अपना नाम लाल बहादुर से बदलते हुए लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह रख लिया है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। ऐसे में मुझे लाल बहादुर सिंह के नाम से जाना और पहचाना जाए। **– लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी- ग्राम गंगापुर कोतवाली मुर्तिहा, तहसील मिहीपुरवा/मोतीपुर, बहराइच।**

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- जनेश्वर मिश्र पार्क गोमतीनगर में इन्नोवेशन वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन - 6.30 बजे।
- लखनऊ पुस्तक मेला रवीन्द्रालय लॉन में डॉ. रूचि श्रीवास्तव की तीन पुस्तकों का लोकार्पण - 12.30 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान का सम्मान समारोह - 2.30 बजे।
- राम-राम बैंक चौराहा अलीगंज स्थित बॉलीवुड अड्डा डांस अकादमी में फ्लेवर फाइट होम शेफ कॉन्टेस्ट का फाइनल - 3.00 बजे।

अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी, बनेंगे जरूरी प्रमाण पत्र

79,000 उचित दर की दुकानों पर ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अब अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी। लोगों को जरूरी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया, साथ ही, 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सुशासन का मॉडल ही रामराज है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम लोगों की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में सुधार से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था।

कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी: मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी। यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म, मृत्यु, आय, जाति प्रमाणपत्र जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। आज 11 सौ दुकानें से इसकी शुरुआत हो रही है, शीघ्र ही प्रदेश के 80 हजार राशन कोटे की दुकानों के लिए ये व्यवस्था हो जाएगी।

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उचित दर विक्रेता को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपते मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

- 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

टेक्नोलॉजी के जरिए दूर होगी पैमाइश की समस्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बहुत शीघ्र कुछ और बहुत बड़े कदम उठाने जा रही है। हर राशन कार्ड के आधार सीडिंग का कार्य चल रहा है। हर व्यक्ति की फैमिली आईडी तैयार हो रही है, जिससे एक जगह बैठे-बैठे तय हो जाएगा कि किसे कौन सी सुविधा मिली है या कौन सी सुविधा देनी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बहुत जल्द प्रदेश की जनता को अपने राजस्व के कागजातों को देखने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने होंगे। एक जगह से ही उन्हें अपने सभी दस्तावेज प्राप्त हो जाएंगे। इस सुविधा को आगे वरासत की प्रक्रिया के साथ भी जोड़ा जाएगा, यही नहीं पैमाइश की समस्या को भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सौंपी अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इसमें लखनऊ से जगलाल, रायबरेली के अशोक कुमार और धीरेन्द्र विक्रम, बाराबंकी की रेखा देवी और पुष्पा देवी, उन्नाव के लोकई प्रसाद और मालती देवी, हरदोई से अंजनी कुमार और जितेन्द्र, सीतापुर मोहम्मद नियाज खान को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। लाभार्थियों को राशन किट भी उपलब्ध कराया।

1006 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित समारोह के 1006 करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकास के लिए बैरियर नहीं, ब्रेक थ्रू की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अगर समान विचार के लोग शासन के सभी स्तरों पर नहीं होंगे तो वे विकास में बैरियर का काम करेंगे, इसलिए केंद्र, राज्य, नगर निकाय, जिला पंचायत, विकास खंड और ग्राम पंचायत स्तर पर समान विचार वाला नेतृत्व होना चहिए। सांसद रवि किशन शुक्ल ने कहा कि अब गोरखपुर में निवेश है, रोजगार है और अच्छी शिक्षा व्यवस्था है।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं, ओडीओपी योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र व किट देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर में ब्लड बैंक और 10 बेड की डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया। इसके बाद ब्लड बैंक व डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण किया।

अकबर नगर : दिन भर दुकानों से निकालते रहे कीमती सामान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर में कुकरैल बंधे व नाले पर बनीं अवैध दुकानों और कॉम्प्लेक्स से शनिवार को भी लोग दिन भर अपना कीमती सामान निकालते रहे। शोरूम व दुकानों से लोग फर्नीचर सहित पंखें, लाइट वायरिंग, रेलिंग, काउंटर आदि निकाल ले गए। ध्वस्तीकरण के डर से कार्रवाई की जद में शामिल भवन स्वामी भी मकान खाली कर रहे हैं। न्यायालय का आदेश मिलते ही प्राधिकरण मकानों का ध्वस्तीकरण शुरू कर देगा।

उच्च न्यायालय से अपील खारिज होने के बाद बीते मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने रात भर चली कार्रवाई में 24 शोरूम व दुकानें ध्वस्त कर दी थीं। गुरुवार को एक अपीलकर्ता की सुनवाई पर सर्वोच्च न्यायालय ने 4 मार्च तक दुकान से सामान निकालने की मोहलत दी है। अभी 77 अवैध दुकानें व शोरूम ध्वस्त किए जाने हैं। इसे देखते हुए कार्रवाई के डर से अन्य दुकानदार भी अभी से दुकानों से सामान खाली कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत कुकरैल नदी को अपने पुराने स्वरूप में लाने की तैयारी है। नदी के दोनों ओर रिवर फ्रंट तैयार किया जाएगा। अकबर नगर में कुकरैल बंधे व नदी पर अवैध तरीके से बने लगभग 1,200 मकान, दुकान, शोरूम और कॉम्प्लेक्स इसकी जद में हैं। अवैध निर्माण करने वालों को लखनऊ विकास प्राधिकरण ध्वस्तीकरण की नोटिस पहले ही जारी कर चुका है।

अकबर नगर में चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत नोटिस मिलने के बाद वाहन से सामान ले जाते लोग। अमृत विचार

- सर्वोच्च न्यायालय से शोरूम संचालक को मिली है 4 मार्च तक की मोहलत
- 77 अन्य दुकानें भी जल्द ध्वस्त करेगा एलडीए
- ध्वस्तीकरण के डर से मकान भी खाली करने लगे लोग

कूड़े के ढेर पर विकसित कर दी हरियाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कुछ दिन पहले जहां ढाई लाख मीट्रिक टन कूड़े का ढेर लगा था, वहां आज छायादार पौधे और हरियाली नजर आती है। हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना में लखनऊ विकास प्राधिकरण 14 एकड़ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल विकसित कर रहा है।

यहां करीब 50,000 छायादार व फलदार पौधे लगाए गए हैं। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शनिवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निरीक्षण करके पार्क में आम, अमरूद, लीची, नींबू, अमलताश, महोगिनी के अलावा जामुन, महुआ, नीम, पीपल व पाकड़ सरीखे देसी प्रजाति के 50 हजार और पेड़ रोपित करने के निर्देश दिए। जिससे अब यह पार्क एक लाख हरे-भरे पेड़ों से गुलजार होगा। कूड़ा डम्पिंग एरिया को आकर्षक ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करने पर अधिकारियों व अभियंताओं की सराहना की। पेड़-पौधों को सुरक्षित रखने के लिए पार्क की फेंसिंग कराने तथा रोशनी के लिए हाईमास्क लाइट लगवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व मुख्य अभियंता एके सिंह समेत समस्त सम्बंधित अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता उपस्थित रहे।

अगले सप्ताह आएगी कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची अगले सप्ताह आने की संभावना है। इस बीच, बताया जा रहा है कि कांग्रेस प्रदेश में सपा से दो और सीट चाह रही है। इंडिया गठबंधन में हुए समझौते के तहत प्रदेश में कांग्रेस को 17 व सपा को 63 सीटें मिली हैं। इसमें सपा एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दे चुकी है। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के प्रत्याशियों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेज चुकी है। कांग्रेस संसदीय बोर्ड की बैठक शीघ्र होगी, जिसमें प्रदेश से भेजी गई सूची पर मुहर लगेगी। इसके बाद प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस सपा से लखीमपुर खीरी व श्रावस्ती सीट चाह रही है, पर सपा इसके लिए तैयार नहीं है।

एक नजर

अमौसी में खाली करायी 9.75 करोड़ की जमीन

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर तहसील के अमौसी गांव में राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम ने 9 .75 करोड़ रुपये मूल्य की 48,760 वर्ग फिट जमीन खाली करायी है। खसरा संख्या 376 क्षेत्रफल .0970 हेक्टेयर, खसरा संख्या 109 क्षेत्रफल .1440 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग दर्ज है। खसरा संख्या 38 क्षेत्रफल .2120 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती है। नगर निगम के प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति आकाश कुमार के निर्देश पर तहसीलदार संजय कनौजिया, नायब तहसीलदार नीरज कटियार एवं लेखपाल की उपस्थिति में जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए।

कृष्णा नगर में मानक के विपरीत बन रहा कॉम्प्लेक्स सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को कृष्णा नगर में बिना मानक के निर्माण सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अजय कुमारी व अन्य द्वारा कृष्णा नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत कानपुर रोड योजना के सेक्टर-बी में भूखण्ड संख्या-बी-27 पर लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक उपयोग के लिए दुकानें व हॉल आदि का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे बिना मानक के निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्र व ऋतुपाल ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से स्थल सील कर दिया ।

सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। विभूति खण्ड (लखनऊ) से पकड़े गए अजय सिंह चौहान तथा सोनू सिंह यादव प्रयागराज के निवासी है।

उनके पास से प्रवेश पत्र, परीक्षा से जुड़े अन्य कागजात बरामद किए गए हैं। पूछताछ में अजय सिंह ने बताया कि उनका एक गिरोह है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने एवं साल्वर बैठाने का काम करता है। इस गिरोह में सोनू, राजन यादव और सुशील भारती (प्रयागराज) है। यह गिरोह अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराने के लिए मोटी रकम वसूलता है। उसके बाद सक्रिय गिरोहो के माध्यम से परीक्षा का पेपर प्राप्त करके उन्हें अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराता है। सिपाही भर्ती परीक्षा में भी इस गिरोह के राजन यादव द्वारा किसी सक्रिय गिरोह से प्रश्न पत्र तथा साल्व्ड पेपर प्राप्त करके कई अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया गया था।

- प्रवेश पत्र और परीक्षा से जुड़े अन्य कागजात बरामद

बारिश और तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंड

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में शुक्रवार रात से ही मौसम का मिजाज बदल गया था। लखनऊ में देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। शनिवार को सुबह से शाम तक रिमझिम बारिश होती रही। इससे ठंड बढ़ गई।

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार तक तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। बिजली गिरने और ओलावृष्टि की भी आशंका है। मौसम केंद्र के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 27, न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

राजधानी में शुक्रवार देर रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश से मौसम एक बार फिर बदल गया। लोगों को फिर ठंड का अहसास होने लगा। इसी बीच, हजरतगंज क्षेत्र में शनिवार को बारिश के बीच गंतव्य को जातीं युवतियां। अमृत विचार

पांच शहरों के लिए उड़ान सेवाएं स्थगित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ से चित्रकूट, मुरादाबाद, अलीगढ़ सहित पांच जिलों के लिए शनिवार से शुरू होने वाली उड़ान सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। अब ये सेवाएं 8 या 9 मार्च को शुरू हो सकती हैं और प्रधानमंत्री इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उडान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ानें शुरू करने की घोषणा हुई थी। एयरलाइंस की ओर से डी-हेवीलैंड डीएससी6-400 एयरक्राफ्ट इस्तेमाल किया जाएगा। फ्लाई विग एयरलाइंस की ओर से विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं। इसका शेड्यूल बीते बुधवार को जारी किया गया था। इसमें 19 सीटर विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसका किराया दो से ढाई हजार रुपये के बीच रहेगा। सूत्रों की मानें तो 8 या 9 मार्च को प्रधानमंत्री का लखनऊ दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में प्रधानमंत्री इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

- अगले सप्ताह शुरू हो सकती हैं सेवाएं, 19 सीटर के छोटे विमानों का होगा इस्तेमाल
- प्रधानमंत्री मोदी कर सकते हैं शुरुआत

राजनीतिक दलों को बताना होगा, क्यों चुना आपराधिक छवि का प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को तीन बार समाचार पत्रों में अपनी अपराधिक छवि के बारे में प्रकाशित करवाना पड़ेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी समाचार पत्रों में यह प्रकाशित करवाना पड़ेगा कि क्यों उन्होंने अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी का चुनाव किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूर्व में हुए चुनावों में जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान कम होता आया है, उनका चिन्हांकन कर वहां पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार प्रकाशित हुए मतदता सूची में प्रदेश में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 7.15 करोड़ है। 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 31 हजार से अधिक है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस बार थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन और नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

प्रदेश के मतदाताओं से चुनाव के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मतदान के दिन वोट डालने का आग्रह किया गया है।

एलईडी युक्त वैन 22 जिलों में रवाना: लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करने प्रदेश के भ्रमण पर आये भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने कार्यक्रम के तीसरे दिन 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए योजना भवन से ट्राई कलर गुब्बारों को आकाश में छोड़ा और एलईडी युक्त तीन मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ कर 22 जिलों के लिए रवाना किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन स्वीप योजना के तहत 19 लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले लो वोटर टर्न आउट वाले 22 जिलों में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेंगी। इस दौरान संस्कृति विभाग ने कठपुतली डांस, मयूर नृत्य, राजस्थान का ढोल नृत्य का आयोजन कर आयोग की टीम का स्वागत किया और चुनाव पर्व को उत्सव के रूप में मानने का संदेश दिया।

मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार व अन्य। अमृत विचार

मुख्य सचिव व डीजीपी के साथ बैठक

भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के साथ ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और 18 विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिवों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

50 प्रतिशत वीवीपैट

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि ईवीएम के जरिये मतदान प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों का विश्वास बनाये रखने के लिए पचास प्रतिशत से ज्यादा मतदान केंद्रों पर वीवीपैट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

बस से टर्मिनल तक जाने के झंझट से मिलेगी निजात

अमृत विचार, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के तीसरे टर्मिनल में चमचमाता हुआ डिपार्चर हॉल दिख रहा है। साथ ही सुरक्षा जांच के लिए बनाए गए कई काउंटर दिखाई पड़ रहे हैं। नए टर्मिनल का उद्घाटन प्रधानमंत्री कर सकते हैं। नया टर्मिनल 14 सौ करोड़ की लागत से बनना था। मगर अब इसकी लागत लगभग 3800 करोड़ हो गई है। नए टर्मिनल का निर्माण गत वर्ष के मार्च माह तक होना था। कोविड महामारी के कारण लॉकडाउन लग गया और मजदूरों की कमी के कारण इसके निर्माण में देरी हुई। नए टर्मिनल पर 14 एयरोब्रिज लगाए जा रहे हैं। एयरपोर्ट सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार टर्मिनल के उद्घाटन तक एयरोब्रिज के पूरा होने की उम्मीद है। इसके बनने के बाद विमान से टर्मिनल और टर्मिनल से विमान तक जाने के लिए यात्रियों को बस से नहीं जाना पड़ेगा। यात्री टर्मिनल से सीधे कॉरिडोर से होते विमान के अंदर जा सकेंगे। अभी एयरपोर्ट पर केवल दो एयरो ब्रिज हैं। बता दें कि टर्मिनल रक्षा मंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। 8 या 9 मार्च को प्रधानमंत्री इसकी शुरुआत कर सकते हैं। बता दें कि 23 फरवरी को सोशल मीडिया पर टर्मिनल की फोटो वायरल हुई थी।

एक नजर

किसानों ने मांगा बाढ़ से नुकसान का मुआवजा

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बरसात के मौसम में गोमती नदी की बाढ़ में दर्जनों किसानों की फसलें डूब गई थी। अभी तक किसानों को नुकसान का मुआवजा नहीं मिला है। शनिवार को तहसील बख्शी का तालाब तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में सुनवाई कर रहे तहसीलदार विजय कुमार सिंह को अकड़रिया कला गांव निवासी महिला किसान राजेस्वरी और अकड़रिया खुर्द गांव निवासी भदेसुर, गिरिराज किशोर ने मुआवजा न मिलने संबंधी प्रार्थनापत्र दिया। किसानों ने जल्द मुआवजा दिलाये जाने की मांग की।

रोजगार मेले में 216 छात्रों ने दिया साक्षात्कार

अमृतविचार, निगोहां : कस्बे में स्थित बाबू सुंदर सिंह इंजिनियरिंग कॉलेज में शनिवार को प्रगति रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें कृष्णा मारुति, मुंजाल शोवा, सूपर होज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, वोल्टसमैन पावर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश के 16 कॉलेजों के 212 बीटेक और डिप्लोमा कोर्स कर रहे छात्रों ने साक्षात्कार दिया। मेले में मधुरेंद्र मोदी, संतोष कुमार, मोहित कुमार, सूर्य नारायण उपस्थित रहे। पिछले हफ्ते कॉलेज की अगुवाई में बजाज मोटर्स लिमिटेड के दीपक सिंह ने साक्षात्कार लिया था।

ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर थाने में औरंगाबाद जागीर निवासी वंदना पांडे ने पति अभिषेक तिवारी उर्फ राजा समेत छह लोगों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। ससुराल में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। वहीं, तालकटोरा थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष वालों पर गर्भपात कराए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तेज रफ्तार ने छीनी चार लोगों की जिंदगी

शिनाख्त के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी, बीकेटी गुडम्बा और बीबीडी क्षेत्र से सामने आए मामले

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र अन्तर्गत तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार की मौत हो गई। वहीं, बीकेटी में अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार ने दम तोड़ दिया। उधर, गुडम्बा और बीबीडी के पास किसान पथ पर अज्ञात वाहन की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुशांत गोल्फ सिटी प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक सरोजनीनगर बदालीखेड़ा निवासी अमित कुमार (36) गोमतीनगर के एक सैलून में कार्यरत था। शुक्रवार देर रात वह स्कूटी से घर लौट रहा था। अहिमामऊ में तेज रफ्तार ट्रक चालक ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अमित उछलकर स्कूटी से दूर जा गिरा। वहीं ट्रक चालक घटनास्थल से गाड़ी छोड़कर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने उसे एसजीपीजीआई के ट्रामा सेंटर में पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। अमित के पिता नवीन भूतपूर्व सैनिक है। जबकि परिवार में पत्नी डॉली के अलावा पांच बच्चे हैं। पिता की तहरीर पर ट्रक चालक पर एफआईआर दर्ज की गई है।

वहीं, बीकेटी के पहाड़पुर गांव निवासी रमेश (50) एक कार शोरूम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। बीते 24 फरवरी को ड्यूटी खत्म कर वह साइकिल से घर लौट रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार पिकअप चालक उसे टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी किरन व चार बच्चे हैं।

उधर, मूलरूप हरदोई जनपद के मन्नापुरवा निवासी छोटू (23) गोमतीनगर की एक मिठाई की दुकान में काम करता था। शुक्रवार रात छोटू दो दोस्तों के संग बाइक से एक शादी से लौट रहा था। किसान पथ कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। जबकि दोस्त घायल हो गए। इसके अलावा हरदोई के बेहटा के नूपुर निवासी संदीप (26) चिनहट की एक फैक्ट्री में काम करता था। वह कंपनी के काम से जा रहा था। रास्ते में किसान पथ रेगुलेटर के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उसे डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुरनिया क्रासिंग के पास शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर रंजीत (26) की मौत हो गई। फैजुल्लागंज निवासी रंजीत परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता था। मां रामनानी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर रंजीत पुरनिया क्रासिंग के पास रेलवे लाइन पार कर रहा था। इस बीच वह ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर भेजवाया, जहां उसकी मौत हो गई।

सिपाही ने धोखाधड़ी कर किसान से हड़पी लाखों की जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- किसान की पत्नी ने पुलिस आयुक्त से की लिखित शिकायत
- सिपाही पर कार्रवाई के लिए महिला ने लगाई गुहार

अमृत विचार : मोहनलालगंज थाने से सम्बद्ध खुजौली पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही ने एक बिसवा जमीन का सौदा कर किसान से उसकी सात बिसवा जमीन हड़प ली। यह आरोप लगाते हुए किसान की पत्नी ने शनिवार को पुलिस आयुक्त से मदद की गुहार लगाई है।

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खुजौली गांव निवासी कंचन यादव की नगराम रोड पर सात बिसवा पुश्तैनी जमीन है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि वर्तमान में उसकी जमीन की कीमत करीब 40 लाख रुपये है। आरोप है कि जनवरी में खुजौली पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही ने साढ़े चार लाख रुपये में उसकी एक बिसवा जमीन का सौदा पति राम सुरेश से किया था। सिपाही ने धोखे सात बिसवा की जमीन अपने नाम करा ली। धोखाधड़ी जानकारी होने पर महिला ने विरोध किया तब सिपाही उसके पति को झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देने लगा। महिला का कहना है कि उसने मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शनिवार को महिला ने समाधान दिवस के लावा पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर से सिपाही पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

राइड कैंसिल करने पर कैब चालक से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : गोमतीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत विनीतखंड में राइड कैंसिल करने से नाराज दबंगों ने एक कैब चालक को ट्रैफिक सिपाही के सामने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। हालांकि, तहरीर के आधार पर गोमतीनगर पुलिस ने अज्ञात दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, अर्जुनगंज निवासी कैब चालक मनोज कुमार ने चार अज्ञात दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कैब चालक ने बताया कि शुक्रवार को दबंगों ने अवध बस स्टाप से हजरतगंज के लिए बुकिंग की थी। सवारियां बैठाने के बाद वह हजरतगंज की तरफ बढ़ने लगा। आरोप है कि शराब के नशे में दबंग इधर-उधर कैब घुमाते रहे। तंग आकर पीड़ित ने विनीतखंड में राइड कैंसिल कर दबंगों को गाड़ी से उतार दिया। इस से नाराज दबंगों ने पीड़ित को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ने पर आरोपी पीड़ित को धमकाते हुए वहां से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से दबंगों की पहचान कराई जा रही है।

मोबाइल सिम पोर्ट करा खाते से निकाले 2.75 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : चौक कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत क्रेडिट कार्ड का रजिस्ट्रेशन करने एक जालसाज बैंककर्मी बन युवक के घर पहुंचा। फिर क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए पीड़ित के सिमकार्ड को पोर्ट कराने का झांसा दिया। हामी भरने पर जालसाज ने दूसरे के नाम के सिम चालू कर खाते से 2.75 लाख रुपये निकाल लिए हैं। चौक कोतवाली के कटरा बेग नक्खास निवासी मो .आमिर का प्राइवेट बैंक में खाता है। पीड़ित ने क्रेडिट कार्ड के लिए बैंक में आवेदन किया था। उसके बाद हारुन नाम शख्स उनके घर पहुंचा। हारुन ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए सिमकार्ड को पोर्ट कराने के लिए कहा और खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी ले ली। ठीक अगले दिन पीड़ित के खाते से 2.75 लाख रुपए निकल गए। पीड़ित ने बताया कि जालसाज ने उनका सिम कार्ड हरियाणा के फरीदाबाद निवासी सराई ख्वाजा के नाम से चालू करा खाते से रुपये निकाल लिए है।

सुरक्षा गार्ड की मौत के बाद परिजन ने की मुआवजे की मांग

लखनऊ/सरोजनीनगर

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 परिसर में शुक्रवार देर शाम स्लाइडिंग डोर गिरने से सुरक्षा गार्ड रवि द्विवेदी (22) की मौत हो गई थी। शनिवार को परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे कंपनी के अधिकारियों ने परिजनों को शांत कराया और मृतक परिवार को आर्थिक सहायता, उसकी पत्नी को योग्यता ने अनुसार नौकरी देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शांत हुए।

गार्ड की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन (इनसेट में मृतक रवि द्विवेदी)। अमृत विचार

- परिजन ने शव रखकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

मूलरूप से कानपुर देहात जनपद के अकबरपुर भोगनियापुर निवासी रवि द्विवेदी मॉडर्न वीर सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार को डयूटी के दौरान उसकी मौत हो गयी। यह सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि निर्माणाधीन बैरक का गेट में स्टापर नहीं लगा था, जिसके चलते गेट रवि के ऊपर ही गिर गया। उन्होंने लापरवाही का आरोप लगाकर मुआवजे की मांग कर मृतक की पत्नी को नौकरी देने की मांग की।

घंटों चले प्रदर्शन के बाद मॉडर्न वीर सिक्योरिटी फोर्स के प्रबंधक सुशील मिश्रा ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने योग्यता के अनुसार मृतक की पत्नी को भी नौकरी देने का भी भरोसा दिया, जिसके बाद परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त किया। वहीं, पत्नी प्रियंका ने कंपनी के अधिकारियों को पति के मौत की जिम्मेदार ठहराते हुए लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शंख बजा सिपाही को बर्खास्त करने की मांग

संवाददाता, लखनऊ/निगोहां

अमृत विचार : विवाह में जल्दी मंत्रोच्चार करने पर पुरोहित विवेक शुक्ल को पीटने वाले सिपाही सोनू जाटव के विरोध में पुरोहितों ने शनिवार को जेसीपी कार्यालय पर पहुंच कर विरोध दर्ज कराया। मंत्रोचार के साथ शंख बजा कर आरोपी सिपाही को बर्खास्त करने की मांग की गई। जिस पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

गौरतलब है कि 27 फरवरी को निगोहां थाने में तैनात सिपाही सोनू जाटव ने पुरोहित विवेक शुक्ला की जल्दी-जल्दी मंत्र पढ़ने का दबाव बनाया। जिसके लिए पुरोहित तैयार नहीं हुआ। इस बात से नाराज सिपाही ने मण्डप में पुरोहित विवेक शुक्ल को लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। इसके मद्देनजर विश्व पुरोहित परिषद ने शनिवार को जेसीपी कार्यालय के गेट से ही शंख बजाते सिपाही को निलंबित करने की मांग की है। कहा कि सिपाही को बर्खास्त किया जाए। ऐसा नहीं होने पर पुरोहित परिषद आगे की रणनीति तय करेगा। विश्व पुरोहित परिषद के अध्यक्ष विपिन पांडेय, एडवोकेट कुलदीप पांडेय, पवन तिवारी अखंड, द्वारिका नाथ जी महाराज, ओम प्रकाश ओझा प्रदीप पांडे, सर्वेश शुक्ला, संदीप तिवारी, संदीप दीक्षित समेत कई पुरोहित उपस्थित रहे।

जेसीपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते विश्व पुरोहित परिषद के सदस्य। अमृत विचार

- जेसीपी कार्यालय पहुंचे पुरोहितों ने जताया विरोध

हिस्ट्रीशीटर ने पीड़ित को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पेशी पर आए हिस्ट्रीशीटर का वीडियो वायरल

अमृत विचार : पेशी पर आए अमीनाबाद थाने के हिस्ट्रीशीटर और कृष्णानगर व मानकनगर के गैंगस्टर ललित सोनकर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बदमाश पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी देते दिखाई पड़ रहा है। वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

दरअसल, अमीनाबाद थाने के हिस्ट्रीशीटर ललित सोनकर पर हत्या व हत्या के प्रयास समेत संगीन धाराओं में 19 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उस पर कृष्णानगर और मानकनगर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। शनिवार को ललित सोनकर पेशी पर आया था। जहां पीड़ित पक्ष को देखकर वह गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा।

ललित सोनकर

हिस्ट्रीशीटर की हरकत देख लोगों की भीड़ वहां उमड़ पड़ी। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर लोगों से बदसलूकी करने लगा। वहां खड़े एक शख्स हिस्ट्रीशीटर का वीडियो बना लिया। फिर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल हो रहे वीडियो में साफ तौर पर हिस्ट्रीशीटर की दबंगई दिखाई पड़ी है। उसकी दबंगई के आगे पुलिसकर्मी बेबस दिखाई पड़ रहे हैं।

भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर पिस्टल के साथ छात्र गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर चेकिंग के दौरान छात्र के बैग से बिना मैगजीन लगी अवैध पिस्टल बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, देवरिया के भटनी निवासी विश्वास पाण्डेय रायबरेली में रहकर बीए की पढ़ाई कर रहा हैं। विश्वास ने बताया कि वह अपने दोस्त के बहन की शादी में शामिल होने के लिए लखनऊ आया था। भूतनाथ स्थित एक होटल में ठहरा था। शुक्रवार रात विश्वास अपने एक दोस्त के साथ चारबाग जाने के लिए भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पहुंचा था। सामान की चेकिंग के दौरान मेट्रो के सुरक्षा कर्मियों को विश्वास के ट्राली बैग में रखे एक लेडीज बैग से बिना मैगजीन की 9 एमएम की एक अवैध पिस्टल मिली। मेट्रो के सुरक्षा अधिकारियों ने गाजीपुर पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ के दौरान विश्वास पिस्टल के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उसके बैग में पिस्टल कैसे आई उसे कुछ नहीं मालूम। उनका कहना है कि छात्र के बैग में पिस्टल कहां से आई इस बारे में जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

पत्नी को मायके छोड़ बोला तीन तलाक

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर थाने में एक महिला ने पति पर तीन तलाक दिए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक सुनील तिवारी के मुताबिक, खुर्रमनगर की रहने वाली महिला का निकाह वर्ष 2018 में लखीमपुर खीरी निवासी नूर आलम से हुआ था। आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। इस बीच दो बच्चों को जन्म दिया। विरोध करने पर शौहर ने उसे मायके में छोड़ दिया। हालांकि, परिवार के हस्तक्षेप पर वह मदयेगंज में पति के साथ रहने लगी। इस बीच महिला को पता चला कि पति के संबंध एक युवती से हैं। जो मदेयगंज स्थित घर भी आने लगी थी। विरोध करने पर पति ने मारपीट कर पत्नी को तीन तलाक देते हुए घर से भगा दिया था। मायके में रहने के दौरान ही एक दिन आरोपी ससुराल पहुंचा। जहां से बेटे और बेटी को जबरन ले आया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर महिला ने शौहर समेत सात पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुत्री पैदा होने पर पत्नी पर तेजाब फेंकने की दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष वालों पर गंभीर आरोप लगाए है। महिला का आरोप है कि बेटी के पैदा होती उसे यातनाएं झेलनी पड़ी। विरोध करने पर पति ने उसे चेहरे पर तेजाब फेंकने की भी धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, निजामपुर मल्हौर निवासी बेबी यादव की शादी वर्ष 2018 में बरेली जनपद के सीबीगंज थानाक्षेत्र के स्लीपर रोड लेबर कॉलोनी निवासी रोहित सिंह यादव उर्फ चन्दन से हुआ था। आरोप है ससुराल में वह घरेलू हिंसा का शिकार होने लगी। विरोध करने पर उसे जिंदा जलाने की भी कोशिश की गई। गर्भावस्था के दौरान ससुराल पक्ष के लोग बेटे की चाहत में थे, लेकिन बेटी के जन्म लेते ही उसकी मंशा टूट गई। इसके बाद पीड़िता को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। आरोप है कि नवम्बर 2022 में रोहित ने पत्नी और बेटे के चेहरे पर तेजाब फेंकने की भी धमकी दी। महिला का कहना है कि ससुराल वाले उसकी अबोध बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना कारित कर सकते है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुड़ा है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

समझौते से इंकार करने पर महिला पर चापड़ से हमला

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत न्यू हैदरगंज में जबरन समझौता करने का दबाव देते हुए दबंगों ने एक महिला पर चापड़ से हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, न्यू हैदरगंज की रहने वाली महिना ने पड़ोसी मो. मेराज, मो. सिराज, सायरा बानो उर्फ सन्नो, यासमीन और मो. इकबाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि पड़ोसियों के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके चलते आरोपी आए दिन उसके बदनाम करने की धमकी देते हुए समझौता करने का दबाव बनाते है। आरोप है कि गत 6 फरवरी को दोपहर ढाई बजे पड़ोसी उसे अपशब्द कहने लगे। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। बीच-बचाव में परिवारिक सदस्यों की भी पिटाई कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पड़ोसियों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सड़क पर पलटी पिकअप, तीन छात्राएं घायल

अमृत विचार, बीकेटी : इटौंजा थाना के अंतर्गत बेहड़ करौंदी गांव के निकट लखनऊ सीतापुर हाईवे शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में तीन छात्राएं गंभीर रुप से जख्मी हो गई। सूत्रों की मानें तों, इंटौजा के अर्जुनपुर गांव के प्राथमिकी विद्यालय में पढ़ने वाली सेंजल (09) सहेली कागज और आनमिका के साथ शनिवार को स्कूली की छुट्टी के बाद घर जा रही थी। इसी बीच बेहद करोड़ी गांव के समीप एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें तीनों छात्राएं दब गई। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ वहां पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने छात्राओं को निकालते हुए उन्हें बीकेटी के रामसागर मिश्र 100 शैय्या अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से उन्हें केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया। इंटौजा प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, पुलिस पिकअप चालक को हिरासत में लेते हुए वाहन को जब्त किया है।

17 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर क्राइम पुलिस ने 17लाख रूपये लोन तथा पीड़िता के दूसरे खाते से फर्जी चार पहिया वाहन फाइनेन्स कराकर धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को पीड़िता ने सूचना दी कि उसके नक्खास स्थित भारतीय स्टेट बैंक के खाते में कूटरचित, हस्ताक्षर बनाकर प्रार्थना पत्र देकर बैंक शाखा से नेट बैंकिंग सुविधा फुल ट्रान्जेक्शन राइट का अधिकार प्राप्त कर योनो एसबीआई एप के माध्यम से उनके एफडी पर 17लाख रूपये का ओवर ड्राफ्ट निकालकर साइबर अपराधी ने 17 लाख रूपये की ठगी की। पीड़िता के पति की मृत्यु सात वर्ष पूर्व हो चुकी है के नाम से फर्जी तरीके से चार पहिया वाहन फाइनेन्स कराकर निकाल लिया गया।

ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर थाने में औरंगाबाद जागीर निवासी वंदना पांडे ने पति अभिषेक तिवारी उर्फ राजा समेत छह लोगों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि ससुराल में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। वहीं, तालकटोरा थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष वालों पर गर्भपात कराए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कर्ज से परेशान फर्नीचर कारोबारी ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फंदे से लटकता मिला फर्नीचर कारोबारी का शव

अमृत विचार : गाजीपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत संजय गांधी कॉलोनी में कर्ज से परेशान फर्नीचर कारोबारी मनोज चौहान (38) ने शुकवार रात फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

प्रभारी निरीक्षक विकासराय के मुताबिक, संजय गांधी कॉलोनी निवासी मनोज चौहान की अकबरनगर में किराए पर फर्नीचर की दुकान थी। भाई मुकेश ने बताया कि व्यापार के लिए भाई ने कर्ज लिया था। कुछ दिन पूर्व मनोज को अकबरनगर की दुकान टूटने की सूचना मिली थी। जिसके बाद दूसरे जगह कर्ज लेकर दुकान खोल ली। आरोप है कि कर्ज और उसके चढ़ते ब्याज से मनोज परेशान रहने लगे। शुक्रवार रात मनोज खाना खाकर अपने कमरे में चले गए। रात करीब 12 बजे उनकी पत्नी ममता कमरे में पहुंची, तब उन्होने पति को रस्सी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। पति को फंदे से लटका देख ममता की चीख पड़ी। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग भी आ गए। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि अभी तक परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

जन्मशती पर केजी सुब्रमण्यन की प्रतिभा की याद दिला रहा है रवीन्द्रालय पर बना म्यूरल

अमृत विचार, लखनऊ : प्रख्यात कलाकार केजी सुब्रमण्यन की वर्ष 2024 में जन्मशती मन रही है। वह असाधारण प्रतिभा के कलाकार थे। रवीन्द्रालय लॉन में शनिवार को लखनऊ पुस्तक मेला शुरू हुआ तो इस मेले में आने वालों को यह बताना जरूरी लगता है कि लखनऊ आने वाले रवीन्द्रालय पर बने जिस म्यूरल की तरफ आकृष्ट होते हैं उसे केजी सुब्रमण्यन ने ही बनाया था। चित्रकार और क्यूरेटर भूपेन्द्र कुमार अस्थाना ने बताया कि केजी सुब्रमण्यन की जन्मशती वर्ष पर देश भर में कई महत्वपूर्ण कलात्मक गतिविधियां हो रही हैं इसी तत्वावधान में लखनऊ उत्तर प्रदेश में भी कलाकार सुब्रमण्यन को उनके द्वारा 1963 में रविंद्रालय पर बनाया गया महत्वपूर्व टेराकोटा म्यूरल किंग ऑफ़ द डार्क चेम्बर के माध्यम से याद कर रहे हैं। इस अवसर पर पुस्तक मेले में इस कलाकार और कलाकृति से जुड़ी जानकारियों को प्रदर्शित किया गया है। पुस्तक मेले के उद्घाटन समारोह में आये अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने भी इस म्यूरल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष कला जगत के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। पद्मविभूषण कल्पथी गणपति सुब्रमण्यन (के जी सुब्रमण्यन) (15 फरवरी 1924 – 29 जून 2016) का इस वर्ष जन्मशती वर्ष है। हम उनके असीम रचनात्मक प्रतिभा को याद करते हैं। हम गर्व महसूस करते हैं कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारबाग स्टेशन के सामने बने रवींद्रालय पर महत्वपूर्ण कलाकृति उन्होंने बनाई थी। यह भित्तिचित्र केजी सुब्रमण्यन के करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। रवींद्रनाथ टैगोर के नाटक किंग ऑफ द डार्क चैंबर पर आधारित यह टैगोर के लिए एक व्यक्तिगत श्रद्धांजलि है, जिन्होंने गांधी के साथ उनके जीवन और विचारों पर एक महान प्रभाव डाला था और सामान्य रूप से थिएटर और कला के कार्य पर एक रूपक बनाया था।

मानसिक विकार और निदान पर हुई सारगर्भित परिचर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सामाजिक संस्था दीप चैरिटेबल ट्रस्ट ने शनिवार को निरालानगर स्थित जेसी गेस्ट हाउस में मानसिक विकार और उसके निदान पर सारगर्भित परिचर्चा की। इसमें बताया गया कि व्यक्ति को पॉजिटिव सोच की कला सीखनी चाहिए। विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक प्रेरणा से व्यक्ति जल्दी स्वस्थ हो सकता है। समारोह में पंचायती राज विभाग की एग्जीक्यूटिव ऑफिसर स्वाति गुप्ता भी मौजूद रहीं।

संस्था के सचिव दीप प्रकाश के मार्गदर्शन में यह आयोजन दो सत्रों में हुआ। पहले सत्र में एमिटी विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर और मनोवैज्ञानिक प्रो. शिवाली ने रेशनल इमोटिव बिहेवियर थेरेपी (तर्कसंगत भावनात्मक व्यवहार थेरेपी) पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जीवन को एक अवसर की तरह देखना चाहिए। जब भी जीवन में दिक्कत आए तब हम अपने को सकारात्मक बनाएं और यह सोचते हुए काम करें कि हम हेल्दी कार्य कर रहे हैं। हमें हमेशा अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनोचिकित्सक की सलाह लेना कहीं भी यह साबित नहीं करता कि व्यक्ति मानसिक रूप से पागल है। यह एक स्वाभाविक चिकित्सकीय परामर्श मात्र होता है।

मौसम की मार आम के पुष्पों में भी कीट लगने की आशंका, छिड़काव करें किसान

आंधी-बारिश से दलहन, तिलहन और आलू को नुकसान

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बेमौसम बरसात और आंधी से ज्यादातर फसलों को नुकसान की आशंका है। अगैती गेहूं की फसल गिरने के अलावा आलू की खुदाई ठप हो गई है। अरहर, चना, मसूर और सरसों की फसलों को भी नुकसान बताया जा रहा है। आम के पुष्पन में कीट लगने की आशंका भी बढ़ गई है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों पर नजर रखने और कीटनाशक के छिड़काव की सलाह दी है।

कठवारा गांव के किसान नरेश सैनी ने बताया कि अगैती गेहूं की फसल की जल्ह ही सिंचाई की थी। बरसात और आंधी में फसल गिर गई है। चन्दनापुर गांव के किसान राम प्रकाश सिंह ने बताया कि इस समय आलू फसल की खुदाई चल रही। बरसात होने से खुदाई का काम रुक जाएगा। अगर और बारिश होती है तो फसल सड़ने की आशंका है। कठवारा गांव के आम बागवान राजा सिंह, राम कृपाल सिंह ने बताया कि आम के पेड़ों में पुष्पन शुरू हो गया है। इस समय बरसात होने से चूर्णी फफूंद (खर्रा रोग) और भुंनगा कीट लगने की आशंका बढ़ जाएगी।

बरसात व आंधी से गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार

कृषि विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस समय बरसात से ज्यादातर फसलों को नुकसान की आशंका है। बरसात से चना, मसूर एवं अरहर की फसलें भी प्रभावित होंगी। इन फसलों को इस समय अधिक तापमान की आवश्यकता होती है।

इन फसलों का रखें ध्यान

टमाटर, बैंगन, शिमलामिर्च, बींस, गोभी, खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा एवं पत्तागोभी फसलों का ध्यान रखने की आवश्यकता है। किसान समय-समय पर निगरानी करते रहें। बरसात से इन फसलों में बीमारी लगने की आशंका बनी रहती है।

किसान करें ये उपाय

चंद्रभानु गुप्ता कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह ने कहा कि आम के खर्रा रोग की रोकथाम के लिए कार्बन्डाजिम 12 प्रतिशत, मैकोंजेब 63 प्रतिशत, डब्ल्यू पी की 3 ग्राम मात्रा को 1 लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। आम के भुंनगा कीट की रोकथाम के लिए क्यूनालफांस 20प्रतिशत, साइपरमैथरिन 4 इसी की 1.5 एमएल मात्रा को 1 लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। कीटनाशक सदैव रजिस्टर्ड दुकान से खरीदें और घोल बनाते समय स्वच्छ पानी का प्रयोग करें। पहले से बने घोल का छिड़काव नहीं करें। छिड़काव करने समय मशीन के नांजेल की गति धीमी रखें। अधिक जहरीले कीटनाशकों का छिड़काव ना करें।

वाट्सएप पर डीजीपी की फोटो लगाने पर एफआईआर दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिरीक्षक प्रशांत कुमार की फोटो वाट्सएप पर डीपी लगाने की बात 21 फरवरी को सामने आई थी। दावा किया गया था कि लोगों को मैसेज भेजकर रुपये देने के लिए कहा गया है।

यूपी पुलिस के एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट किया गया था। बताया गया था कि डीजीपी के सरकारी और निजी नंबर पर वर्दी में फोटो नहीं लगाई गयी है। जबकि अज्ञात द्वारा वाट्सएप पर डीजीपी का फोटो लगाकर रुपये की मांग की जा रही है। अब इस मामले में दरोगा चेतन भरतद्वाज की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एक नजर

39 सीएचसी में डॉक्टर व फार्मासिस्ट के 78 पद सृजित

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों(सीएचसी) पर चिकित्सकीय सेवाएं और मजबूत होंगी। इसके लिए शासन द्वारा हर सीएचसी पर एक चिकित्सक और एक फार्मासिस्ट का पद सृजित कर, चिकित्सक व फार्मासिस्टों की संख्या बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसचिव पीयूष कुमार ने लखनऊ की तीन सीएचसी समेत कुल 39 सीएचसी के लिए 39 चिकित्साधिकारी व 39 फार्मासिस्ट के पद सृजित किये हैं।

संस्थानों में नई शिक्षा नीति समन्वयक होंगे नामित

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने अपने सभी संस्थानों को पत्र जारी कर एक नई शिक्षा नीति समन्वयक नामित करने का निर्देश दिया है। तीन दिनों के भीतर सभी संस्थानों को अपने एक फैकल्टी को नई शिक्षा नीति समन्वयक नामित कर सूचना यूजीसी और विश्वविद्यालय को देनी होगी। समन्वयक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए सहयोग करेंगे।

जल निगम में बढ़ेंगे 155 जूनियर इंजीनियर

अमृत विचार, लखनऊ : जल्द ही उप्र जल निगम(नगरीय) को 155 जूनियर इंजीनियर्स(जेई) की फौज मिलेगी। विभाग में 129 सिविल इंजीनियर और 26 जेई विद्युत की नियुक्ति होगी। 4200 ग्रेड पे के रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति के लिए शासन ने अधियाचन भेजने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

दो उच्च अधिकारियों में छिड़ी अधिकारों की जंग

खींचतान से स्वास्थ्य विभाग में कार्य हो रहे प्रभावित

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा संवर्ग के महानिदेशक प्रशिक्षण और आईएएस संवर्ग के निदेशक प्रशासन में अधिकारों को लेकर छिड़ी जंग चर्चा का विषय बन गई है। महानिदेशक प्रशिक्षण ने स्वयं के अनुमोदन के बाद ही कार्य होने के निर्देश दिये हैं, वहीं निदेशक प्रशासन (राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान उप्र.) ने दिसम्बर 2001 के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें सभी अधिकार प्राप्त हैं। महानिदेशक के पत्र से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल और निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति मे अधिकार क्षेत्र को लेकर टकराव शुरू हो गया है। महानिदेशक प्रशिक्षण ने गत 22 फरवरी को 14 सितंबर 2021 के शासनादेश का हवाला देते हुए निदेशक प्रशासन को पत्र लिखा है, जिसमें उन्हें निर्देशित किया है कि विभाग में सभी कार्य उनके अनुमोदन के बाद ही संचालित किए जाय। जवाब में अगले ही दिन 23 फरवरी को निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने स्पष्ट किया कि उन्हें 10 दिसम्बर 2021 को जारी शासनादेश के अनुसार उनके आदेश का अनुपालन उनकी बाध्यता नहीं है, साथ ही उनकी द्वारा कार्यो में हस्तक्षेप करना शासनादेश के विपरीत है, शासकीय कार्यो में विलंब व विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

मालूम हो कि महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य महानिदेशक और महानिदेशक परिवार कल्याण के बाद तीसरा महत्वपूर्ण पद है। महानिदेशक प्रशिक्षण के पास विभाग में पैरामेडिकल पाठयक्रमों के प्रशिक्षण के साथ ही चिकित्सकों के विभिन्न विषयों को लेकर प्रशिक्षण आदि की जिम्मेदारी रहती है। महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण संस्थान का मुखिया भी होता है। वहीं, निदेशक प्रशासन के पास चिकित्सकों में ग्रेड वन व दो के प्रशासकीय कार्य व स्थापना की जिम्मेदारी होती है। साथ ही, विभाग में मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के प्रशासकीय कार्य व स्थापना की जिम्मेदारी भी होती है।

▸▸ महानिदेशक प्रशिक्षण व निदेशक प्रशासन ने एक-दूसरे को लिखा जवाबी पत्र

शासनादेश में मिले अधिकारों को लेकर पत्र लिखा गया है। विभागीय कार्यो के प्रति महानिदेशक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी होती है। किसी भी विषय में नया शासनादेश जारी होने के बाद संबंधित पुराना शासनादेश स्वत: निष्क्रिय हो जाता है।

–डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल, महानिदेशक प्रशिक्षण उप्र.

14 सितंबर 2021 में जारी पत्र कार्यवृति है, शासनादेश नहीं है। शासनादेश में सरकार का निर्देश होता है, उसका अनुपालन जरूरी है। वर्ष 2001 के शासनादेश में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान को नोडल संस्थान बनाया गया है। ऐसे में सभी प्रशिक्षण केंद्रों का नियंत्रण उन्हें प्राप्त है।

–डॉ.राजा गणपति, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, उप्र व निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग

असली की तरह होगी कृत्रिम आंख

केजीएमयू के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले विशेषज्ञ व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : कृत्रिम आंख हूबहू असली आंख जैसी ही होती है। इसे देख कर बता पाना मुश्किल होगा कि यह असली है या नकली। आंखों की भौहें और पलकें सब असली जैसे दिखेंगे और झपकेंगी भी। इस दिशा में शोध कार्य भी चल रहा है। डॉक्टरों के इस अनूठे प्रयास से उन लोगों में उम्मीद की किरण जगी है जो किसी दुर्घटना या बीमारी के कारण अपनी आंखें खो चुके हैं।

केजीएमयू के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के एचओडी प्रो. पूरन चंद ने बताया कि कृत्रिम अंग को असली जैसा बनाने के लिए सभी उन्नत और नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसको लेकर केजीएमयू में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मैक्सियोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स पर आयोजित कार्यशाला में देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों को कृत्रिम आंखें बनाने, रंग मिलान और पलकें व भौहें बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रो. रघुवर दयाल सिंह ने बताया कि ब्लैक फंगस से पीड़ित रोगी के सर्जरी के बाद जटिल विकृति के मामलों में जबड़े और आंखें अलग-अलग बनाकर चुंबक से जोड़ दी जाती हैं। प्रो. सुनीत कुमार जुरेल ने कहा कि कृत्रिम आंख से मरीज की दृष्टि में सुधार नहीं होगा, बल्कि यह मरीज के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। प्रो. बालेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे पुनर्वास करने वाले प्रशिक्षित विशेषज्ञों की कमी है और हमारा लक्ष्य पूरे देश में ऐसी कार्यशालाएं और प्रशिक्षण शुरू करना है। इसका इलाज काफी महंगा होने के कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। केजीएमयू में यह इलाज न्यूनतम या बिना किसी शुल्क के किया जाता है। डॉक्टरों ने विभिन्न नैदानिक मामलों और नवीनतम तकनीकों पर वैज्ञानिक पोस्टर प्रस्तुति दी गई। इन सत्रों का मूल्यांकन विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम में प्रो. कमलेश्वर सिंह, प्रो. सौम्येन्द्र विक्रम सिंह, प्रो. शुचि त्रिपाठी, प्रो. जीतेन्द्र राव और प्रो. कौशल किशोर अग्रवाल ने किया।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

प्रदेश का पहला पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन सेंटर शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : श्वसन रोगियों की सुविधा के लिए किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पिरेरी मेडिसिन विभाग में पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन सेंटर की शुरुआत की गई है। शनिवार को सेंटर का लोकार्पण संस्थान की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने की। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि प्रदेश का यह पहला सेंटर है। यह श्वांस के रोगियों के लिए संजीवनी साबित होगा।

इस मौके पर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सूर्यकांत ने बताया कि विभाग में स्थापित यह सेंटर, सिप्ला फाउंडेशन के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत स्थापित एवं संचालित है। जिसमें सांस के रोगी जैसे- अस्थमा, सीओपीडी इंटरस्टीशियल लंग डिजीज या फिर टीबी के संपूर्ण इलाज के बाद भी जिनकी सांस फूलती है या परेशानी रहती है, ऐसे रोगियों को कुछ शारीरिक व्यायाम, पोषण सलाह तथा काउंसलिंग के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता और उनकी कार्य करने की क्षमता को बढ़ाने की कोशिश की जाती है। इसमें कुछ योग, व्यायाम, प्राणायाम, ध्यान की भी सलाह दी जाती है। इस पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन केंद्र में रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर पंजीकृत किया जाता है। उनकी काउंसलिंग के बाद उनको पोषण की सलाह दी जाती है। रोगी को प्रारंभ में केंद्र में आना पड़ता है और समय-समय पर आवश्यकता के अनुसार रोगी को ऑनलाइन सेशन के द्वारा भी प्रशिक्षित किया जाता है।

सेंटर के लोकार्पण के दौरान कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ श्वांस रोगियों का सेंटर में होगा संपूर्ण उपचार

देश में श्वांस रोग से संबंधित 10 करोड़ मरीज

डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि देश में करीब 10 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनकी अस्थमा, सीओपीडी, इंटरस्टीशियल लंग डिजीज या टीबी का पूर्ण उपचार होने के पश्चात भी सांस फूलती रहती है ऐसे रोगियों को दवाओं एवं इन्हेलर से पूरी तरह से आराम नहीं मिल पाता है। इन रोगियों के लिए शोध के द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन लाभप्रद है। इस पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन में सांस के रोगों के विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपिस्ट, डाइट काउंसलरए, सोशल वर्कर आदि की एक पूरी टीम की आवश्यकता होती है जो कि रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में मौजूद है जो जल्द ही प्रदेश के समस्त मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों को प्रषिक्षित करेगा जिससे कि इन मेडिकल कॉलेजों में भी श्वांस के रोगियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

लक्ष्य से कम टीकाकरण करने वाले अधिकारियों को फटकार

राज्य ब्यूरो , लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम में दिसम्बर 2023 तक कुल लक्ष्य का औसतन 96.45 प्रतिशत सफलता मिल चुकी है। कुछ जिलों ने टीकाकरण में 100 फीसदी लक्ष्य हासिल किया है, वहीं लक्ष्य से दूर रहे जिलों को लक्ष्य हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने टीकाकरण कार्यक्रम को और तेज करने के निर्देश दिये । अधिकारियों ने बताया कि 20 जिलों ने शत-प्रतिशत टीकाकरण हुआ है, जिसमें से टॉप जिलों में जिलों में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, अमरोहा, मऊ और सहारनपुर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जन्म के समय दिये जाने वाले हेपेटाइटिस बी. डोज का 71.21 प्रतिशत औसत, एमआर का 93.87 प्रतिशत और टीडी-10 का 99.69 औसत है। जोकि यह डाटा विभाग के एचएमआईएस पोर्टल पर दर्ज है। दूसरी तरफ, धीमी गति से टीकाकरण करने वाले ललितपुर, सिद्धार्थनगर, भदोही, जालौन और सोनभद्र जिलों में टीकाकरण की गति बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं। साथ ही छूटे बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने समेत डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक 27,85,207 शिशुओं में 19,83,224 शिशुओं को हेपेटाइटिस बी. की डोज दी जा चुकी है।

45 पदों के लिए सिर्फ 34 डॉक्टरों ने दिया साक्षात्कार

अमृत विचार, लखनऊ : मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर शहर में खुले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सरकारी डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए शनिवार को सीएमओ ऑफिस में वॉक-इन-इंटरव्यू(साक्षात्कार) आयोजित हुआ। 45 पदों के सापेक्ष महज 34 डॉक्टर ही साक्षात्कार में शामिल हुए। इससे 11 पद अभी भी रिक्त रह गए। सीएमओ के अधीन 52 हेल्थ पोस्ट सेंटर हैं। गली-मोहल्लों के लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने की कवायद शुरू हुई। लखनऊ में 100 से अधिक वेलनेस सेंटर खोले जाने हैं। सीएमओ मनोज अग्रवाल ने बताया जल्द ही दोबारा से साक्षात्कार कर शेष पदों पर भर्ती की जाएगी।

दो माह में मिले स्वाइन फ्लू के 25 मरीज

▸▸ मौजूदा समय में चार मरीजों का चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नए साल की शुरुआत से लेकर अब तक राजधानी में 25 मरीज स्वाइन फ्लू के मिल चुके हैं। जनवरी और फरवरी महीने में केवल एसजीपीजीआई के अंदर 24 लोग स्वाइन फ्लू से संक्रमित हुए हैं। यह सभी संक्रमित मरीज एसजीपीजीआई के कर्मचारी या फिर उनके परिवार वाले बताए जा रहे हैं। वहीं शुक्रवार को एक और नया मरीज स्वाइन फ्लू से पीड़ित मिला है। 33 वर्षीय युवक मौजूदा समय में अपोलो अस्पताल में भर्ती है। वर्तमान में कुल चार केस सक्रीय हैं। सभी मरीजों का चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है।

राजधानी में इस साल स्वाइन फ्लू के केस तेजी से बढ़ रहें है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दो महीने के भीतर 25 मरीज स्वाइन फ्लू से पीड़ित मिले है। राहत की बात यह है कि मौजूदा समय में स्वाइन फ्लू से पीड़ित इन मरीजों में से 21 मरीज पूरी तरीके से ठीक हो चुके हैं। हालांकि, एसजीपीजीआई में 24 लोग स्वाइन फ्लू से संक्रमित होना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है।

वहीं शुक्रवार को राजधानी में एक नए मरीज में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। यह मरीज मूल रूप से प्रतापगढ़ का रहने वाला है। गोमतीनगर की एक निजी कंपनी में वह जॉब करता है। उल्टी और पेट दर्द की शिकायत पर मरीज के परिजनों ने अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां जांच के बाद स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। वहीं, सीएमओ डॉक्टर मनोज अग्रवाल का कहना है कि खांसी और पेट दर्द की शिकायत स्वाइन फ्लू के लक्षणों को स्पष्ट नहीं करते है। अपोलो अस्पताल से पूरी जानकारी मांगी गई है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

स्वाइन फ्लू के लक्षण

मांशपेशियों में दर्द होना, सूखी खांसी, उल्टी, दस्त या मतली होना, ठंड लगना, थकान और बुखार होना, गले में खराश, सांस फूलना, या सिरदर्द होना स्वाइन फ्लू के आम लक्षण हैं।

घबराएं नहीं, पांच दिनों में हो जाएंगे ठीक

सीएमओ का कहना है कि इस बार का स्वाइन फ्लू आम फ्लू जैसा ही है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। पुष्टि होने पर डॉक्टरो की सलाह पर दवा का सेवन करें। बताए गए प्रोटोकॉल का पालन करें।

पीजीआई का दावा, बीते सालों के समान है आंकड़ा

स्वाइन फ्लू को लेकर एसजीपीजीआई की ओर से दावा किया गया है कि, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। अब तक के आंकड़े बीते दो सालों के समान ही हैं। संस्थान के निदेशक प्रो .आरके धीमन ने बताया कि जनवरी-फरवरी महीने में स्वाइन फ्लू के 200 संदिग्ध मरीजों का सैंपल लिया गया था। इनमें से 27 मरीज संक्रमित मिले। यह मरीज लखनऊ और आसपास के जिलों के थे। सभी मरीज स्वस्थ हैं। निदेशक का कहना है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा वायरल श्वसन संक्रमण के मामलों में कमी आएगी।

टाटा मोटर्स के 70 कर्मियों ने किया रक्तदान

अमृत विचार, लखनऊ : डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के रक्त कोश विभाग के सहयोग से शनिवार को देवा रोड स्थिति टाटा मोटर्स प्लांट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्त कोश विभाग के प्रभारी डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि यह शिविर टाटा समूह के संस्थापक जमशेद के जन्मदिन के अवसर पर लगाया गया था। जिसमें टाटा मोटर्स के 70 कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

शव रोके जाने के मामले में निजी अस्पताल पर शिंकजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मड़ियांव के भिठौली स्थित निजी अस्पताल पर बकाया बिल के लिए बच्चे के शव को रोके जाने के आरोप में सीएमओ ऑफिस की तरफ से नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

लखीमपुर खीरी के रहने वाले कालीचरण के बेटे सत्यम (8) की तबियत खराब होने पर उसे मड़ियांव के भिठौली स्थित बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां 24 फरवरी को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। आरोप है कि बकाया बिल के लिए शव को रोक लिया गया। मामले की शिकायत उप मुख्यमंत्री के कार्यालय में की गई। जहां से कॉल आने पर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया

आरोप बेबुनियाद: इस मामले में अस्पताल संचालक रोहित सिंह का कहना है कि बच्चे के परिजन मौके पर नहीं थे। उनके रिश्तेदार शव को ले जाना चाहते थे। नियमों का हवाला देकर उन्हें शव नहीं दिया गया था। उन्हीं रिश्तेदारों ने ही अस्पताल को बदनाम करने के लिए मामले को तूल दिया। बच्चे के घर वालों ने लिख कर दिया है कि उन्हें कोई शिकायत नहीं है। इसकी जानकारी सीएमओ ऑफिस को भी दी जा चुकी है। वहीं, डिप्टी सीएमओ डॉ. एपी सिंह का कहना है कि अभी जांच प्रचलित है। अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

अक्षम प्रोस्टेट मरीजों में भी होगी यूरोलिफ्ट सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रोस्टेट ग्रंथि पीड़ित वो पुरुष जो उम्र या अन्य किसी वजह से तकनीकी रूप से सर्जरी नहीं करा सकते हैं,उनके लिए यह खबर राहत देने वाली है। ऐसे मरीजों के लिए लोहिया संस्थान में यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो.ईश्वर राम धायल द्वारा यूरोलिफ्ट सर्जरी (सिस्टोस्कोपी) की सुविधा शुरू कर गई है। इस तकनीकी में पेशाब के रास्ते इंप्लांट को प्रोस्टेट के चारो तरफ प्रत्यारोपित कर दिया जाता है, और सामान्य रूप से बिना रूकावट पेशाब होने लगती है।

सर्जरी करने वाले डॉ.ईश्वर राम धायल ने बताया कि प्रोस्टेट की समस्या के कई मरीज होते हैं, निदान के लिए सर्जरी की आवश्यकता होती है, मगर शारीरिक दिक्कतों की वजह से सर्जरी संभव नहीं होती है। ऐसे मरीजों को इस आधुनिक तकनीक से समस्या से छुटकारा मिल सकता है। उन्होंने बताया कि यूरोलिफ्ट सर्जरी वास्तव में सर्जरी नहीं है, इसमें कोई चीरा या कट नहीं लगाया जाता है। पेशाब के रास्ते विशेष उपकरण द्वारा अंदर इंप्लांट पहुंचाते हैं और प्रोस्टेट के दोनो तरफ इंप्लांट को प्रत्यारोपित किया जाता है। जिसके बाद पेशाब बिना रूकावट आने लगती है। विभागाध्यक्ष ने बताया कि प्रोस्टेट के साइज पर इंप्लांट की संख्या निर्भर करती है, करीब 40 ग्राम की ग्रंथि में करीब तीन से चार इंप्लांट प्रत्यारोपित करने की जरूरत होती है। इस तकनीक में सर्जरी के बाद कैथेटर भी नहीं डालना पड़ता है, मरीज सामान्य दिनों की भांति दिन चर्या व्यतीत करने लगता है।

सर्जरी करने वाली लोहिया संस्थान की टीम : लोहिया संस्थान में इस तकनीक से पहली बार शुक्रवार को लंदन से डॉ.राजेश कविया के निर्देशन में डॉ.ईश्वर राम धायल द्वारा दो मरीजों में सर्जरी संपन्न हुई। सर्जरी के दौरान डॉ.आलोक श्रीवास्तव, डॉ.संजीत सिंह, डॉ.प्रशांत चौहान व डॉ.स्मारिका मिश्रा शामिल रहीं।

पीएम का वाराणसी से चुनाव लड़ना गर्व की बात: मुख्यमंत्री योगी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार वाराणसी से लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि प्रधानमंत्री को दोबारा देश की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी से लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनने पर 25 करोड़ प्रदेश वासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने कहा कि यह काशी समेत पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

नौजवानों को रोटी-रोजगार से वंचित करने के लिए पेपर लीक हो रहे : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई बड़ी है। भाजपा साजिश, छल-छद्म और झूठ की राजनीति के सहारे सत्ता पर काबिज होने के लिए छटपटा रही है। नौजवानों को रोटी-रोजगार से वंचित करने के लिए पेपर लीक का खतरनाक खेल जारी है। सपा प्रमुख शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कुप्रचार से लोगों के सोच विचार को भी प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जैसा दाना, वैसा गाना का माहौल बन रहा है। तमाम संस्थानों और माध्यमों पर आरएसएस के लोगों को बिठाया जा रहा है। अर्थव्यवस्था की हकीकत पर पर्दा डाला जा रहा है और झूठे आंकड़ों के बल पर विकसित भारत का भ्रम फैलाया जा रहा है।

सत्यपाल मलिक को प्रत्याशी बना सकती है सपा

अमृत विचार,लखनऊ: समाजवादी पार्टी जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को प्रत्याशी बना सकती है। बताया जा रहा है कि सत्यपाल मलिक और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच इस सिलसिले में बातचीत हुई है।

सूत्रों के अनुसार सपा प्रमुख ने सत्यपाल मलिक को अलीगढ़ सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। मलिक 1989 में अलीगढ़ से सांसद रह चुके हैं। इसे जाटलैंड में सपा को मजबूत करने का प्रयास बताया जा रहा है। मालूम हो कि इंडिया गठबंधन के तहत अलीगढ़ सीट सपा के खाते में गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष बनीं रेखा लाठ

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय समिति ने शनिवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के लिए वर्ष 2024 – 26 सत्र के लिए नई समिति के नामों की घोषणा की। रेखा लाठ को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। उनके अलावा शालिनी सिंघल को उपाध्यक्ष, अनुराधा बंसल को सचिव और मधु लाठ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष रेखा लाठ ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन निरंतर समाज और अपने सदस्यों की भलाई के लिए कार्य करता रहेगा।

कब्जा खाली न कराने पर लेखपाल को लगाई फटकार

पांच तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस पर 483 शिकायतें आईं, 89 का किया गया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अवैध रूप से किया गया कब्जा न हटवाने पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सख्त नाराजगी जताई और लापरवाही करने वाले लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्ट देने का आदेश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस पर पांचों तहसील में 483 शिकायतें आईं और 89 का निस्तारण किया गया।

मंडलायुक्त ने सरोजनीनगर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतें सुनीं। शिकायतकर्ता बृजेश सिंह ने कहा कि लेखपाल अभिषेक गुप्ता को चकमार्ग पर अवैध रूप से किया गया कब्जा खाली कराने के लिए कई बार शिकायत पत्र दिए, मगर सुनवाई नहीं हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके प्लाटिंग करने वाले भू-माफिया और संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता मनोज कुमार ने प्रार्थी की जमीन पर भू-माफिया एवं प्रधान प्रतिनिधि से पट्टे की भूमि को कब्जा मुक्त करने और कब्जे दिलाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि प्रार्थी की जमीन की पैमाइश कराकर तत्काल कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि पैमाइश संबंधित प्रकरणों में अनावश्यक रूप से विलंब करने और कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों को निलंबित किया जाए। दूसरी ओर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने मलिहाबाद तहसील में लोगों की समस्याएं सुनीं।

सरोजनीनगर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

संपूर्ण समाधान दिवस पर मलिहाबाद तहसील में समस्याएं सुनते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

- पैमाइश संबंधी प्रकरणों में अनावश्यक रूप से विलंब करने पर संबंधित अधिकारियों को किया जाएगा निलंबित : मंडलायुक्त
- सरोजनीनगर तहसील में मंडलायुक्त व मलिहाबाद में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

कुल 71 प्रकरण में 23 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया। उन्होंने बताया कि तहसील सदर में 38 में 9, तहसील बीकेटी में 144 में 34 और तहसील मोहनलालगंज में 120 में 17 प्रकरण का निस्तारण किया गया। जिले में पुलिस 56, राजस्व एवं पुलिस संयुक्त 7, राजस्व 251, विकास 26, शिक्षा 05, समाज कल्याण 20, चिकित्सा 3 तथा अन्य 95 प्रार्थना पत्र आए।

एक साल बाद भी नहीं मिला पारिवारिक योजना का लाभ

अमृत विचार, मलिहाबाद : डीएम सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 71 फरियादी पहुंचे। जिसमें 23 का मौके पर निस्तारण हो गया। नगर पंचायत के मोहल्ला चौधराना निवासी अनवर अली ने 2022 में आवेदन करने के बाद भी वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत की। मोहम्मदनगर रहमतनगर की विधवा शकीला ने एक साल बाद भी पारिवारिक लाभ योजना का लाभ न मिलने की शिकायत की। सैमसी निवासी मुन्नालाल ने कुछ ग्रामीणों पर शीशम के पेड़ काटने, गाली गलौज करने और पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया। अंत्योदय कार्ड धारक ग्राम कसमंड़ी खुर्द निवासी मो सईद ने आयुष्मान कार्ड न बताने की शिकायत की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को टिकट मिलने पर महानगर कार्यालय के बाहर आतिशबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

राजधानी से राजनाथ को टिकट मिलने पर व्यापारियों ने जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा द्वारा शनिवार को जारी की गई प्रत्याशियों की पहली सूची में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लखनऊ से प्रत्याशी बनाए जाने पर व्यापारियों ने खुशी जताई है। आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने पदाधिकारियों के साथ खुशी मनाते हुए मिष्ठान वितरित किया। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महामंत्री व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक से प्रत्याशी बनाए जाने पर भी भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया। वहीं, उतर प्रदेश सिंधु सभा और भारतीय पंजाबी समाज के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से लखनऊ से राजनाथ सिंह के चुनाव लड़ाने पर भाजपा नेतत्व का आभार व्यक्त किया है।

सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, महामंत्री श्याम कृष्नानी, सुरेश छबलानी, संजय जसवानी, अनिल बजाज, अमित तलवार, सुनील कालरा ने हर्ष जताया। जीत का फासला इस बार दोगुना होगा। लखनऊ व्यापार मंडल की ओर से भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने संगठन की ओर से सांसद को हार्दिक बधाई दी। कहा कि राजनाथ तीसरी बार फिर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज कर इतिहास बनाएंगे।

देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दें सुझाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संकल्प पत्र सुझाव के तहत 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा लोगों से सुझाव लेगी। उत्तर प्रदेश में संकल्प पत्र सुझाव अभियान 28 फरवरी से शुरू होगा और 15 मार्च तक चलेगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उक्त बातें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहीं। उन्होंने कहा कि पार्टी का मानना है कि आगामी सरकार की रूपरेखा तय करने के लिए जो संकल्प पत्र चुनाव में जारी किया जाएगा, वह जन आकांक्षाओं और उनके सुझावों के अनुरूप होना चाहिए।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जनता के समक्ष सुझाव मांगने के लिए पेटिकाएं लेकर गली मोहल्लों में जनसंपर्क करेंगे। जिसके लिए पार्टी संकल्प पत्र सुझाव अभियान लखनऊ महानगर से शुरू हो रहा है। लोकसभा चुनाव में पार्टी जो संकल्प पत्र जारी करेगी, उसके लिए अपने सुझाव दें।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में एलईडी प्रचार वाहन जाएंगे और छोटी-छोटी सभाएं भी होंगी। मिस कॉल नंबर (9090902024) पर एवं नमो एप के माध्यम से भी सुझाव दर्ज दिए जा सकते हैं। प्रेस वार्ता के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल और मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने सुझाव पेटिका में सुझाव पत्र डालकर अभियान की शुरुआत की।

संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य। अमृत विचार

- 28 फरवरी से 15 मार्च तक चलेगा संकल्प पत्र सुझाव अभियान

राजनाथ को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लखनऊ संसदीय सीट से पुनः टिकट मिलने पर पार्टी कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों पर थिरके। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपाई महानगर कार्यालय में जमा हुए और जश्न मनाते हुए जमकर आतिशबाजी की। मिठाई भी वितरित की। इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, महानगर उपाध्यक्ष विवेक सिंह तोमर, घनश्याम अग्रवाल, अभिषेक खरे, मानवेंद्र सिंह, हिमांशु सोनकर, अमित त्रिपाठी और अनुराग साहू आदि मौजूद रहे। वहीं, दूसरी ओर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों, एनजीओ और व्यापारिक संगठनों ने भी हर्ष जताया और सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं दीं।

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की इस दौरान दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। अमृत विचार

ओमप्रकाश राजभर का पुतला बनाकर की शोक सभा

अमृत विचार, लखनऊ : 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित आरक्षित वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों ने शनिवार को इको गार्डन में ओमप्रकाश राजभर का पुतला बनाकर शोक सभा का आयोजन किया। कुछ अभ्यर्थियों ने रोते बिलखते हुए कहा कि ओमप्रकाश राजभर चाचा का जमीर मर गया। अभ्यर्थियों ने बताया कि ओमप्रकाश राजभर ने अपने एक बयान में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को अपशब्द बोलते हुए कहा था कि यह सभी लात खाने के योग्य हैं। आंदोलन नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि राजभर जब तक विपक्ष की भूमिका में थे हमारी बातों को प्रमुखता से उठते थे। भाजपा के साथ जाने के बाद से अभ्यर्थियों को लात खाने योग्य बताकर संबोधित कर रहे हैं।

उस्ताद अमीर खान की पुण्यतिथि पर हुई संगीत संध्या

अमृत विचार : पद्मभूषण उस्ताद अमीर खान की 50वीं पुण्यतिथि पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में संगीत संध्या हुई। इसमें जयपुर से आईं प्रख्यात गायिका अश्विनी भिड़े देशपांडे ने अपनी गायकी से समां बांध दिया। उन्होंने पं. विनोद लेले (तबला) और विनय कुमार मिश्र (हारमोनियम) की संगत में शानदार प्रस्तुति दी। आयोजन भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय और लखनऊ बायोस्कोप ने किया। मुंबई में अश्विनी भिड़े ने बायोकैमिस्ट्री में करियर छोड़कर संगीत को पहले प्यार के रूप में चुना। वह प्रतिष्ठित भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र मुंबई विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट हैं।

योजनाओं के प्रचार-प्रसार में करें सोशल मीडिया का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ लोकसभा संचालन समिति की बैठक में तय हुई कार्य योजना

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बैठक कर 37 समितियों के संयोजकों को दायित्व सौंपे। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सोशल मीडिया का प्रयोग करने को कहा गया।

भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से शनिवार को लोकसभा संचालन समिति एवं विधानसभा संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सभी को कड़ी मेहनत से काम करते हुए जीत दिलानी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि संचालन समितियां राज्य एवं केंद्र की जनकल्याण की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। पार्टी की ओर से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बस्तियों में जाकर संपर्क किया जा रहा है।

संचालन समिति संयोजक एलएमसी मुकेश शर्मा ने कहा कि पिछले चुनाव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगभग साढ़े तीन लाख मतों से जीत हासिल की थी। इस बार जीत के अंतर को और बढ़ाना है। बैठक को मेयर सुषमा खर्कवाल और भाजपा महानगर एवं लोकसभा संचालन समिति के मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने भी संबोधित किया।

भारतीय भाषाएं अमूल्य धरोहर : अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय भाषाओं और साहित्य के प्रति संवेदनशील बनाने, पढ़ने और लिखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शनिवार को सेंट मैरी इंटर कॉलेज में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। संचालन अल्का उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा के ज्ञान से हम सभी देश की प्रगति में सहयोग करेंगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत तिलका, वि०ख० –कटरा बाजार – गोण्डा

पत्रांक :– मेमो दिनांक: – 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य सुभानअल्ला के घर से किशोरी के घर तक सी0सी0रोड निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे– ईंट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : – 04–03–2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं

नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदध को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि– 05–03–2024

अभिषेक सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत तिलका, वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा, पिन–271503

तहरून, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत तिलका, वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा, पिन–271503

कार्यालय ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा, वि०ख० –कटरा बाजार – गोण्डा

पत्रांक :– मेमो दिनांक: – 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य इरसाद के घर से इब्राहिम के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे– ईंट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : – 04–03–2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं

नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदध को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि– 05–03–2024

पूजा भारती, सचिव, ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा, वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा

तहरून, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा, वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा

कार्यालय ग्राम पंचायत देवकलिया, विकास खण्ड देवा–बाराबंकी

पत्रांक मेमो– ग्रा0 पं0 वि0 कार्य–2023–024 दिनांक– 02/03/2024

अल्पकालीन निविदा टेंडर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवकलिया, विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023 – 024 में पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

1 – इंटरलाकिंग से रंजीत के घर तक व सीसी रोड से गुड्डू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य

स्वीकृत लागत – 1.64 लाख

भट्ठा ईंट, इंटरलांकिंग ईट,सीमेंट , मौरंग, बालू, लोकल बालू आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 17/03/2024 को खुलेगा।

नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत हैं।

(1).प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।

(2).सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।

(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।

(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

फूलमती, प्रधान — यशवंत सिंह, सचिव

ग्राम पंचायत देवकलिया, विकास खण्ड देवा बाराबंकी

कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा बहराइच

पत्रांक: 661 / न0पा0नान0 / जी0आई0एस0 सर्वे/ई–टेण्डर/2023–24 दिनांक 02–03–2024

ई–टेण्डिरिंग GIS सर्वे निविदा

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से नगर पालिका परिषद नानपारा के राज्य वित्त आ0 के अन्तर्गत स्वीकृत 01 कार्य नगर सीमा के अन्तर्गत समस्त आवासीय / अनावासीय भवनों पर गृहकर व जलकर निर्धारण / पुर्नकर निवारण, डोर टू डोर सर्वे व जी0आई0एस0 मैपिंग कार्य की निविदा ई–टेण्डिरिंग के माध्यम से दिनांक 08.03.2024 समय 02: 00 तक आमन्त्रित की जा रही है निविदा सूचना दिनांक–02.03.2024 को प्रात: 11: 00 बजे से दिनांक 08.03.2024 को अपरान्ह 02: 00 बजे तक ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त फर्मे उपरोक्त निधि से ही ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। दिनांक–08.03.2024 को समय 04.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा में हार्ड कापी जमा करना होगा जो कि उसी दिनांक–08.03.2024 को सांय काल अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा के समक्ष खोली जायेगी।

(रंग बहादुर सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नानपारा बहराइच

(अब्दुल वहीद) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा बहराइच

सार-संक्षेप

हथेलियों पर उभरा लखनऊ, बनारस व ताजमहल

अमृत विचार, लखनऊ : संगीत नाटक अकादमी में चल रहे दस्तक फेस्टिवल के दूसरे दिन युवा प्रतिभाओं ने तमाम प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। पोस्टर प्रतियोगिता से शुरुआत हुई तो फेस पेंटिंग तक चली गई। युवा कलाकारों ने पोस्टर पर पर्यटन स्थलों को बड़ी कुशलता से उभारा। कार्टून, मेंहदी और फेस पेंटिंग में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। स्टैंडअप कामेडी शनिवार को यहां विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी। तुषार, उपासना, आदर्श और स्वाति ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी, राजीव और मेडयुसा ने निर्णायक के रूप में इन प्रतिभाओं को परखा। निर्णायकों ने इन युवा प्रतिभाओं से कहा कि हमें दूसरों पर हंसने से पहले खुद पर हंसना आना चाहिए। एकल गायन प्रतियोगिता के निर्णायक सफीना खान, महिंदर पाल और गायिका निधि ने गायन के प्रतिभागियों की प्रतिभा को परखा। प्रतिभागियों ने कबीर के गीतों के जरिये बराबरी और दोस्ती पर बात की। मेंहदी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने अपनी हथेलियों पर लखनऊ, वाराणसी और आगरा का ताजमहल अंकित कर प्रशंसा बटोरी। प्रतियोगिता में सबीहा अहमद और सरिता जायसवाल निर्णायक रहीं। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रीति तिवारी, अमृत सिन्हा, रोजी दुबे और ऋचा तिवारी बतौर निर्णायक मौजूद रहीं। स्ट्रीट थियेटर में केकेसी के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें भारतेन्दु कश्यप, मृदुला भारद्वाज और राघवेन्द्र सिंह निर्णायक के रूप में मौजूद रहे। रविवार को दस्तक फेस्टिवल के अंतिम दिन फोटोग्राफी, फिल्म, न्यूज़ रिपोर्टिंग, समूह गायन और समूह नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी। शाम को 4 बजे से पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

पढ़ने से मिला ज्ञान जीवन भर रहता है साथ : महेश गुप्ता

अमृत विचार, लखनऊ : रवीन्द्रालय लॉन में शनिवार की शाम लखनऊ पुस्तक मेला शुरू हुआ। साहित्य, कला और संस्कृति की थीम पर आधारित इस पुस्तक मेले का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर महेश गुप्ता ने कहा कि पढ़ने की आदत कभी छोड़नी नहीं चाहिए क्योंकि किताबें पढ़ने से जो ज्ञान मिलता है, वह जीवन भर साथ रहता है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अखबार और किताबें केवल मतलब के लिए पढ़ती है, वह इसे अपनी आदत नहीं बना रही। आदत बनेगी तो पढ़ने का संस्कार अगली पीढ़ी को हस्तांतरित होगा। ज्योति रतन के संचालन में हुए उद्घाटन समारोह में आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने पुस्तक मेले की लगभग ढाई दशक की यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि हमारा प्रयास रहता है कि हर बार देश भर से नए–नए प्रकाशकों को बुलाएं। मेले में आने वाले सरकारी प्रतिष्ठानों में प्रमुख प्रतिभागियों में प्रकाशन विभाग, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज नई दिल्ली, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ इंडिया कोलकाता हैं। साहित्य कला संस्कृति को समर्पित इस पुस्तक मेले में मंच पर पुस्तक विमोचन, साहित्य चर्चा, काव्य पाठ, कहानी वाचन तथा बच्चों व युवाओं के कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र बनेंगे। मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि मेले में स्थानीय लेखकों की पुस्तकों के लिए भी एक स्टाल है। 10 मार्च तक रोजाना पूर्वाह्न 11 बजे से रात नौ बजे तक यह पुस्तक मेला चलेगा। सुरभि कल्चरल ग्रुप ने शैलेंद्र सक्सेना के संयोजन, देवेंद्र यादव जीतू व पायल सोनी की मौजूदगी, डॉ. मालती राय शर्मा की अध्यक्षता में रुद्राक्ष सिंह, अर्चना, जया सिंह, विदुषी शुक्ला, अनाया गौतम, गुनगुन कौर, शिक्षा अग्रवाल, क्रिस्टल आदि ने मोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर धुन बंजारा के बसंत बहार फागोत्सव में मंजू श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना की। विमल पंत, पद्मा गिडवानी ने गीत गाये।

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में प्रियंवदा फाउंडेशन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या पर तबला वादन करते अराध्य प्रवीण, साथ में अन्य। अमृत विचार

आराध्य प्रवीण के तबला वादन पर मुग्ध हुए श्रोता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रियंवदा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम संस्कृति के रंग-संगीत के साथ कार्यक्रम में कलाकारों ने बेहतर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

शनिवार को गोमती नगर स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में पं. रविनाथ मिश्र के होनहार शिष्य उदीयमान तबला वादक आराध्य प्रवीण का एकल तबला वादन देखते व सुनते ही बना। तबले पर उनकी थाप व अंगुलियों की थिरकन ऐसी थी कि लोग वाह-वाह करते दिखे। आराध्य के साथ हारमोनियम पर आगरा से आये शैलेश भारती ने संगत की।

प्रख्यात शास्त्रीय गायक प्रवीण कश्यप ने शास्त्रीय गायन के जरिए लोगों को बांधे रखा। डॉ. सुनील पावगी का शास्त्रीय गिटार वादन भी दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रहा। उनके साथ पं. रविनाथ मिश्र ने तबले पर शानदार संगत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविनाथ मिश्र ने कहा कि संगीत ऐसी कला है जो इंसान को सुखद जीवन तो देती ही है। साथ ही उसे जिंदादिल इंसान भी बनाती है।

उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति संगीत में रम जाता है वह ईश्वर के करीब पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि जिसने तेरी नजर को देख लिया, उसको दुनिया नजर नहीं आती। कार्यक्रम में लखनऊ दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र, आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे, एआरटीओ (प्रशासन) अखिलेश द्विवेदी, प्रियम्वदा की चेयरपर्सन गरिमा मिश्रा, योगेश मिश्रा और प्रणव अग्निहोत्री की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

कार्यालय ग्राम पंचायत सेहरिया कला, वि०ख–कटरा बाजार – गोण्डा

पत्रांक :– मेमो दिनांक: – 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य मेन सड़क से प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण तक इन्टरलाकिंग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे– ईंट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : – 04–03–2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं

नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदध को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि– 05–03–2024

सुधांशु वर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत सेहरिया कला, वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा

कमरुलनिशा, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सेहरिया कला, वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा

कार्यालय ग्राम पंचायत कुसुम्भा विकास खण्ड देवा–बाराबंकी

पत्रांक मेमो– ग्रा0 पं0 वि0 कार्य–2023–024 दिनांक– 02/03/2024

अल्पकालीन निविदा टेंडर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुसुम्भा विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023 –024 में पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

1 – आंगनबाड़ी केंद्र कुसुम्भा का मरम्मत कार्य

स्वीकृत लागत – 3 लाख

भट्ठा ईट, इंटरलाकिंग ईट,सीमेंट , मौरंग, बालू, लोकल बालू आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 17/03/2024 को खुलेगा।

नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत हैं।

(1).प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।

(2).सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।

(3).सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा

(4). जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

फूलमती, प्रधान — यशवंत सिंह, सचिव

ग्राम पंचायत कुसुम्भा , विकास खण्ड देवा बाराबंकी

कार्यालय ग्राम पंचायत तिलका, वि०ख० –कटरा बाजार – गोण्डा

पत्रांक :– मेमो दिनांक: – 28/02/2024

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित कार्य कुकुरभुकवा में सुरेन्द्र के घर से मोतीलाल के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे– ईंट, सीमेन्ट, गिट्टी, मौरंग, बालू, ईट रोड़ा, स्था0 बालू इत्यादि सामानों से आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक : – 04–03–2024 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं

नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदध को लेकर किसी भी प्रकार का अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।

निविदा खुलने की तिथि– 05–03–2024

अभिषेक सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत तिलका, वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा, पिन–271503

तहरून, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत तिलका, वि0ख0–कटरा बाजार – गोण्डा, पिन–271503

सामुदायिक केंद्रों से समाज कल्याण विभाग करेगा कमाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग सामुदायिक केंद्रों के जरिए अपनी आय बढ़ाएगा। प्रदेश के 10 जिलों में 31 सामुदायिक केंद्र निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इन केंद्रों को विवाह समेत अन्य समारोहों में किराए पर दिया जाएगा।

विभाग ने आजमगढ़, मुजफ्फरनगर, सिद्धार्थनगर, चन्दौली, बस्ती, जौनपुर, मीरजापुर, संतकबीर नगर, गोरखपुर और सहारनपुर के गांवों में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। इनके निर्माण पर लगभग 2101.94 लाख रुपये खर्च होंगे। प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने उक्त जानकारी दी।

अंतर डिस्काम क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

अमृत विचार, लखनऊ : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम सोमवार से 49वीं अंतरडिस्काम एवं परियोजना ट्वेंटी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इसका फाइनल सात मार्च को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश बिजली विभाग से जुड़ी नौ टीमें हिस्सा ले रही हैं।मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के क्रीड़ा सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता ट्वेंटी-20 फार्मेट में लाल गेंद से खेली जाएगी। प्रतियोगिता में पिछली विजेता हरदुआगंज और उपविजेता पश्चिमांचल (मेरठ) के अलावा दक्षिणांचल (आगरा), मेजबान मध्यांचल (लखनऊ), पूर्वांचल (प्रयागराज), केस्को (कानपुर), परिछा/पनकी (झांसी), ओबरा और अनपरा की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

एक नजर

आईटीआई-पॉलीटेक्निक में लगेंगी मशीन

अमृत विचार, लखनऊ : आईटीआई और पॉलीटेक्निक को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर फंड) से विकसित कराया जाएगा। सीएसआर फंड से छात्रों के लिए मशीनें उपलब्ध कराने के साथ बालक-बालिकाओं के लिए शौचालय बनवाया जाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बक्शी का तालाब और गोरखपुर आईटीआई जर्जर अवस्था में हैं। मोहान रोड स्थित पॉलीटेक्निक की स्थिति भी गड़बड़ है। बताया कि एचएएल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और नोएडा की एक कंपनी से बात चल रही है। इस माह या नए वित्तीय वर्ष में पचास लाख से एक करोड़ रुपये मिलने की संभावना है। सीएसआर फंड से मिलने वाली राशि से आईटीआई और पालीटेक्निक में नई मशीनें लगवाई जाएंगी, क्योंकि तीनों जगह पर काफी पुरानी मशीनें लगी हैं। साथ ही अन्य विकास कार्य भी कराए जाएंगे।

पुनर्वास विवि के वीसी बने संजय सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : प्रो. संजय सिंह को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। अगले पांच सालों तक वे इस पद पर बने रहेंगे। राज्यपाल ने एक पत्र के जरिए यह आदेश जारी कर दिया है। प्रो. संजय सिंह अभी तक डॉ. भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति थे। पिछले महीने कुलपति के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। प्रो. संजय सिंह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आईआईटी में भी कार्यरत रहे हैं। प्रो. संजय फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। आईआईटी बीएचयू के बाद उन्हें डॉ. भीमरॉव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के रुप में नियुक्त किया गया था।

क्राफ्टी पाम और मुलीगेटर्स ने दर्ज की शानदार जीत

अमृत विचार, लखनऊ : आरएस नन्दा और जेपीएस सियाल की जोड़ी ने लखनऊ गोल्फ लीग में शनिवार को निर्णायक मुकाबले में शानदार खेल दिखाया और क्राफ्टी पाम को शानदार जी दिलाए। विजयी जोड़ी पांचवें एवं निर्णायक मुकाबले में शालीमार स्ट्राइकर के सुदीप लूथरा और सुनील बोरा की जोड़ी को हराकर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। आज खेले गए अन्य मुकाबलों में वेलनेस वॉरियर्स और मुलीगेटर्स ने भी जीत दर्ज की। लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जा रही इस लीग में क्राफ्टी पाम के विवेक तोमर और ऋषि धवन ने अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी थी। इसके बाद शालीमार के देवेश गुप्ता और रोहन बाम्बी एवं अजय दीक्षित और संजय मदान की जोड़ियों ने युगल मुकाबले जीतकर 2-2 के स्कोर के साथ अपनी टीम की खेल में वापसी कराई। सियाल और नन्दा की जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए निर्णायक मुकाबले में क्राफ्टी पाम के खाते में एक शानदार जीत दर्ज की।

दृष्टिबाधित छात्राओं ने किया हर किसी को मुग्ध

अमृत विचार, लखनऊ : अमर शहीद पथ स्थित अवध शिल्प ग्राम में चल रहे दिव्य अनुभूति मेले में शनिवार को दृष्टिबाधित छात्राओं ने राम भक्त ले चला राम की निशानी भक्ति गीत पर प्रस्तुत देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के बाल पर यह साबित किया कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है।मेले के दूसरे दिन स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने झूमर-झूमर, देश रंगीला-रंगीला, बच्चे मन के सच्चे और नानी तेरी मोरनी को चोर ले गए, बाकी जो बचा था काले चोर ले गए पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1783 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2023–24/ दिनांक 01/03/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण नामान्तरण का आधार
1	श्री खूबचन्द्र पुत्र मोहनलाल	श्री दशरथ उर्फ दशरथ प्रसाद पुत्र मिखुवा उर्फ रामसेवक	दीवानपुरा –I	13	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी

पत्रांक : 1760/लेखा/रा0औ0प्र0बेलहरा/2023–24 दिनांक 02.03.2024

नीलामी नोटिस

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नीलामी नोटिस संख्या–1708/लेखा/प्रक्षेत्र–बेलहरा/आम फसल बहार–नीलामी/2023– 24/दिनाँक–22 फरवरी, 2024 के द्वारा राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र बेलहरा, बाराबंकी में वर्ष 2023–24 की आम फसल बहार की नीलामी प्रक्षेत्र प्रांगण में दिनाँक–11 मार्च, 2024 को अपरान्ह 2:00 बजे की जायेगी। रू0–10000.00 (रुपया दस हजार मात्र) अर्नेस्ट मनी जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है। विस्तृत जानकारी प्रभारी, राजकीय प्रक्षेत्र बेलहरा एवं कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, विकास भवन, बाराबंकी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

महेश कुमार श्रीवास्तव
जिला उद्यान अधिकारी,
बाराबंकी।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अमौली– फतेहपुर

पत्रांक–3022/राज्यवित्त/ टेण्डर / 2015 – 204 /दिनांक– 01/3/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड अमौली फतेहपुर के अर्न्तगत वर्ष 2023–24 में राज्यवित्त योजना के अर्न्तगत क्षेत्र पंचायत अमौली फतेहपुर की निम्नलिखित परियोजना को कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से दिनांक– 09.03.2024 को अपरान्त 02: 00 बजे तक सीलबन्द निविदा / टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है जो उसी दिन अपरान्ह 4: 00 बजे खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय कक्ष में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थिति निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 02.03.2024 से 08. 03.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10: 00 बजे अपरान्ह 02:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मात्र 500 / रू0 नकद शुल्क जमाकर प्राप्त किये जा सकते हैं समयावधि समाप्त होने के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओ पर किसी प्रकार का विचार नही किया जायेगा ।

क्र0 सं0	योजना का नाम	कार्य का विवरण स्थल सहित	कार्य की लागत लाख रू0 में	जमानत धनराशि ला0 में	समग्री आपूर्ति की अवधि
1	राज्य वित्त	जदूपुर मे मेन रोड से कोटेदार के घर तक सी0सी0 रोड	8.80	0.18	04 माह
2	राज्य वित्त	डिघरूवा के रूसिया मे रामकुमार के घर तक तालाब तक सी0सी0 रोड	8.90	0.18	04 माह
3	राज्य वित्त	दामोरपुर मे मेन रोड से भोला पटेल के टयूबेल तक सी0सी0 रोड	7.40	0.15	04 माह
4	राज्य वित्त	सरहन खुर्द में मेन रोड से बीरेन्द्र पुत्र शिवप्रसाद के घर तक सी0सी0 रोड	8.50	0.17	04 माह
5	राज्य वित्त	मवई में मेन रोड से गौशाला तक सी0सी0 रोड	9.10	0.18	04 माह
6	राज्य वित्त	कापिल में कपिलेश्वर मन्दिर से संजय तिवारी के घर तक सी0सी0 रोड मरम्मत	7.10	0.14	04 माह
7	राज्य वित्त	सैठी में भोला के टयूबेल से सर्वेश के टयूवेल तक सी0सी0 रोड	7.90	0.18	04 माह

नियम व शर्ते

1– टेण्डरदाता कार्य स्थल का पूर्व से भलीभांति परीक्षण कर लें बाद में कोई तथ्य मान्य नहीं होगा ।
2– न्यूनतम दर वाली फर्म का टेण्डर / निविदा स्वीकार की जायेगी कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नही किया जायेगा ।
3 – स्वीकृत निविदा के साथ 100 / रू0 के स्टाम्प पेपर पर 01 / रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षरयुक्त अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
4 – निविदादाताओं को निविदा के साथ 02 प्रतिशत् जमानत धनराशि सावधिक जमा फर्म के नाम जो खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में बन्धक होगी जमा किया जायेगा । अस्वीकृत फर्म की जमानत धनराशि टेण्डर खुलने के बाद अधिकतम एक माह मे बन्धक मुक्त कर दी जायेगी । टेण्डर स्वीकृत के पश्चात् स्वीकृत फर्म को 8 प्रतिशत् अतिरिक्त जमानत धनराशि जमा करनी होगी अथवा प्रथम बिल से कटौती कर ली जायेगी कार्य पूर्ण होने के 06 माह पश्चात् अवर अभियन्ता की कार्य की गुणवत्ता रिपोर्ट के पश्चात् वापस की जायेगी।
5– शासकीय नियमानुसार सभी करो की कटौती की जायेगी। ठेकेदार को सभी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने होगें।
6– निधारित समय पर कार्य पूर्ण न होने पर अर्थदण्ड देना होगा ।
7– निविदा दाता को किसी भी निर्माण विभाग से पंजीकृत होना चाहिए ।
8–स्वीकृत फर्म द्वारा कोई भी कार्य कराते हुए कार्य स्थल पर होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए सम्पूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा।
9–निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री मानक एवं गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए अन्यथा भुगतान नहीं किया जायेगा ।
10–निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत कराने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

अवर अभियन्ता
आर0ई0डी0

खण्ड विकास अधिकारी
अमौली– फतेहपुर

कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, लखनऊ मण्डल लखनऊ।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रवि शंकर पाण्डेय पुत्र श्री राजाराम संस्था–माता मंशा देवी मन्दिर समिति, ग्राम–अख्त्यारपुर, पोस्ट–गंगादासपुर, तहसील–सफीपुर, जिला–उन्नाव के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसाइटीज रजि0 अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीयन शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में सिरिदिन पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है

क्र0 सं0	नाम/पिता/पति का नाम	पता	पद
1	श्री रवि शंकर पाण्डेय पुत्र श्री राजाराम	ग्राम–अख्त्यारपुर गौरी मऊ, पोस्ट गंगादासपुर, जिला–उन्नाव	अध्यक्ष
2	श्री जय कुमार पाण्डेय पुत्र श्री गणेश शंकर पाण्डेय	335, इन्द्रानगर, जिला–उन्नाव	उपाध्यक्ष
3	श्री अखिलेश कुमार पुत्र जगदीश नारायण मिश्रा	50, इन्द्रानगर, फतेहपुर चौरासी, जिला उन्नाव	महामंत्री
4	श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री रूप नारायण	ग्राम–अख्त्यारपुर गौरी मऊ, पोस्ट गंगादासपुर, जिला–उन्नाव	मंत्री
5	श्री श्याम जी पुत्र श्री रामकुमार वर्मा	इन्द्रानगर, फतेहपुर–84, जिला–उन्नाव	कोषाध्यक्ष
6	श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र श्री महाराज पाल सिंह	शेरपुर अछिरछा, फतेहपुर–84, जिला उन्नाव	सदस्य
7	श्री राम गोपाल पुत्र श्री राम सहाय पाण्डेय	ग्राम–गौरी नऊ, पोस्ट गंगादासपुर, जिला–उन्नाव	सदस्य

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना, प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा0 रजि0 अधि0 1860 की धारा 3(1) के परन्तु के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

डिप्टी रजिस्ट्रार

कार्यालय ग्राम पंचायत बैजवारी, विकासखंड रेउसा सीतापुर

पत्रांक : मेमो/15वां वित्त/ राज्य वित्त /निविदा प्रपत्र/2023–24 दिनांक : 28.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से 14वीं वित्त/ राज्य वित्त योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित कार्य कराने हेतु क्षेत्र के ईट भट्ठा स्वामीयों एवं अन्य सामग्री विक्रेताओं के निम्न विवरण के अनुसार निर्माण सामग्री के आपूर्ति हेतु दिनांक 5. 3.2024 को शाम 5.00 बजे तक दरें निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं निविदा प्रपत्र दिनांक 28.2.2024 से दिनांक 4. 3.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाहन 11.00 बजे अपराह्न 1.00 बजे तक निर्धारित शुल्क नगद भुगतान करके सचिव ग्राम पंचायत बैजवारी से प्राप्त किया जा सकते हैं निविदा दाता भट्ठा स्वामी आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अपनी मोहर बंद निविदा दिनांक 4.3.2024 को शाम 6.00 बजे तक ग्राम पंचायत प्रधान अथवा सचिव के पास व्यक्तिगत से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती है प्राप्त निविदाएं दिनांक 5. 3. 2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वाह्न 11.30 बजे निविदा दाताओं की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी निविदा के साथ जीएसटी पंजीकरण पैन कार्ड तथा 10 रुपए के स्टांप पेपर पर फोटो सहित सब घोषणा पत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो संलग्न करना होगा निविदा प्रपत्र पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा ऊपरी लेखन मान्य नहीं होगा निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा सामग्री की दरों में लदाई उतराई हुआ ढुलाई भाड़ा तथा आयकर एवं व्यापार कर सहित शामिल होगा बिना कारण बताएं किसी भी निविदा को स्वीकृत करने का अधिकार प्रदान अथवा सचिव ग्राम पंचायत बैजवारी को होगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा फार्म भरना होगा।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलन के अनुसार कार्य का प्रकार	प्राक्कलित लागत	सामग्री आपूर्ति की धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	सुरेश के घर से जगदीश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	निर्माण कार्य	187600	148898	200

जिस टेंडर दाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर में स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का 02 प्रतिशत जमानत /धरोहर की धनराशि का एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 जो प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव के पक्ष में बन्धक होगा जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

राज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव
बैजवारी राम कली, प्रधान
ग्राम पंचायत बैजवारी, विकासखंड रेउसा सीतापुर

कार्यालय नगर निगम अयोध्या

पत्रांक 1100/न0नि0अयो0/2023 दिनांक 01.03.2024

अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना

निविदा खरीदने की तिथि	दिनांक 06.03.2024 को प्रात: 10:30 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक
निविदा बॉक्स में डालने की तिथि	दिनांक 07.03.2024 को प्रात: 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह 02.30 बजे

क्रमांक	कार्य का नाम	स्वीकृत आगणन धनराशि जी0एस0टी0 सहित	स्वीकृत निविदा धनराशि जी0एस0टी0 सहित	जमानती धनराशि	निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित	कार्य समाप्त करने की अवधि	मद का नाम	सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि
1	निषादराज वार्ड में मैहर माता मंदिर के पीछे सार्वजनिक शौचालय एवं दुर्गा माता मंदिर के पीछे सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत का कार्य	325491.27	275840.06	27600.00	413.00	30 दिन	एस0बी0एम0 / स्थानीय अपस्थापना निधि	15.02.2024
2	महात्मा गांधी वार्ड में जालपा नाला से हनुमान मन्दिर तक ह्यूम पाइप डालने का कार्य।	770098.97	652626.25	65300.00	944.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	26.02.2024
3	झारखण्डी वार्ड में रामपथ से शिव मन्दिर से होते हुए श्री वृजेन्द्र बहादुर सिंह एवं राकेश गौड के मकान के समीप छतिग्रस्त नाली एवं पुलिया की मरम्मत को कार्य।	254974.00	216079.00	21700.00	354.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	26.02.2024
4	लक्ष्मी सागर वार्ड के मोहल्ला मे पं0 कृष्ण कान्त के मकान से पवन मेडिकल स्टोर के निकट तक नाली मरम्मत एवं सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य।	382409.00	324075.66	32500.00	472.00	30 दिन	नगर निगम निधि	06.02.2024
5	आचार्य नरेन्द्र वार्ड में बाल्दा मे सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत कार्य।	343304.36	290935.90	29100.00	413.00	30 दिन	नगर निगम निधि	24.02.2024
6	ई–आटो चार्जिग (देवकाली अण्डरपास के समीप) गाटा संख्या 607, 608 मे समतलीकरण हेतु मिट्टी भराई का कार्य।	180894.00	153300.00	15400.00	236.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना निधि	24.02.2024
7	आचार्य नरेन्द्रदेव वार्ड में कुजा मलिन बस्ती में सार्वजनिक शौचालय मरम्मत का कार्य।	298859.27	253270.57	25400.00	354.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना निधि	22.02.2024
8	विक्रमादित्य वार्ड में गोकुल पैलेस रामपथ से बब्लू सरदार के मकान तक एवं मिक्कू सिंह के मकान से गजल टेलर्स के मकान तक नाली का निर्माण कार्य।	558849.00	473600.50	47400.00	708.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना निधि	24.02.2024
9	अशफाक उल्ला खा वार्ड के अलगडा मोहल्ले में राजेन्द्र यादव के मकान से मिश्रा जी के मकान तक सिविल लाइन में ऋषि के घर के सामने नाली का निर्माण तथा बसंत हाता सिविल फार्मेसी मेडिकल पुलिस लाइन में विनोद सिंह रोडवेज कालोनी में विनय सिह के घर के पास क्रॉसिंग निर्माण कार्य।	319648.00	270887.80	27100.00	413.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	24.02.2024
10	सुनाषचन्द्र बोस वार्ड के मोहल्ला लाजपत नगर में अविनाश अवस्थी के मकान से शकर जी के मन्दिर तक नाली व डॉ राजेश, किसान गील स्टोर के पास क्रासिंग का निर्माण कार्य।	162484.00	137698.00	13800.00	236.00	30 दिन	नगर निगम निधि	22.02.2024
11	राममनोहर लोहिया वार्ड के मोहल्ला शोलापुरी में अभिषेख श्रीवास्तव के मकान से एस0एस0बी0 इण्टरकालेज के गेट के आगे तक नाला निर्माण कार्य।	957501.66	811442.09	81200.00	1180.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	11.12.2023
12	राममनोहर लोहिया वार्ड के मोहल्ला शोलापुरी में बब्लू के मकान से रामपथ तक नाला निर्माण कार्य।	996005.06	844072.09	84500.00	1180.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	11.12.2023
13	मगल पाण्डेय वार्ड के चोक बाजार में कोतवाली के पीछे पेशावधर एव चौम्बर व नाली निर्माण कार्य।	140643.00	119189.20	12000.00	177.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	17.02.2024
14	शहीद अब्दुल हमीद वार्ड के कश्मीरी मोहल्ला में विजय शकर श्रीवास्तव के मकान से मस्जिद तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य।	981286.99	831599.15	83200.00	1180.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	26.02.2024
15	अश्वनीपुरम वार्ड के माहल्ला सरस्वतीपुरम में आकाश श्रीवास्तव के मकान से ज्ञानमति श्रीवास्तव के मकान तक एवं बेल के पेड़ तक इण्टरलाकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	939825.33	796462.15	79700.00	1121.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	26.02.2024
16	महात्मा गायी वार्ड में गुरुकुल स्कूल से उदया चौराहा तक ह्यूम पाइप डालने का कार्य।	789141.22	668763.75	66900.00	944.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	26.02.2024
17	शहीद अब्दुल हमीद वार्ड के मोहल्ला राठहवेली में श्री रजा मंजिल के मकान से आश्रय हीन कालोनी तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य।	935069.64	792431.90	79300.00	1121.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना / निगम निधि	26.02.2024
18	कबीरनगर वार्ड के मोहल्ला ओमपुरम कालोनी में नीता देवी के मकान से अकित के मकान तक इण्टरलाकिग रोड व नाली निर्माण कार्य।	376047.00	318683.66	31900.00	472.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना निधि	19.09.2023
19	कबीरनगर वार्ड के मोहल्ला अंजनीपुरम में श्री हरिशंकर सिंह के मकान से श्री रामतेज के मकान तक नाली निर्माण कार्य।	297675.00	252264.40	25300.00	354.00	30 दिन	स्थानीय अवस्थापना निधि	19.09.2023

नोट :– सामान्य निविदा सम्बन्धी नियम व शर्त पूर्ववत् रहेगी। किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर0 पी0 एच0, कानपुर

अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

1. ई0 निविदा सं0– 46 / कान्श0 / 2023–24, विवरण– Replacement of Jarjar / Damaged 11 kV VCB of 33/11 kV Benajhabar, 33/11kV Zoo Sub-Station under EUDD- Nawabganj and H-Block Subsation under Kidwai Nagar Div., 33/11 Kv Mahabalipuram and 33/11 Nankari sub-station under Kalyanpur Div. Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 12,600 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03. 2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 12.57 (कर अतिरिक्त)।

2. ई0 निविदा सं0– 47 / कान्श0 / 2023–24, विवरण– Replacement of 11 kV VCB Panel at 33/11 kV Sub-Station RTO, Sarvodaya Nagar, Namak Factory and Naveen Nagar under EUDDD-Sarvodaya Nagr, and Nawabganj Div. Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 9,100 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 1180 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03. 2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 9.04 (कर अतिरिक्त)।

3. ई0 निविदा सं0– 48 / कान्श0 / 2023–24, विवरण– Replacement of Damage UG Cable and Rising of height of Pole in various location Bansmandi chauraha to Aloomandi Sub Station and Rawatpur Crossing DP to Gol Chauraha DP Feeder AL1 emanating from 132 kV Sub-Station (Trns.) Azad Nagar under EUDD-Aloomandi, Meeta Sarai Feeder from 132 kV to Riser Pole and Meeta Saria Switch Yard to Riser Pole under EUDD- Dada Nagar, Azad Nagar, Mod to KESCo. Vikas Nagar at 33 kV SY1 & SY2 feeder and Sarvodaya Nagar 1 & 2 near Hotel DNG Grand Gurdev Chauraha Under Eudd- Sarvodaya Nagar of Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 17,300 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय– 12.03.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 17.26 (कर अतिरिक्त)।

4. ई0 निविदा सं0– 49 / कान्श0 / 2023–24, विवरण– Installation of New Line Isolator with Structure at 33/11 kV Substation Cycle Market, GIC, Deputy Ka Padav, Afeem Kothi and Dada Nagar under Electricity House, Aloomandi and Dada Nagar, Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 29,200 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय– 12.03.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 29.17 (कर अतिरिक्त)।

5. ई0 निविदा सं0– 50 / कान्श0 / 2023–24, विवरण– Installation of Busbar System to Provide Alternate Arrangement of 33 kV Supply to Power Transformer in Case of Fault of 33 kV Indoor Panel and Replacement of Isolator in Sarvodaya Nagar, Namak Factory, Naveen Nagar Sub Station under EUDD-Sarvodaya Nagar, Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 12,500 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540 / – (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03. 2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 15.10 (कर अतिरिक्त)।

उपरोक्त ई0 निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई0 टेन्डरिंग वेब साईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेब साईट पर ही उपलब्ध होंगी। ई–निविदाओं में निर्धारित ई–निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0– 7723508014 आई0एफ0एस0सी0–IDIB000K587 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।

अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)
पत्रांक 303 / वि0नि0ख0(के0) का0 / टी0–2
दिनांक 02.03.2024
''राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचाए''

आयुर्वेदः आयु का विज्ञान

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ व्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योग गुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रूचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यो चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17 वीं सदी के आसपास हुआ। एच.एस.मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई.पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डा. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एम.आर. आई. सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवन शैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूवात जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।" फिर रोगों का कारण बताते हैं" इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।" रोगों से बचने के लिए जीवन शैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहिन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।" कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, "रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।"

आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड एफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आंकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकंलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यों भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाईबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती है। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिविडो'-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत् संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

शब्द अमृत भी और विष भी

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मकथाओं,किंवदंतियों और साहित्य में मणिधारी सर्पों का जिक्र किया जाता है। धारणा है कि इन सर्पों की मणि बहुत लाभप्रद होती है और यह मणि जिसे मिल जाती है,वह तत्काल अत्यंत धनी हो जाता है। इस तरह की बातों को लेकर अलग-अलग धारणा है। विज्ञान जगत फिलहाल इसे स्वीकार नहीं करता है।

मणिधारी सर्प की इस धारणा को गहराई से देखा जाए और सर्पों को यदि दरकिनार कर मणिधारी जीव में मनुष्य के जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो यह बात मानव जगत के लिए सही बैठती है। सर्पों के लिए धारणा है कि वे कंठ में मणि रखते हैं और उसे जब बाहर निकालते हैं तो उस मणि से प्रकाश तथा चमक निकलती है। इसकी जगह मनुष्य अपने कंठ से मृदु शब्द जब बोलता है तो वह भी किसी मणि से कम नहीं होता। उसकी भी चमक होती है जबकि कटु वचन जहर की तरह ही होता है।

प्राचीन ग्रंथों में बहुत सारी कथाएं मनुष्य जीवन को ही दृष्टि में रखकर प्रचलित हुई हैं। कोई साहसी व्यक्ति है और उन विपरीत परिस्थितियों से जूझ जाता है जिससे सामान्य लोग घबराते हैं तब उसकी बहादुरी की तुलना शेर से की जाती है। इसी के साथ हिंसक तथा निर्दयी व्यक्ति की भी तुलना हिंसक पशुओं से की जाती है। इसी के साथ सुंदरता की तुलना भी पशु-पक्षियों से होती है। आंख अच्छी है तो खंजन और मृग से,चलने की तुलना हंस की चाल से होती है। इसके अलावा भावनाओं के मामले में भी उदाहरण के तौर पर लगातार प्रयास करने के मामले में कौए से,ध्यान लगाने की तुलना बगुले से और नींद के मामले में कुत्ते से तुलना की गई है। इसके अलावा भी ढेरों उदाहरण पशु-पक्षियों से तुलना के संदर्भ में गिने जा सकते हैं।

दरअसल ब्रह्मांड में जो भी व्याप्त है,वह मनुष्य शरीर में विद्यमान है। सूरज, चांद, सितारे, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पशु-पक्षी आदि की शक्ति मनुष्य में विद्यमान है। कुछ पशु ऐसे हैं,जो बच्चे को जन्म देते हैं तो अपना दुग्ध पान मानव बच्चे की तरह कराते हैं। जबकि चिड़िया, तोता, कौआ, कोयल आदि पक्षी बच्चे को सीधे जन्म नहीं देते,बल्कि अंडे के रूप में देते हैं और अपने पंखों के स्पर्श से उन अंडों में जान डालते हैं। मानव के बच्चे को भी मां, पिता और परिवार जनों की मानसिक ऊर्जा मिलती है। इस तरह यह बिल्कुल सही है कि जो ब्रह्मांड में है वहीं मनुष्य पिंड में है।

इन सारी बातों के आधार पर यह धारणा बनी कि मनुष्य चाहे तो मणिधारी सर्प के रूप में अपनी जिह्वा से मधुर शब्दों का प्रयोग कर अकूत लाभ प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की जिह्वा किसी सर्प से कम नहीं है। प्रायः अलग-अलग समय पर अलग-अलग विरोधास्पद बात करने वाले को दोमुंहा सांप की ही संज्ञा दी जाती है। मनुष्य के लिए ही 'आस्तीन का सांप' मुहावरा प्रचलित है। इसके अलावा सद्गुणों से रहित इंसान को पशु समान ही कहा गया है। यह पूरी तरह सच है कि जीवन में वाणी का बहुत ही महत्व है। वाणी के मधुर शब्द वीणा के तारों से झंकृत होकर निकले संगीत की तरह लगते हैं। जबकि कठोर,छिद्रान्वेषण, चुगली आदि के शब्दों से व्यक्ति का महत्व कम होता है।

प्राचीन समय के राजाओं-महाराजाओं के दरबारों में बातचीत के लहजे से ईनाम आदि मिलने की बात तो कही ही जाती है, पर आधुनिक जीवन में देखा जाए तो बातचीत का लहजा ही बताता है परवरिश हुई है या सिर्फ पाले गए हैं। घर-परिवार, समाज, कार्यालय, न्यायालय तक में जिस भी व्यक्ति के बात का तरीका जितना उत्तम होता है, उसकी सुनवाई उतनी ही अधिक ही होती है। इसलिए शब्दों को खूब तौल कर बोलना चाहिए ताकि वह मणि बन जाए न कि जहर।

देवभावना का स्रोत है मानव मन

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है।

अज्ञात और अनंत ब्रह्मांड में अपने को समायोजित करने के लिए मनुष्य ने अपनी भावनाओं, संवेदनाओं, मान्यताओं, कल्पनाओं और विचारों के ताने-बाने से बुनकर विश्वास प्रणाली के रूप में अपने लिए एक मानसिक-कवच तैयार किया है और उस मानसिक -कवच से सुरक्षा की भावना और जीवन की शक्ति प्राप्त की है।

इस जिंदगी में जहां कदम-कदम पर सामाजिक और प्राकृतिक विपदाएं, कठिनाइयां, प्रतिकूलताएं और कष्ट हैं तथा कदम-कदम पर रक्षा की समस्या है, यह विश्वास प्रणाली मनुष्य की एक जीवनी शक्ति "डूबते को तिनका का सहारा" बन जाती है। विपदा में धैर्य का हेतु बन जाती है। जहां कहीं और जब कभी मनुष्य अपने को परास्त अनुभव करता है,वहीं मन के अज्ञात स्तरों से कोई रहस्यमयी शक्ति उसे आश्वस्त करती है, वह उसका विश्वास या अंतर्निहित भाव ही है। उस विश्वास या अंतर्निहित भाव से मनुष्य ब्रह्मांड में सर्वत्र एक दिव्य शक्ति का आभास पाता है। यह अंतर्निहित भाव ही देवता का मूल कारण है। संस्कृत में कहावत है- देवाः भावस्तु कारणम्!

अवश्य ही यह देवभावना हार की मनः स्थिति से जन्म लेती है, परंतु उसका कार्य विजय प्राप्त करना होता है। जब मन देवता को आत्मसमर्पण करता है तब वह अवश्य ही निरीह ही प्रतीत होता है, परंतु उसकी जीवनयात्रा इस विश्वास शक्ति के संबल से ही पूर्ण होती है आशा और विश्वास इस देव-भावना का सार तत्व है। यह देवता की ही शक्ति है, जो गहन संकटों में उसे सहारा देती है तथा अत्याचारी एवं बर्बर शक्ति के सामने भी तनकर खड़ी हो जाती है। विराट परिवेश में दुखों और कष्टों के बीच मन को सहारा देने वाले इस सुरक्षा कवच अर्थात् विश्वास प्रणाली को लोकमन धर्म के रूप में स्वीकार कर लेता है। मनुष्य का मन जहां अपनी भौतिक-शारीरिक शक्ति की सीमा देखता है, वहीं से उसके मन में यह देव भावना प्रारंभ हो जाती है। अपनी भौतिक शारीरिक शक्ति की क्षतिपूर्ति मनुष्य अपने मन की अज्ञात स्तरों से रहस्यमयी मनोवैज्ञानिक या आंतरिक शक्ति के रूप में "दिव्य शक्ति की परिकल्पना" के द्वारा प्राप्त करता है। इस परिकल्पना को मन की क्षति-पूरक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। सामाजिक समायोजन के लिए देव भावना में एक नैतिकता का आधार है कि वह ईश्वर या देवता मूल्य विरुद्ध आचरण करने वाले पापी को दंड देता है तथा सामाजिक पुण्य का आचरण करने वाले को पुरस्कार दे देता है। यह देवता कंस, रावण, शिशुपाल, जरासंध जैसे असुरों राक्षसों और दैत्यों का वध करता है तथा संतों-भक्तों या निर्बल के ऊपर अनुग्रह करता है। हिरण्यकशिपु के सामने ईश्वर प्रह्लाद के साथ रहता है और सुरुचि के सामने ईश्वर ध्रुव के साथ रहता है। कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है। अहंकार, ममता और स्वार्थ के सामने वह सदा समाज हित, प्राणि मात्र के हित और परमार्थ के साथ खड़ा है। दुर्योधन और दुःशासन के सामने वह द्रौपदी के साथ खड़ा है। देवभाव,अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, हिंसा, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध है। क्षमा, सत्य, विनय, अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति की सामाजिक शक्तियों का आश्रय देवभाव में है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि देव भाव में मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों के प्रवाह का सहज मार्ग है। लोकमन देवता से सौभाग्य सुख की कामना करता है-पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगता है, भय से निवारण की अभिलाषा करता है, विजय की इच्छा करता है, धन संपत्ति वैभव विलास के वरदान की कामना करता है। देवभाव मंगल का केंद्र है। देव भावना में रति सिसृक्षा, तृष्णा, प्रभुता, गौरव आदि मूल प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। शास्त्रों में जितने भी स्तोत्र मंत्र आदि हैं,सबके साथ फल श्रुति के रूप में इन मूल प्रवृत्तियों को हम देख सकते हैं। अमुक कथा सुनने से सौभाग्य मिलता है, अमुक व्रत करने से पुत्र प्राप्त होता है, अमुक यज्ञ करने से राज्य लाभ होता है, अमुक देवता को पूजने से प्रभुता प्राप्त होती है। अमुक स्तोत्र पढ़ने से लक्ष्मी प्राप्त होती है, धन मिलता है। यह मूल प्रवृत्तियां ही तो हैं।

देवभाव की संरचना में मानवमन का प्रतिबिंब सर्वत्र देखा जा सकता है। वह देवता निर्गुण निराकार है या सगुण साकार है, साकार में भी वह किसी अन्य प्राणी के रूप में है या मानव शरीर में, वह प्रत्येक रूप में मानव मन है, जो प्रसन्न होता है तो कृपा करता है, प्रसन्न होने पर वरदान देता है और अप्रसन्न होने पर अनिष्ट कर देता है।

यह बिल्कुल मानवीय स्वभाव है, क्योंकि देवभावना का स्रोत ही मानव मन है। देवभाव में मानव मन का होना नितांत स्वाभाविक ही है। इतना ही नहीं, देव भावना पारिवारिक परिवेश के अनुकरण पर आधारित भी है। देवता माता और पिता है- तुम्हीं हो माता, पिता तुम्हीं हो। माता-पिता का यह भाव हमें अपने पारिवारिक परिवेश से ही प्राप्त होता है। जगदंबा हो या परमपिता परमेश्वर यह दोनों अवधारणाएं परिवार से प्राप्त होती हैं।

जागना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

हम नींद में हैं या उस्नींदे हैं या जाग रहे हैं, लेकिन आंखें बंद करके पड़े हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को यूं ही जाने दे रहे हैं। घड़ी की हर एक टिकटिक के साथ आपका जीवन कम होता जा रहा है। अपनी जागरूकता से इन अमूल्य पलों की महत्ता को समझा जा सकता है, लेकिन प्रश्न यह है कि खुद को जागरूक कैसे करें?

सोना और जागना हमारे जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूरे दिन का एक तिहाई समय सोने और दो तिहाई जागकर रहने के लिए होता है। जागकर रहने का मतलब केवल आंखें खोलकर रहना नहीं होता, मन को जागृत करके रखना होता है, हरेक गतिविधि पर सतर्कता कायम रखना होता है, जो भी हो रहा है, यदि हम बेहोशी में कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, वह अपने आप ही हो रहा है। टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय हमारी मानसिक स्थिति गौर किया जाए तो हम लगभग बेहोशी में चलाते हैं। व्हील, एक्सीलरेटर और ब्रेक स्वाभाविक रूप से संचालित होते रहते हैं। हमारा ध्यान कहीं और रहता है। इस ध्यान की अनुपस्थिति का अर्थ है, मन का जागृत न होना।

मन को जागृत करने का अर्थ है, प्रत्येक क्रिया के प्रति मानसिक रूप से सतर्क रहना। जो भी हम कर रहे हैं या जो कुछ हमारे आसपास हो रहा है उसके प्रति सजग रहना। हमारे जीवन में एक क्रिया निरंतर होती है, श्वांस लेने की। वह आती-जाती रहती है, लेकिन एक मिनट के लिए यदि श्वांस को अवरुद्ध कर दिया जाए तो उसकी उपयोगिता समझ में आ जाएगी। हमारे शरीर के लिए इतनी अधिक आवश्यक क्रिया के प्रति हम सचेत नहीं रहते, उसे ध्यान से नहीं देखते। ऐसी अनेक लापरवाहियां हमारे साथ निरंतर घटती रहती हैं और हम उसके प्रति जरा भी गंभीर नहीं रहते।

पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सन् 1925 में सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधीजी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। आजादी के पूर्व भारत में कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया।

गांधीजी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।' सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा-'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परंपरा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है, जहां वह कभी थी।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। प्रभावशाली शब्दों में उन्होंने भारत की जनता को अपने देश की स्वाधीनता के लिए हिम्मत और एकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा गांधी के प्रतिनिधि मंडल में सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं। रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए सरोजिनी नायडू ने महिलाओं को संगठित किया। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गए थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गए थे। गांधीजी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।' भारत का पक्ष रखने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अमेरिका भेजा था। सरोजिनी नायडू ने महिलाओं का नेतृत्व करते समय नारी समाज की उन्नति के अथक प्रयास किए। देश के स्वतंत्र होने पर उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जो भारत की पहली महिला राज्यपाल भी थीं।

उच्च शिक्षा में अस्तित्व की तलाश में हिंदी बाल साहित्य

प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है।

साहित्य वह माध्यम है जिससे लेखक अपने विचार, भावनाएं और विचारों को पढ़ने व समझने वाले लोगों के साथ साझा करता है। साहित्य विशेष रूप से रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिससे पाठकों को उनके विचारों और भावनाओं का सामंजस्य बनाने में मदद मिलती है। इसके कई रूप होते हैं जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, गजल और अन्य। हर एक रूप में भाषा का अद्वितीय उपयोग किया जाता है।

बाल साहित्य एक ऐसा साहित्य है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उन्हें उनके विकास के सभी पहलुओं में सहायक साबित होता है। बच्चों की नींव से उन्हें समाज, विज्ञान, भौतिकी, संस्कृति, इतिहास और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में रूचि उत्पन्न होती है। बाल साहित्य सरल भाषा में लिखा गया होता है ताकि बच्चे आसानी से उसे समझ सकें और उससे प्रेरित हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है। वार्षिक शिक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है। स्नातक स्तर पर परंपरागत व्यवस्था के स्थान पर तीन मेजर विषय और एक माइनर विषय का प्रावधान है। इसमें मुख्य विषय के साथ-साथ को करिकुलर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम/(वोकेशनल)/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। को-करिकुलर के रूप में प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है। को-करिकुलर विषय-खाद्य पोषण एवं स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग, मानव मूल्य एवं पर्यावरण, विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्थानीय आवश्यकताओं की अनुसार विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारण की छूट दी गई है।

इसमें तीन मेजर विषय और एक माइनर के साथ प्रत्येक सेमेस्टर में एक को-करिकुलर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिगत सभी विषयों को पांच संकायों/ स्ट्रीम/ भागों में बांटा गया है जैसे- संकाय 1-कला एवं मानविकी, संकाय 2-लैंग्वेज/ लिटरेचर, संकाय 3- विज्ञान, संकाय 4- कॉमर्स, संकाय 5- मैनेजमेंट। अर्हता के अनुसार छात्र एक संकाय से दो मेजर विषयों का चयन करेगा। यह छात्र का अपना संकाय कहलाएगा। तीसरा मेजर वह किसी भी संकाय से ले सकता है इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। छात्र का अध्ययन एक या दो अधिक संकायों तक ही सीमित न रहे इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माइनर की संकल्पना की गई कि वह तीसरे संकाय के किसी विषय को भी अपने अध्ययन में शामिल कर सकता है। किसी भी विषय के माइनर का पाठ्यक्रम बनाते समय यह ध्यान रखना होगा कि उस विषय के मुख्य मुख्य उपयोगी भाग/सिद्धांत पाठ्यक्रम का हिस्सा हो और संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यक्रम में समाहित हो ताकि विषय की सामान्य जानकारी छात्र को हो सके।

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है। सेमेस्टर ही नहीं अपितु पाठ्यक्रम का कोई अंश भी बाल साहित्य के रूप में नहीं है। माइनर विषय के रूप में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बाल साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर किसी एक सेमेस्टर में बाल साहित्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में विभिन्न बाल साहित्यकारों का अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से छात्र प्रेरणा लेंगे। जब तक बाल साहित्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं होगा, शोधार्थी बाल साहित्य के विभिन्न अवयवों को अपनी शोध की विषय वस्तु नहीं बना सकते, जो हिंदी बाल साहित्य के क्षेत्र में शोध की अपूर्णीय क्षति होगी।

मर्यादा और पाखंड

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोग दो तरह से जीते हैं। एक, अपने अनुसार। दो, दूसरों के अनुसार। अपने अनुसार जीना सुख है, दूसरों के अनुसार जीना दिखावा या पाखंड। दिखावा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। मर्यादा दो प्रकार की होती है-उच्च कोटि की और निम्न कोटि की। जिस मर्यादा का संबंध समझदारी से होता है, वह उच्च कोटि की होती है और जिसका संबंध समझ से रहित लोक प्रचलित धारणा से होता है, वह निम्न कोटि की होती है। दूसरी कोटि की मर्यादा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। प्रथम कोटि की मर्यादा उनकी समझ में नहीं आती।

एक उदाहरण से अपनी बात समझाने का प्रयत्न कर रहा हूं। मुझे दाल पकानी है। एक समय आएगा जब दाल पक जाएगी। जिस बिंदु पर दाल पक जाएगी, वहीं बिंदु उसकी मर्यादा हुई। उससे कम आंच में वह कच्ची रह जाएगी और अधिक आंच में जल जाएगी। कम या अधिक आंच मर्यादा का उल्लंघन है। मर्यादा के उल्लंघन का माने हुआ आपका नुकसान। अगर आपके कार्य से आपका और किसी अन्य का नुकसान न हो तो आपने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

कुछ दालें दो सीटियों में सीझ जाती हैं, कुछ चार में, कुछ छह में। उनकी मर्यादा एक नहीं हुई। अनुभवी लोग इसे जानते हैं और तद्नुसार अपने हित में मर्यादा का निर्धारण करते हैं, लेकिन जिनके पास अनुभव नहीं है, जिन्होंने सुन रखा है कि दाल चार सीटियों में सीझती है तो वह आदमी चक्कर में पड़ सकता है। दाल दो सीटियों वाली हुई, तो जल जाएगी और छह सीटियों वाली हुई तो कच्ची रह जाएगी। समाज में जो मर्यादा का अर्थ प्रचलित है, वह इसी तरह सुनी-सुनाई बातों पर आधारित है, बोध पर आधारित नहीं है। बोध पर आधारित मर्यादा देशकाल और व्यक्ति के अनुसार अलग-अलग होती है, जबकि जड़ लोगों की मर्यादा देशकाल और व्यक्ति का ख्याल न रखकर सदा एक समान होती है। इस जड़ता का श्रेय हमारी शिक्षा प्रणाली को जाता है,जो बोध पर केंद्रित नहीं है। पुरानी मर्यादा है कि जो पुरुष स्त्रियों की उनके काम में मदद करते हैं, वे मौगा कहलाते हैं और स्त्री-पुरुषों के बीच हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसलिए पुरुष सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा करने से कतराते हैं। कोई नहीं देख रहा है, तब उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

एक समय की बात है। मेरी प्रेमिका नहाकर निकली। उसे जल्दी से कहीं जाना था। देर हो रही थी। इसी बीच उसे छत पर धूप में कपड़े भी सुखाने टंगनी पर डालने थे। मैंने कहा, तुम निकल जाओ। मैं इसे छत पर धूप में डाल दूंगा।

"लोग क्या कहेंगे?" वह बोली।/ "तुम भी लोगों के अनुसार चलोगी?" मैंने कहा। उसने एक नजर मुझ पर डाली और मुस्कुराकर चली गई। मैं छत पर गया और बाल्टी से एक-एक वस्त्र निकाल कर टंगनी पर लटकाने लगा-साड़ी,ब्लाउज आदि। सटी दूसरी छत पर खड़ी एक-एक स्त्री लगातार मुझे घूरती रही। आजतक उन्होंने मुझे उस नजर से नहीं देखा था, जिस नजर से आज देख रही थी। इसी नजर से बचने के लिए तो पुरुष यह कर्म नहीं करते हैं।

मैं सोचने लगा कि वह स्त्री मेरे बारे में किस तरह की धारणा बना रही होगी। एक मन से तो वह भर्त्सना कर रही होगी-कैसा मौगा मर्दाना है। शायद दूसरे मन से अपने पति को कोस भी रही होगी और मेरी प्रिया के भाग्य की सराहना भी कर रही होगी। काश, मेरे पति भी ऐसा कर देते। जाते-जाते मेरी प्रिया हिदायत भी देती गई थी कि घर में पोंछा नहीं लगाइएगा। मैं आऊंगी, तो लगाऊंगी, लेकिन इस तरह की हिदायत मानता कौन है? बोध वाले लोग पुरानी मर्यादा अथवा पुराने संस्कारों से एक झटके में बाहर हो जाते हैं, जबकि अबोध लोग उसे प्रतिष्ठा की बात समझकर ढोते रहते हैं। निष्कर्ष यह कि बोध केंद्रित मर्यादा मर्यादा है और लोग केंद्रित मर्यादा दिखावा या पाखंड।

एक नजर

चोरी की दो बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की दो बाइकें बरामद कीं। पुलिस के मुताबिक अफताब को देवा ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि एक मोटरसाइकिल को दो दिन पहले कलेक्ट्रेट के अंदर से व दूसरी मोटरसाइकिल पांच दिन पूर्व रजिस्ट्री आफिस गेट से चुरायी थी।

पकड़ा गया वांछित

बाराबंकी, अमृत विचार : सुबेहा पुलिस ने शनिवार को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक शफीक पुत्र खातिर निवासी ग्राम मंजीठा थाना इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

उपेंद्र रावत पर भाजपा ने फिर लगाया दांव

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर सांसद उपेंद्र रावत पर ही बाराबंकी से दांव लगाया है। पार्टी द्वारा जारी की गई पहली सूची में ही बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से उपेंद्र रावत प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। उपेंद्र सांसद होने से पूर्व जैदपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के विधायक भी थे।

बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से उपेंद्र रावत के खिलाफ पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत के अलावा भी आधा दर्जन लोग टिकट मांग रहे थे। शनिवार को पहली सूची में उपेंद्र का नाम आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसके पहले उपेंद्र रावत शनिवार को जब मीडिया से मुखातिब हुए तो उनके चेहरे की खुशी साफ बता रही थी कि पहली लिस्ट में ही उनका नाम आना तय है। टिकट की घोषणा होते ही जनपद में उपेंद्र सिंह रावत को बधाई देने वालों का तांता लग गया। इनमें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव, सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल रहे।

बारिश भी नहीं रोक सकी कांवरियों के कदम

आस्था

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : शनिवार की सुबह रुक-रुककर हो रही बरसात भी आस्था में सराबोर कांवरियों के कदम नहीं डिगा सकी। सड़क से लोधेश्वर महादेवा मंदिर तक बारिश के दौरान भी भक्ति की धारा प्रवाहमान रही। हर-हर बम-बम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। कंधे पर कांवर रखे कांवरियों के जत्थों में शामिल बच्चे व महिलाएं भी बारिश के बीच जयकारे लगाते हुए महादेवा के धाम पहुंचे।

कानपुर के बिठूर से जल भरकर 35 कांवरियों का जत्था 29 फरवरी की रात करीब 1 बजे महादेव के लिए पैदल ही रवाना हुआ था जो शनिवार को यहां पहुंचो। जत्थे के महंत उमेश यादव व छोटे महंत सतीश के साथ पीयूष, अनुज, शत्ती त्रिपाठी व महिला कांवरिया तुलसा, पूजा, और माया 15 वर्षों से कांवर लेकर पदयात्रा करके आ रही हैं। महंत ने बताया कि मन में शिव की लगन लेकर कंधे पर कांवर रखकर निकले थे यहां तक आने में कोई असुविधा नहीं हुई है।

शनिवार को बारिश में भीगते हुए लोधेश्वर महादेवा की ओर बढ़ता कांवरियों का जत्था। अमृत विचार

उन्नाव के बांगरमऊ से 65 कांवरियों का जत्थे के साथ 10 साल के प्रशांत, 12 साल के देव व 13 साल के शिवा कांवर लेकर पदयात्रा करते हुए महादेवा पहुंचे और शिव का जलाभिषेक किया। बाराबंकी के मसौली बांसा नेवला करसंडा निवासी रमेश चंद्र, विश्राम प्रजापति सहित 86 कांवरियों के जत्थे में शामिल 6 महिलाएं सुनीता, कविता, निधि, कलावती विमला महंत आशीष व विमलेश की अगुवाई में कानपुर बिठूर से जल भरकर यहां आए। दिनेश ने बताया कि महंत के सहयोग से भोले बाबा की नगरी तक पहुंचने में कांवरियों को कोई असुविधा नहीं हुई। सदरामऊ से 50 कांवरियों का जत्था पहुंचा। भक्तों ने 126 मीटर लंबा झंडा आदिदेव पर चढ़ाया। अभरन सरोवर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 30 बटालियन पीएसी की फ्लड यूनिट के जवान दो मोटरबोट में तैनात हैं। बटालियन के प्रभारी पेशकार पांडेय के निर्देश में मुख्य आरक्षी रामदरश, देवेश पाठक, आनंद चौहान सहित 18 जवान ड्यूटी पर तैनात हैं।

अन्नपूर्णा दुकानों में राशन के साथ ही मिलेंगी कई सुविधाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 1100 दुकानों समेत जिले के 15 स्टोर का किया वर्चुअली लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : लखनऊ में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 1100 अन्नपूर्णा दुकानों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इनमें से जिले की 15 दुकानें भी शामिल हैं। इन दुकानों में राशन के साथ ही कई सुविधाएं मिलेंगी। वहीं जिले में अलग-अलग स्थानों पर जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर इनका लोकार्पण किया।

विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पड़रावां में नवनिर्मित अन्नपूर्णा दुकान का लोकार्पण सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, बीडीओ पूजा सिंह ने फीता काटकर किया। प्रमुख ने कहा इस अन्नपूर्णा दुकान से कार्ड धारकों को राशन प्राप्त होगा तथा इसी भवन में घरेलू गैस की री-फिलिंग एवं बिजली का बिल जमा करने की सुविधा रहेगी। बीडीओ पूजा सिंह ने कहा कि भवन के पास एक पार्क भी बनाया जाएगा। इस मौके पर एडीओ उमेश पटेल, प्रधान आशा, पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे। बंकी की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में अन्नपूर्णा दुकान का उद्घाटन सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी की मौजूदगी में फीता काटकर किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य पूर्ति निरीक्षक, पीडी, डीसी मनरेगा, बीडीओ आदि मौजूद रहे।

पड़रावां में दुकान का लोकार्पण करतीं ब्लाक प्रमुख आरती रावत व बीडीओ पूजा सिंह।

हरख के सेठमऊ में अन्नपूर्णा दुकान का उद्घाटन करतीं बीडीओ मोनिका पाठक।

वहीं हरख की ग्राम पंचायत सेठमऊ में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ मोनिका पाठक, एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद, सचिव सूरज कुमार, सलेजा आदि मौजूद रहे। ब्लॉक बनीकोडर के ग्राम पंचायत हकामी में बीडीओ डॉ. विनय मिश्रा, ग्राम प्रधान माधुरी देवी, सूरज सिंह आदि थे। फतेहपुर क्षेत्र के कुतलूपुर में अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन सांसद उपेंन्द्र सिंह रावत व विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने किया। विधायक ने बताया कि यह अन्नपूर्णा केन्द्र प्रदेश में बने 1100 अन्नपूर्णा केन्द्रों में तीसरे स्थान पर है। इस मौके पर बीडीओ आलोक वर्मा, पूर्ति निरीक्षक अखिलेश तिवारी आदि मौजूद थे।

रामनगर में ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने शनिवार को अनूपगंज में अन्नपूर्णा दुकान का लोकार्पण किया। इस मौके पर बीडीओ प्रीति वर्मा जॉइंट बीडीओ नंद कुमार पांडेय, एडीओ जयराम आदि थे।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अदालत से

- 20 हजार रुपए के अर्थ दंड से भी किया दंडित
- पीड़ित पक्ष को सात साल बाद मिला न्याय

अमृत विचार : नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म की घटना में दोषी पाए गए एक अभियुक्त को अदालत ने शनिवार को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने अभियुक्त को 20 हजार रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया।

13 मई 2017 को लखनऊ के एक थाना क्षेत्र के निवासी पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में रामबाबू पुत्र ननकऊ निवासी गौतम खेड़ा थाना निगोहा जनपद लखनऊ के विरुद्ध लोनी कटरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस विवेचना में साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत किया था। इस पर शनिवार को अदालत में दोषी पाया गया रामबाबू पुत्र ननकऊ को 10 साल के कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई। पुलिस के मुताबिक यह मुकदमा ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिह्नित किया गया था।

15वें और राज्य वित्त के 250 करोड़ से होंगे विकास कार्य

फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार : फतेहपुर ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। बीडीओ आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र पंचायत में पन्द्रहवें एवं राज्य वित योजना के अन्तर्गत 250 करोड रूपये की कार्ययोजना बनाने के लिए क्षेत्र पंचायत के सदस्यों से प्रस्ताव की मांग की गई है। इसमें मनरेगा योजना के तहत 2334.86 करोड लेबर बजट व श्रम सामग्री सहित बजट पास हुआ। इसके साथ ही 6 लाख नौ हजार 95 श्रमिकों के मानव दिवस का अनुमोदन किया गया। ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने हिस्सा लिया। विधायक ने कहा कि गांव में सरकार बनने के पश्चात् प्रत्येक गांव में तेजी से विकास कार्य किये जा रहे हैं। ब्लॉक आने वाले ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो इसीलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में सचिव की बैठने की व्यवस्था की गयी है।

बुनियादी शिक्षा के लिए सरकार कर रही बेहतर प्रयास : राज्यमंत्री

रामसनेहीघाट,बाराबंकी

अमृत विचार: बीआरसी केंद्र व कम्पोजिट स्कूल कोटवा सड़क के प्रांगण में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख उर्मिला वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यमंत्री सतीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गये।

खण्ड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर चंद्र शेखर यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम नवप्रवेशी बच्चों को औपचारिक शिक्षा' से जोड़ने के लिए किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य द्वारा प्री-प्राइमरी हेतु किये जाने वाले प्रयासों से जनसमुदाय को अवगत कराने के साथ अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी व घर की भूमिका से अवगत कराना है। इसके अलावा 3 से 8 वर्ष के बच्चों के नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को जागरूक करना भी है। कार्यक्रम में ब्लॉक के 60 निपुण बच्चों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार से प्रोत्साहित किया गया। इसमें 12 न्याय पंचायतों से 5-5 बच्चे व नोडल संकुल सम्मिलित हुए। राज्यमंत्री द्वारा 32 अतिरिक्त कक्षा का शिलान्यास शिलापटों का अनावरण करके किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बुनियादी शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहा है।

थम नहीं रहा महादेवा मंदिर के चढ़ावे का विवाद

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : लोधेश्वर महादेवा मंदिर के चढ़ावे का विवाद थम नहीं रहा है। इस मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप और शिकायतों का दौर जारी है। फाल्गुनी मेले में करोड़ों के चढ़ावे को लेकर पुरोहित परिवार व मठ के रिसीवर आमने-सामने हैं।

पुरोहित परिवार ने मठ रिसीवर व ठेकेदारों पर मंदिर का पूरा लाभांश हड़पने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर अपनी 50% की हिस्सेदारी दिलाए जाने की मांग की है। लोधेश्वर महादेवा मठ मंदिर के पुरोहित परिवार ने पोर्टल पर शिकायत कर कहा कि प्रसिद्ध तीर्थ स्थल महादेवा में लगने वाले मेला प्रचलित है। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में चढ़ावा आता है। इसमें पुरोहित परिवार की 50% की हिस्सेदारी है।

सार-संक्षेप

60 छात्र-छात्राओं को मिली स्मार्टफोन की सौगात

मानपुरिया कॉलेज में स्मार्टफोन के साथ छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

हरख, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र स्थित मानपुरिया कॉलेज में शनिवार को 60 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गये। हरख ब्लॉक स्थित मनपुरिया कॉलेज और एकेडमिक और प्रोफेशनल स्टडीज में शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख अनंत वर्मा ने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता, रिपुदमन सिंह, प्रभात कुमार वर्मा, विनय कुमार, रामकिशन सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

छप्पर में आग लगाने का लगाया आरोप

आग से जला छप्पर। अमृत विचार

सूरतगंज-बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के सकतापुर निवासी जगतराज ने गांव के मयाराम पर छप्परनुमा घर जलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। पीड़ित के मुताबिक आग से करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान का अनुमान है।प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

दूसरी बस के यात्री के पास मिला चोरी का बैग, मामला दर्ज

रामसनेहीघाट,बाराबंकी, अमृत विचार : हाईवे के एक होटल पर रुकी प्राइवेट बस से एक यात्री का बैग चोरी होने के बाद हड़कंप मच गया। बस स्टाफ की सूझबूझ से बगल में खड़ी दूसरी बस में तलाशी के दौरान एक युवक के पास से बैग बरामद किया गया। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई और चोर को गिरफ्तार किया। पीड़ित सवारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। राकेश कुमार बैरवा निवासी आरामपुर तहसील बामनवास जखोलास खुर्द कोतवाली सवाई माधोपुर राजस्थान ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि वह बिहार में एक राज्य कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार को गोरखपुर से अंशी राज बस सर्विस की बस पर सवार हो कर अपने घर के लिए निकला था। तभी रात 10 बजे कोतवाली रामसनेहीघाट के नेशनल हाईवे के पास सालासर ढाबा पर बस रुकी थी। जब वह भोजन करके बस पर सवार हुआ तो उसके बर्थ से उसका बैग गायब था। बस से बैग चोरी होने की घटना से हड़कंप मच गया। बस के स्टाफ ने सभी सवारियों के साथ होटल की भी चेकिंग की और बगल में खड़ी मारुति ट्रेवल्स की बस की चेकिंग की। इस दौरान बस पर सवार निरंजन पुत्र धर्मवीर निवासी बुरेरा खेरागढ़ कमिश्नरेट आगरा के पास से यात्री का बैग बरामद हुआ। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है।

कार की टक्कर से मां की मौत, पुत्र घायल

फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार : अन्तिम संस्कार में शामिल होने के पश्चात् बाइक से मां बेटे अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे मां की मौत हो गई और उसका पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद सीतापुर के थाना महमूदाबाद क्षेत्र के टडवा नूरपुर निवासी फातिमा (60) अपने पुत्र हारून के साथ शनिवार को बाइक से फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अछैया में परिचित के अन्तिम संस्कार में शामिल होने गई थी। वहां से फातिमा अपनी ननद के यहां जाने के लिए बाइक से निकलीं। सिहाली सुढियामऊ मार्ग पर ग्राम शेखपुर अलीपुर के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में मां और पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने फातिमा को मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई थी। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

खड़े ट्रक से टकरायी बस

राम सनेही घाट बाराबंकी

अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर शनिवार सुबह सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ओवरटेक करने के चक्कर में सड़क किनारे गिट्टी लदे खड़े ट्रक से पीछे से टक्करा गयी। हादसे में बस में सवार कई सवारियों को मामूली चोटें आई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

कोतवाली राम सनेही घाट के अयोध्या-लखनऊ पर शनिवार की सुबह एक स्लीपर कोच बस लगभग 94 सवारियों को लेकर दिल्ली से बिहार के मुजफ्फरपुर जा रही थी। तभी पटेल महाविद्यालय सुमेरगंज के पास ओवरटेक कर रही बस एक होटल पर खड़े बजरी लदे ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गयी। इस हादसे में दर्जनो सवारियों को हल्की-फुल्की अंदरूनी चोटें आई और दो सवारी सुधीर पुत्र राम अधार (28) ग्राम पुरे रामपुर विश्वनाथ थाना सरईया जिला मुजफ्फरपुर, विश्वनाथ मांझी पुत्र महेश (26) ग्राम प्रह्लादपुर थाना मुसहरी ब्लॉक जिला मुजफ्फरपुर दोनों को सीएचसी रामसनेहीघाट मैं भर्ती कराया गया। जिसके एक के कंधे पर चोटिल हुआ दुसरे के पैर में चोट आई। इसके साथ ही मामूली रूप से घायल सवारियों को दूसरे साधनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

44 लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न स्थानों की पुलिस द्वारा 44 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई।

इस दौरान फतेहपुर थाने की पुलिस ने महबूब पुत्र जाहीद निवासी ग्राम बेहटा छावनी महमूदाबाद थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर व फहीम पुत्र स्व. वसीर निवासी चीनीमील कांशीराम कालोनी महमूदाबाद थाना महमूदाबाद द सीतापुर को नवनिर्मित पानी टंकी मोहल्ला फैय्याजपुरा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से दो मोटरसाइकिल एक अवैध तमंचा व 12 बोर का कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : पश्चिमी विक्षोभ के असर से शनिवार को जिले में दिन भर मौसम बदला रहा। पूरे दिन आसमान में बादल घिरे रहे। वहीं शहर सहित जिले के अनेक इलाकों में बूंदाबांदी हुई। इस दौरान तेज हवा चली तो एकाएक ठंड भी बढ़ गई। अचानक बदले मौसम ने आलू और सरसों की फसल उगाने वाले किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं, ज्यादा बारिश होती है तो गेहूं की फसल को भी नुकसान की आशaका है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी बारिश की संभावना है।

जिले में आलू और सरसों की फसल लगभग पक चुकी है। ऐसे में बारिश दोनों फसलों को खराब कर सकती है। बारिश का पानी लगने से आलू का रंग काला पड़ सकता है।

बारिश के कारण सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

आलू सड़ सकता है। सरसों के दाने भी बारिश में भीगकर खराब हो सकते हैं। बारिश और होगी तो गेहूं की फसल में भी नुकसान होगा। किसानों ने बताया कि आलू और सरसों की फसल बारिश में भीगकर खराब हो सकती है। उधर, बारिश के कारण देहात व नगरीय क्षेत्र में बिजली गुल रहने की सूचना मिली है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार रविवार को भी ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना है। वहीं पिछले कई दिनों से तेज धूप के चलते लोगों के शरीर से गर्म कपड़े हट गए थे लेकिन बारिश और तेज हवाएं चलने से अचानक मौसम ठंड हो गया है। इसके चलते शनिवार को लोग गर्म कपड़ों में दिखे।

कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर रखी गईं सुझाव पेटिकाएं, गांव-गांव पहुंचेगी एलईडी वैन, आज से शुरू होगा अभियान

संकल्प-पत्र के लिए भाजपा बुद्धिजीवियों व लोगों से लेगी सलाह

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र तैयार करने से पूर्व इस पर बुद्धिजीवियों और ग्राम वासियों से सलाह लेगी। इसके लिए जिला मुख्यालय पर दो सुझाव पेटिकाएं लगाई गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके लिए एलईडी वैन रवाना की जाएगी। यह अभियान रविवार से प्रारंभ होगा।

शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद उपेंद्र रावत और जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि यह अभियान 3 से 15 मार्च तक चलेगा। इसके लिए दो एलईडी वैन यहां पहुंच रही हैं।

पत्रकारों से वार्ता करते सांसद उपेंद्र रावत, साथ में अन्य। अमृत विचार

सुझाव पेटिकाएं आ गई हैं। इसे जिला मुख्यालय पर लगा दिया गया है। इनमें बुद्धिजीवी और आम लोग अपने सुझाव लिखकर डाल सकेंगे। वहीं एलईडी वैन गांव-गांव जाकर किसानों और ग्रामवासियों से भी संकलप पत्र के लिए सुझाव प्राप्त करेगी।

अभी बाकी हैं कुछ संकल्प : सांसद

सांसद उपेंद्र रावत ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने जो संकल्प लिया था उनमें से कई संकल्प अब तक पूरे नहीं हो सके हैं। बंकी और बाराबंकी को जोड़ने के लिए ओवरब्रिज बनाने का प्रयास अब तक सार्थक नहीं हो सका है। हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के संदर्भ में 6 महीने का ट्रायल स्वीकृत हो गया है। बंकी से बाराबंकी आने के लिए पहले से बने ओवरब्रिज को फिर से बनाया जाएगा। सफदरगंज से रामनगर मार्ग के चौड़ीकरण और मरम्मत करने का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने बताया कि शहर में पार्किंग के लिए तीन-चार स्थान चिह्नित किए गए हैं।

नहीं उतर पाएंगी धरातल पर परियोजनाएं

सांसद उपेंद्र रावत ने स्वीकार किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से कई योजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है। महादेवा कॉरिडोर के निर्माण के प्रस्ताव को भी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। जो योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, उन पर अभी तक बजट स्वीकृत नहीं हो पाया है। ऐसे में जबकि अधिसूचना जारी होने में चंद दिन ही शेष रह गए हैं तो इन परियोजनाओं को चुनाव से पहले धरातल पर उतार पाना संभव नहीं होगा।

कांग्रेस और सपा आज तय करेंगे चुनाव की रणनीति

बाराबंकी अमृत विचार : बाराबंकी सुरक्षित लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन में कांग्रेस पार्टी के खाते में गई है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के समस्त वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी रविवार को एक साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव पर सफलता की रणनीति बनाएंगे।

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की क संयुक्त बैठक का आयोजन रविवार दोपहर एक बजे रामसेवक स्मारक इंटर कॉलेज के आगे एक लॉन में किया जाएगा। दोनों ही राजनीतिक दलों द्वारा इस बैठक की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

एक नजर

जेल में बने थैलों में मिलेगा रामलला का प्रसाद

अयोध्या कार्यालय : श्री रामलला का प्रसाद अब जेल में बंदियों द्वारा बनाये गये थैलों में भी देने की तैयारी है। फतेहपुर जेल की पॉलीथिन मुक्त पहल को देखते हुए श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने जेल अधीक्षक को थैलों की आपूर्ति के लिए पत्र लिखा है। विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने शनिवार को बताया कि फतेहपुर जेल के अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने ट्रस्ट के पास बंदियों के हाथ से बने राम मंदिर छपे भगवा रंग के 1100 थैले भिजवाये थे। अधीक्षक ने बताया था कि पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान के तहत जेल के बंदियों ने इसे स्वयं तैयार किया है।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

संवाददाता, सुलतानपुर : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने चार मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

कोर्ट में हाजिर नहीं हुए राहुल, सुनवाई 13 को

सुलतानपुर : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की बात कहते हुए हाजिरी माफ करने की अर्जी दी, जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। कोर्ट ने राहुल का बयान दर्ज करने के लिए 13 मार्च की तारीख नियत की है।

रामनगरी में बनेगा गुजरातियों के लिए यात्री निवास

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने मंत्रिमंडल के साथ किए रामलला के दर्शन, यूपी सरकार कर चुकी है भूमि आवंटित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में 10 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात यात्री निवासी का निर्माण कराया जाएगा। इसके निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 10 करोड़ का बजट आवंटित किया है। ये बातें शनिवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल ने कहीं। वो अपने मंत्रिमंडल के साथ रामलला का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। भूमि उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार भी जताया।

उन्होंने कहा कि मुझे गुजरात के मंत्रियों के साथ रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह भावुक करने वाला क्षण है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के नए कालचक्र के उद्भव का उद्घोष है। रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह राष्ट्रीय उत्सव के रूप में समग्र भारत में मनाया गया। यह एक नए युग की शुरुआत है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अपने कैबिनेट के 25 सदस्यों के साथ शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला राम जन्मभूमि परिसर पहुंचा। मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन के बाद देशवासियों व गुजरातवासियों के लिए कामना की।

कैबिनेट के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री ने किया रामलला का दर्शन-पूजन। अमृत विचार

गुजरात से आस्था स्पेशल ट्रेनों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बताया कि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा दोनों ही हर एक हिंदू का संकल्प था। इस पवित्र कार्य का सौभाग्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सरकार ने रेल मंत्रालय के द्वारा आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से हजारों लोगों को अब तक रामलला के दर्शन कराए हैं।

गैंगरेप मामले में प्रमुख सचिव गृह को हाईकोर्ट का समन

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार: मानिकपुर के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में शिक्षकों द्वारा एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस द्वारा पीड़िता के रिश्ते के भाई को ही दोषी बनाने का संज्ञान हाईकोर्ट ने लिया है। पीड़िता के भाई ने हाईकोर्ट के इस फैसले पर खुशी जाहिर की है। पीड़ित के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने बताया कि इस मामले में हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को व्यक्तिगत रूप से 16 अप्रैल को उपस्थित होने के लिए सम्मन जारी किया है और पुलिस का पक्ष रखने को कहा है।

गौरतलब है कि मानिकपुर के एक कालेज में पिछले साल जुलाई-अगस्त में एक सनसनीखेज मामला सुर्खियों में रहा था। हाईस्कूल की एक छात्रा ने कालेज के प्रधानाचार्य समेत चार शिक्षकों पर लगभग चार माह से लगातार दुराचार करने का आरोप लगाया था। तब पुलिस ने तीन आरोपियों सहित पीड़िता के फुफेरे भाई को भी जेल भेज दिया था।

पीड़ित के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने बताया इस पर 29 जुलाई 23 को एफआईआर दर्ज की गई थी और उसी दिन इसे जेल भेज दिया गया था। छह महीने तक जेल में रहना पड़ा और तब जमानत हुई थी। बताया कि उन्होंने पीड़ित की ओर से हाईकोर्ट में मिसलेनियस अपलीकेशन दिया था।

इटावा में छुट्टी पर आए सिपाही की हत्या

जमीन की रंजिश को लेकर हुई वारदात, मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने की जांच

संवाददाता, (सैफई) इटावा

अमृत विचार : सैफई थाना क्षेत्र के गांव गोबेपुरा में शुक्रवार की रात को छुट्टी पर घर आए सिपाही की फावड़ा व चाकू मार कर हत्या कर दी गई। सिपाही मथुरा जिले में तैनात था। हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस के आलाअधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। मृतक के भाई ने अपने ताऊ व उसके नाती पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने हत्या के पीछे जमीन को लेकर रंजिश बताई है।

क्षेत्र के गांव गोबेपुरा लरखौर गांव निवासी अनिल कुमार यादव (38) पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था। इस समय तैनाती मथुरा जिले में सीओ के चालक के पद पर थी। वह 2006 में पुलिस में भर्ती हुआ था। शुक्रवार की शाम वह आलू खुदवाने के लिए छुट्टी लेकर घर आया था। शाम को खाना खाने के बाद खेत पर लगे टयूबवेल पर सोने चला गया। शनिवार की सुबह गांव का प्रमोद खेत पर गया तो कमरा खुला हुआ था और अनिल का खून से सना शव पड़ा था। प्रमोद ने जानकारी अनिल के परिवार के लोगों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। एसएसपी संजय वर्मा, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह के अलावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सिपाही के शरीर पर कई वार किए गए थे।

एसएसपी ने बताया कि सिपाही अनिल कुमार का अपने ताऊ से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम भी दोनों में विवाद हुआ था। इसी के चलते उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई नीरज कुमार ने अपने ताऊ दर्शन सिंह उनके पुत्र ओमपाल व नाती अभिषेक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मामला दर्ज कर दर्शन और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि ओमपाल फरार है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है।

घटनास्थल पर लोगों से बातचीत कर जानकारी लेते एसएसपी संजय कुमार। मृतक अनिल कुमार यादव (इनसेट)

सोनिया गांधी को प्रयागराज सीट से चुनाव में प्रत्याशी बनाने की मांग

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बाद इलाहाबाद संसदीय सीट कांग्रेस के खाते में आने से प्रयागराज में कांग्रेसी नेता जहां उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं प्रत्याशियों में चुनाव को लेकर कौतुहल मचा हुआ है। शनिवार को प्रियंका गांधी वाड्रा के पैतृक निवास आनंद भवन के बाहर कांग्रेसियों इस पोस्टर लगाकर प्रियंका गांधी को इलाहाबाद संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की मांग उठाई।

लोकसभा चुनाव को लेकर अब सभी पार्टियों में सरगर्मी तेज हो गयी है। सपा, भाजपा और कांग्रेस के साथ बसपा ने भी कमर कस ली है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बाद इलाहाबाद संसदीय सीट कांग्रेस के खाते में आने से प्रयागराज में कांग्रेसी काफी खुश नजर आ रहे है। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं भी प्रियंका गांधी के पैतृक आवास के बाहर सोनिया का पोस्टर लगाकर चुनावी बिगुल फूंक दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज सीट से सोनिया गांधी को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने की मांग करते हुए पोस्टर लगा दिया। कांग्रेस महिला कमेटी की जिलाध्यक्ष विमला देवी ने कहा कि जिस तरह से इंदिरा गांधी ने देश कि सेवा की है। प्रयागराज की जनता की सेवा की है उसी तरह से प्रियंका गांधी को भी प्रयागराज से चुनाव मैदान में उतारा जाये। जिससे मंहगाई दूर हो सके और जनता की हर संभव मदद हो सके।

आनंद भवन के बाहर पोस्टर लगाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

राष्ट्रीय स्मारक घोषित होगी केडी सिंह बाबू की कोठी

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : अदालत राजी हुई तो प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की कोठी राष्ट्रीय स्मारक घोषित होगी। कोठी में केडी सिंह बाबू की स्मृतियों को संजोया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके लिए राजी हो गए हैं। अदालत की बाधा दूर होते ही इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ साहित्यकार अजय सिंह गुरुजी ने किया बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला था।

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि कानूनी अड़चनें दूर करने के बाद कोठी का अधिग्रहण कर इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया जाएगा। भारत को हॉकी में ओलंपिक का पहला पदक दिलाने वाले देश के पहले और अंतिम हेल्म्स ट्राफी विजेता बाबू केडी सिंह का इसी कोठी में बचपन बीता था। कोर्ट नंबर 16 ने कोठी की सार्वजनिक नीलामी की नोटिस चस्पा कर दी है।

नहर में उतराता हुआ मिला युवक का शव

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी: कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम कसरैलाडीह स्थित दरियाबाद ब्रांच समानान्तर शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार को कसरैलाडीह झाल में एक युवक का शव उतराता दिखा। इसके बाद वहां पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल यादव हमराही पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया।

तिलक समारोह में मारपीट और फायरिंग, दो घायल

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : देवा के टिकरिया में तिलक समारोह के दौरान डीजे पर डांसरों के साथ नाचने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष ने फायरिंग भी की। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। देवा कोतवाली क्षेत्र के माती चौकी अंतर्गत टिकरिया में शुक्रवार की रात विनय यादव का तिलक था। गांव के ही आकाश व रवि डीजे बजा रहे थे। स्टेज पर डांसर नृत्य कर रही थी। इसी दौरान गांव का कन्हैया साथियों के साथ स्टेज पर डांसरों के साथ डांस करने की कोशिश करने लगा। डीजे संचालक ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। मारपीट में रवि रावत के सिर पर चोट लग गई। यह देख गांव के लोग भड़क गए और कन्हैया यादव और उनके साथियों को दौड़ाने लगे। माहौल बिगड़ता देख कन्हैया यादव व उसके साथियों ने फायर कर दिया।

मंडल की चार सीटों में दो पर टिकट पक्का, दो पर असमंजस

कैसरगंज, गोंडा के साथ बहराइच व श्रावस्ती में भी दावेदारों में बेचैनी, अपने- अपने स्रोत से दावेदारी पक्की करने में जुटे रहे दावेदार

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: दिल्ली में चल रही बैठक पर जिले ही नहीं मंडल के लोगों की निगाहें टिकी रहीं। शनिवार को लोग अपने तरीके से जानकारी करने में लगे रहे कि संसदीय सीटों के बारे में क्या हो रहा है। कई तरह की चर्चाएं भी जोर पकड़े रहीं। मंडल की एक बहुचर्चित संसदीय सीट से सिटिंग सांसद के टिकट को लेकर अफवाहों का दौर चलता रहा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सूचनाओं की तस्दीक करने में लोगों के पसीने छूटते रहे।

वहीं एक अन्य संसदीय सीट पर बदलाव होने की चर्चा रही। मौजूदा सांसद के पाला बदलने की बातें तर्क देकर लोग करते दिखे। फिलहाल राजनीतिक लोग किसी भी सूचना की पुष्टि करते नहीं दिखे। पूरे दिन मौसम की तरह ही राजनीतिक माहौल भी बदलता दिखा। देर शाम को आई सूची में गोंडा के सिटिंग सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व श्रावस्ती से साकेत मिश्रा को भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

सोशल मीडिया पर सूचना आई कि दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्रकार वार्ता है। इसके बाद प्रदेश की कुछ सीटों को लेकर सोशल मीडिया पर टिकट कटने, बदलने और होल्ड किए जाने की सूचना से लोगों की जिज्ञासा बढ़ी रही। इसमें मंडल की तीन सीटों को लेकर असमंजस की सूचना रही। कैसरगंज, बहराइच, श्रावस्ती की सीटों को लेकर ऊहापोह की स्थिति रही। टीवी और सोशल मीडिया पर लोगों की निगाहें टिकी रहीं। आ रही सूचनाओं को लोग फैलाते रहे। फिलहाल लोग दावा करते रहे कि कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कट नहीं सकता है। भाजपा जिताऊ प्रत्याशी उतारना चाहती है, ऐसे में उनसे मजबूत प्रत्याशी कोई है नहीं।

इसके अलावा बहराइच से सांसद अछैवर लाल गौड़ के कमजोर होने की बात तो लोग करते रहे, वहीं श्रास्वती में बड़े बदलाव के संकेत देते रहे। इसका परिणाम भी दिखा और यहां पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा या अन्य की जगह साकेत मिश्रा को प्रत्याशी बना दिया गया।

वर्ग पहेली-360

बाएं से दाएं

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

ऊपर से नीचे

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।



वर्ग पहेली - 359 का हल

1 उ	■	■	2 त	■	3 रा
ह्लँ	■	4 सा	र	को	मा
■	5 कु	ली	न	■	यु
■	■	■	ता	■	ध
■	■	6 अ	र	थी	■
7 तृ	षा	वा	न	■	■
■	■	री	■	8 अ	भि

सुडोकू -77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		8				1		
	5		9	4			6	8
6					3	9		
3	2		7			6		4
		4		2			5	
1		9			6	8		3
	1		8		4			
	9	6				5		7
			5			4		

सुडोकू - 76 का हल

4	1	7	8	9	6	5	2	3
2	3	6	4	1	5	8	7	9
9	8	5	7	3	2	4	1	6
8	2	4	6	7	9	1	3	5
6	5	1	2	8	3	7	9	4
7	9	3	1	5	4	2	6	8
5	4	2	3	6	7	9	8	1
3	7	8	9	4	1	6	5	2
1	6	9	5	2	8	3	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 08 .44 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 15 .55 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आप किसी अटके हुए कार्य के कारण काफी परेशान हो सकते हैं। तनाव के कारण आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे लोगों से अपने मन की बातें शेयर न करें जो आपकी भावनाओं को उचित महत्व न देते हों।

वृष — आज यदि कहीं बाहर का भोजन ग्रहण कर रहे हैं तो सावधानी बरतें। स्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपको कुछ नया और रोमांचक करने का अवसर मिलेगा, जो भी काम शुरू करेंगे उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक भी पहुंचा लेंगे।

मिथुन — आज दूसरों के साथ तालमेल बैठाने में कई बार थोड़ी परेशानी महसूस होगी। स्वयं की गलतियों को पहचानें और उसे दूर करने का प्रयास करें। जॉब में उच्चाधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। व्यवसाय की गति काफी अच्छी रहेगी।

कर्क — आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा करेंगे। दोस्तों के साथ बाहर कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप थोड़ा संवेदनशील रहेंगे।

सिंह — आज बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। सरकारी कार्य थोड़े उलझते हुए प्रतीत हो रहे हैं। संपत्ति के माध्यम से आपको धन लाभ भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ अपेक्षा से कम होगा।

कन्या — आज आप अपनी उपलब्धियों के कारण आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। परिजनों के साथ आप घूमने की योजना बना सकते हैं। आपको एक साथ कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

तुला — आज शाम के समय पुराने दोस्तों से मिलकर के मन प्रसन्न होगा। आप किसी काम के अटकने के कारण थोड़े व्यथित हो सकते हैं। धैर्यवान बने रहें जल्द ही आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे। आय के नए स्रोत बनने की संभावना भी प्रबल है।

वृश्चिक — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। प्रेमी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने को लेकर योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। नए कारोबारी संबंध विकसित हो सकते हैं। काम के साथ ही आप समाज को भी पर्याप्त महत्व देने वाले हैं।

धनु — आज दूसरों के काम की जिम्मेदारी बिल्कुल न लें। घर का माहौल शाम के समय अच्छा रहेगा। मैनेजमेन्ट से जुड़े हुए क्षेत्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप जैसा चल रहा है बस उसे वैसा ही चलने दें। गुस्से पर नियंत्रण रखें।

मकर — आज रिश्तेदारों के साथ किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों की सफलता पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। ऐश्वर्य और विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। पुराने निवेश का लाभ आपको मिल सकता है।

कुंभ — आज आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताना चाहेंगे। स्वजनों से खूब प्रेम व सत्कार मिलेगा। छात्रों के करियर को लेकर दिन बड़ा भाग्यशाली है। सभी जरूरी काम आप समय पर कर लेंगे।

मीन — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। करियर को लेकर आप काफी उत्साहित और सकारात्मक रहेंगे। धार्मिक पूजा-पाठ में सम्मिलित हो सकते हैं। लोग आपको सुनना पसंद करेंगे। आपका व्यवहार सभी के प्रति बहुत उदार रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .26
- भाई जी सुपरहिट — रात : 08 .28

SONY PIX
- स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .49
- सर्चिंग — रात : 08 .59

SONY SMAX
- ता रा रम पम — सुबह : 09 .45
- 12 वीं फेल — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
- तलाश — सुबह : 10 .30
- कृष — रात : 10 .00

colors CINEPLEX
- दोस्ताना — सुबह : 09 .35
- कभी खुशी कभी गम — रात : 10 .18

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

एक नजर

फडणवीस को हत्या की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जान से मारने की धमकी देने वाले 28 वर्षीय युवक को शनिवार को सतारा से गिरफ्तार कर लिया गया। सांताक्रूज पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि बीड के रहने वाले किंचक राधाकृष्ण नवले नामक युवक ने एक यूट्यूब चैनल को दिये गये एक साक्षात्कार में जान से मारने की धमकी दी और उपमुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया। अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी रायगढ़ जिले के पनवेल से योगेश सावंत नामक व्यक्ति को सोशल मीडिया मंच पर नवले का साक्षात्कार साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कार्यकर्ता अक्षय पनवेलकर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अदालत ने पेशे से किसान नवले और सावंत को पुलिस हिरासत में भेज दिया है और यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया।

आगरा में साथी की मौत पर भड़के वकील

आगरा : जिले के सिकंदरा क्षेत्र में पुलिस की दबिश के दौरान आठवीं मंजिल से गिर कर वकील की मौत से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने शनिवार को पुलिस प्रशासन के पुतले की अर्थी निकाली। सिकंदरा में यूपीएसआईडीसी मार्ग के निकट स्थित मंगलम आधार अपार्टमेंट में शुक्रवार रात को पुलिस दबिश के दौरान आठवीं मंजिल के गिरकर अधिवक्ता सुनील शर्मा की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर अधिवक्ता संगठनों में आक्रोश है। शनिवार सुबह वकीलों ने पुलिस प्रशासन के पुतले की अर्थी निकाली। अर्थी को दहन करने के दौरान पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभाला हुआ है। अधिवक्ता सुनील शर्मा की विगत रात्रि पुलिस दबिश के दौरान अपार्टमेंट से गिरने से मौत हो गई थी।

एसडीएम ने माना... इफको ने किया है जमीनों पर कब्जा

किसानों और सरकारी जमीन की पैमाइश करने की तैयारी

संवाददाता, बरेली/आंवला

अमृत विचार : किसानों के अलावा सरकारी विभागों की जमीनों पर कब्जा कर बैठे इफको पर मेहरबान अफसर अब सख्ती करने का दावा कर रहे हैं। हाईकोर्ट से पिछले दिनों कुछ किसानों के पक्ष में फैसला आने के बाद इफको ने आदेश मानने से इन्कार कर दिया था। इस मामले में एसडीएम का दावा है तहसील प्रशासन किसानों के साथ-साथ ग्राम समाज और सरकारी विभागों की जमीन की पैमाइश कराकर चिह्नीकरण की कार्रवाई करेगा। इस दावे को सही मान लिया जाए तो किसानों की जमीन के साथ सरकारी विभागों की जमीन इफको से कब्जा मुक्त होने का अनुमान है।

दरअसल, भमोरा के गांव नौगवां अहिरान के रामरहीश, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल ने कुछ दिन पहले एसडीएम को शिकायत देकर बताया था कि उनकी जमीन गाटा संख्या 234 रकबा 0.089 ग्राम चकरपुर रामनगर में है। जहां इफको फैक्ट्री ने अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय ने पैमाइश कर भूमि चिह्नित करने का आदेश दिया है। किसानों ने जमीन पर अवैध अतिक्रमण से हुई आर्थिक क्षति दिलवाने और जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। सेंधा गांव के ओमशंकर सक्सेना का आरोप है इफको का ग्राम सभा की करीब 600 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है। आरोप है कि नौगवां अहिरान के वेदराम सिंह, सूरजपाल सिंह, ओमपाल सिंह, इस्लामाबाद के वीरेन्द्र सिंह यादव, धनपाल सिंह, सुखपाल सिंह, बालिस्टर सिंह, मैना देवी समेत बड़ी संख्या में किसानों की जमीन इफको अवैध तरीके से दबाए बैठी है। गांव के राजेश्वर सिंह की मौत हो चुकी है। उनके परिवार वालों का दावा है कि राजेश्वर सिंह की जमीन पर ही इफको का टावर बना हुआ है। पहले कई बार जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर शिकायतें हुईं, लेकिन इफको प्रबंधन के रसूख के आगे बैकफुट पर आए अफसर आज तक कुछ नहीं कर सके।

▸▸ हाई कोर्ट ने किसानों के पक्ष में सुनाया है फैसला

पीडब्ल्यूडी और वन विभाग को भेजा पत्र

एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रविवार को टीम बनाकर नौगवां अहिरान के रामरहीश, रामदास समेत छह किसानों की जमीन की पैमाइश कराई जाएगी। सरकारी जमीनों पर कब्जे को लेकर पीडब्ल्यूडी और वन विभाग को पत्र भेजा गया है कि वह अपनी जमीन से कब्जा हटवाकर कार्रवाई करें। कहा ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश के लिए टीम बनाई गई है। नापजोख में यदि ग्राम समाज की जमीन पर निर्माण पाया गया तो धारा 67 के तहत जुर्माना डाला जाएगा। धारा 33 के तहत इफको को नोटिस भी भेज रहे हैं।

सत्ता में आए तो पहला काम होगा जातिगत जनगणना

▸▸ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के एमपी में प्रवेश के बाद बोले राहुल गांधी

भोपाल, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर बड़े उद्योगपतियों के लिए काम करते हुए किसानों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि पार्टी के घोषणापत्र में किसानों को कानूनी रूप से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करने का वादा शामिल है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के मध्य प्रदेश में प्रवेश करने के बाद मुरैना में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने जाति आधारित गणना की मांग दोहराई और दावा किया कि देश की 73 प्रतिशत आबादी की अर्थव्यवस्था के अधिकांश क्षेत्रों के साथ-साथ नौकरशाही के शीर्ष स्तरों पर कोई उपस्थिति नहीं है।

राहुल ने बाद में ग्वालियर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद जाति आधारित गणना कराना विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन सरकार का पहला काम होगा। उन्होंने जाति आधारित गणना के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी दूसरी यात्रा मणिपुर से शुरू हुई, क्योंकि भाजपा की विचारधारा ने उस राज्य में आग लगा दी है, जहां लोग एक-दूसरे को मार रहे हैं, जबकि कांग्रेस नफरत के खिलाफ है।

राहुल ने मुरैना में आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने दस से पंद्रह उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए, लेकिन किसानों को एमएसपी (कानूनी रूप से गारंटी) देने से इनकार कर रही है। पंजाब और हरियाणा में किसान संगठन वर्तमान में फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने घोषणापत्र में वादा किया है कि केंद्र की सत्ता में आने पर कांग्रेस देश के किसानों को कानूनी तौर पर एमएसपी देगी।

पाकिस्तान-बांग्लादेश से भी दोगुनी है बेरोजगारी

राहुल ने कहा कि देश में 22 अमीर लोगों के पास आधी आबादी के बराबर संपत्ति है और पांच फीसदी अमीर लोगों के पास 60 प्रतिशत पैसा है। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारी का स्तर 40 वर्षों में उच्चतम स्तर पर है। राहुल ने कहा कि देश में बेरोजगारी पाकिस्तान और बांग्लादेश की तुलना में दोगुनी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और नोटबंदी को लागू करने के नरेंद्र मोदी सरकार के फैसले से बेरोजगारी में वृद्धि हुई, क्योंकि इन उपायों ने अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया, खासकर छोटे और मध्यम व्यवसायों को, जो युवाओं को रोजगार देते हैं।

भारतीय नौसेना का नाविक लापता

नयी दिल्ली : भारतीय नौसेना के एक नाविक के 27 फरवरी से नौसेना के एक जहाज से लापता होने की सूचना है और उनका पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पश्चिमी नौसेना कमान ने कहा कि नाविक की पहचान साहिल वर्मा के रूप में की गई है और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। कमान ने कहा कि इस घटना में, साहिल वर्मा के 27 फरवरी 2024 से तैनाती के दौरान भारतीय नौसेना के जहाज से समुद्र में लापता होने की सूचना मिली है। इसने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के जरिये बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है।

अखिल भारतीय जिला न्यायाधीशों के सम्मेलन बोले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

स्थगन से बढ़ती है वादकारियों की पीड़ा

भुज, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि देश की न्यायिक प्रणाली में स्थगन का चलन वादियों की पीड़ा को बढ़ाता है और अदालतों को मामलों पर फैसले सुनाने के लिए नागरिकों के मरने का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि जमानत नियम है, जेल अपवाद है, का दीर्घकालिक सिद्धांत कमजोर हो रहा है, क्योंकि जिला अदालतें व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों से निपटने में झिझक रही हैं।

गुजरात के कच्छ जिले के धोर्डो में अखिल भारतीय जिला न्यायाधीशों के सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण में प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि लंबित मामले न्याय के कुशल प्रशासन के लिए एक गंभीर चुनौती पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि एक बड़ा मुद्दा स्थगन का चलन है। कार्यवाही में देरी के लिए बार-बार अनुरोध करने के इस चलन का हमारी कानून प्रणाली की दक्षता और अखंडता पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि स्थगन के चलन के बारे में आम लोगों का मानना है कि यह न्यायिक प्रणाली का हिस्सा बन गया है। यह वादियों की पीड़ा को बढ़ा सकती है और मामलों के लंबित रहने के चक्र को कायम रख सकती है।' न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने एक किसान के कानूनी उत्तराधिकारियों के कानूनी कार्यवाही में उलझने के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि हमें अपने नागरिकों के मामले के फैसले के लिए उनके मरने का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामलों के लंबित पड़ने की समस्या को दूर करने के लिए प्रणालीगत सुधार, प्रक्रियात्मक सुधार और प्रौद्योगिकी के उपयोग को शामिल करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

▸▸ अदालतों को मामलों पर फैसले सुनाने के लिए नागरिकों के मरने का इंतजार नहीं करना चाहिए

▸▸ आम लोगों का मानना है कि स्थगन न्यायिक प्रणाली का हिस्सा बन गया है

लिव-इन रिलेशनशिप शरीयत के अनुसार जिना और हराम

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुस्लिम महिला और उसके हिंदू लिव-इन पार्टनर की याचिका पर विचार करते हुए कहा कि कानूनी रूप से विवाहित मुस्लिम महिला किसी अन्य पुरुष के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में नहीं रह सकती है। अन्य पुरुष के साथ उसका ऐसा संबंध शरीयत कानून के अनुसार ज़िना और हराम होगा।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकल पीठ ने सालेहा और अन्य द्वारा अपने पिता तथा अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि महिला के अपराधी कृत्य को कोर्ट द्वारा समर्थन और संरक्षण नहीं दिया जा सकता है। याची महिला ने अपने पति से तलाक की कोई डिक्री प्राप्त नहीं की थी। कोर्ट ने महिला के लिव-इन रिलेशनशिप पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुस्लिम कानून (शरीयत) के प्रावधानों का उल्लंघन करके महिला अपने साथी के साथ रह रही है। शरीयत के अनुसार विवाहित मुस्लिम महिला कानूनी रूप से दूसरा विवाह नहीं कर सकती है। अगर वह ऐसा करती है तो उसके कृत्य को व्यभिचार (ज़िना) और अल्लाह द्वारा निषिद्ध कार्य (हराम) के रूप में परिभाषित किया जाता है।

▸▸ पिता के खिलाफ दाखिल याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

सौतेली बेटी से दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष की सजा

मुजफ्फरनगर : जिले की एक विशेष अदालत ने आठ वर्ष पुराने एक मामले में एक व्यक्ति को अपनी सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने को दोषी करार देते हुए सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। विशेष शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह पुंडीर ने बताया कि पॉक्सो की विशेष अदालत के न्यायाधीश रितेश सचदेवा ने आरोपी मुस्तकीम (57) को अपनी 19 वर्षीय सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने का दोषी ठहराते हुए सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

ऐसा करने पर याची के खिलाफ आईपीसी की धाराओं के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है। मालूम हो कि महिला ने अपने माता-पिता और उसके परिवारीजनों से अपनी और अपने साथी की जान को खतरा बताया था।

बता दें कि महिला का विवाह मोहसिन नामक व्यक्ति से हुआ था, जिसने 2 साल पहले दोबारा शादी कर ली और वर्तमान में दूसरी पत्नी के साथ ही रह रहा है। इसके बाद महिला अपने पिता के घर में रहने लगी। पिता के दुर्व्यवहार के कारण वह हिंदू व्यक्ति के साथ लिव-इन में रहने लगी।इसके अलावा महिला ने धर्मांतरण अधिनियम की धारा 8 और 9 के प्रावधानों का भी पालन नहीं किया है। याची ने पारिवारिक सदस्यों से जान का खतरा होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर के समक्ष अभ्यावेदन दिया, जिस पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

इमारत की ग्रिल में फंसा हुआ मिला नवजात का शव

फरीदाबाद : हरियाणा के फरीदाबाद में एक इमारत की ग्रिल में एक नवजात बच्चे का शव फंसा हुआ मिला। पुलिस के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति ने नवजात को कथित रूप से फरीदाबाद टेलीफोन एक्सचेंज के निकट डीसीए सोसायटी की दीवार पर फेंकने की कोशिश की लेकिन नवजात दीवार में लगी ग्रिल में फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद सेक्टर 15 चौकी से पुलिसकर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची और नवजात के शव को कब्जे में लेकर बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोर्ट से धोखा करने वाला राहत का हकदार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग की एक प्रथा प्रचलित होने को गंभीरता से लेते हुए कहा कि बेईमान लोगों ने न्यायालय को अनिश्चितकाल तक अवैध लाभ लेने के लिए सुविधाजनक लीवर मान लिया है। दूसरे की हानि से लाभ प्राप्त करना एक धोखा है।

अदालत का दरवाजा खटखटाने वाला वादी मुकदमे से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य है। अगर वह लाभ प्राप्त करने के लिए किसी महत्वपूर्ण दस्तावेज को रोक देता है तो निश्चित रूप से वह न्यायालय के साथ-साथ विपक्षी के साथ भी धोखाधड़ी करने का दोषी माना जाएगा। कोर्ट ने आगे कहा कि साफ हाथों से न्यायालय आने वाले लोगों का विश्वास उस क्षण टूट जाता है, जब यह पता चलता है कि भौतिक तथ्यों को छिपाया गया है। न्यायालय ऐसे याचियों को कोई भी राहत देने के लिए बाध्य नहीं है जो अवैध लाभ कमाने और धोखाधड़ी के उद्देश्य से मुकदमेबाजी में शामिल होते हैं।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी सर्राफ ने मैसर्स जीनियस ऑर्थो इंडस्ट्रीज की याचिका को खारिज करते हुए की। संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याची ने संयुक्त आयुक्त सीजीएसटी (अपील), मेरठ द्वारा अपना जीएसटी पंजीकरण रद करने के 27 फरवरी 2023 के आदेश से व्यथित होकर वर्तमान याचिका दाखिल की थी।

याची का पंजीकरण इस आधार पर रद कर दिया गया था कि भौतिक सत्यापन के दौरान अधिकारियों ने यह पाया कि उक्त परिसर में कोई व्यावसायिक गतिविधि संचालित नहीं हो रही थी। अधिकारियों ने याची को कई बार फोन किया, लेकिन उसका फोन बंद था। विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका याची ने जवाब दिया, लेकिन इसके बाद उसका पंजीकरण रद करने का आदेश पारित कर दिया गया।

▸▸ इलाहाबाद हाई कोर्ट ने की महत्वपूर्ण टिप्पणी

नौकरी पाने में असफल छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, फिरोजाबाद

अमृत विचार : थाना दक्षिण क्षेत्र में सरकारी नौकरी के लगातार प्रयास के बाद असफल होने से आहत छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें उसने सरकारी नौकरी न मिलने के कारण जान देने का जिक्र किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पर उसे अंतिम भरोसा था। परीक्षा रद होने से वह और अधिक आहत हो गई थी।

मोहल्ला नई बस्ती निवासी वर्षा (22) शहर के एसआरके डिग्री कॉलेज की छात्रा थीं। युवती ने शनिवार को घर के कमरे में बंद होकर दुपट्टे से फंदा लगा लिया। इससे उसकी मौत हो गई। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया। थाना दक्षिण पुलिस के इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडे ने बताया कि युवती कई वर्षों से सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रही थी। युवती द्वारा एक सुसाइड नोट भी छोड़ गया है। लेकिन इस सुसाइड नोट में क्या वह गोपनीय तथ्य है।

ट्रक पलटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

मुजफ्फरनगर : शामली जिले के झिंझाना कस्बे में खड़े ट्रैक्टर पर गन्ने से भरा एक ट्रक पलट जाने से शनिवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एसपी अभिषेक ने बताया कि जिले के झिंझाना थाना क्षेत्र के झिंझाना कस्बे में बालियान नर्सिंग होम के पास खड़े ट्रैक्टर पर गन्ने से भरा ट्रक पलट जाने से अजय (17) उसकी बहन जानकी (10) और दादी विद्या देवी (60) के की मौत हो गयी है। जबकि दो महिलाओं संगीता और पायल को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। घटना तब हुई जब पीड़ित सड़क पर यात्रा के लिए खड़े ट्रैक्टर पर सवार थे।

सीएए का विरोध करने वालों को सुप्रीम कोर्ट जाएं : हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) का विरोध करने वालों से आग्रह किया कि वे आंदोलन करने के बजाय अपनी शिकायत के निवारण के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करें। अधिनियम के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए शर्मा ने कहा कि कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं और दोनों दृष्टिकोणों को समायोजित करने की आवश्यकता है।

यहां एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा कि असम में लोगों के दो वर्ग हैं। कुछ लोग सीएए का समर्थन करते हैं और मैं उनमें से एक हूं, और कई लोग हैं, जो इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें दोनों दृष्टिकोणों को समायोजित करना होगा। हमें इसके विरोध या समर्थन के लिए किसी की आलोचना नहीं करनी है।' अवैध प्रवासी (न्यायाधिकरण द्वारा निर्धारण) (आईएमडीटी) अधिनियम का उदाहरण देते हुए शर्मा ने कहा कि लोगों का एक बड़ा वर्ग इसके विरोध में रहा है। इसे सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया है, किसी आंदोलन ने नहीं। विपक्षी राजनीतिक दलों के साथ-साथ छात्र संगठनों और अन्य ने कहा है कि अगर राज्य में सीएए लागू किया गया तो वे राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले कहा था कि सीएए नियमों को लोकसभा चुनाव से पहले अधिसूचित और लागू किया जाएगा।

▸▸ असम में कई संगठनों ने दी है राज्यव्यापी आंदोलन शुरू की चेतावनी

बिलकीस बानो मामले के दो दोषी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली,एजेंसी

बिलकीस बानो मामले में 11 दोषियों में से दो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दलील दी है कि उनकी सजा में छूट देने को रद करने संबंधी 8 जनवरी का फैसला 2002 की एक संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ था और उन्होंने इस मुद्दे को अंतिम निर्णय के लिए एक वृहद पीठ के पास भेजने का अनुरोध किया।

जेल में बंद राधेश्याम और राजूभाई ने कहा कि विसंगतिपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है, जिसमें दो अलग-अलग समन्वय पीठों ने समयपूर्व रिहाई के एक ही मुद्दे पर और साथ ही छूट के लिए याचिकाकर्ताओं पर राज्य सरकार की कौन-सी नीति लागू होगी, इस पर बिल्कुल विपरीत दृष्टिकोण अपनाया है। वकील ऋषि मल्होत्रा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि एक पीठ ने 13 मई, 2022 को गुजरात सरकार को स्पष्ट रूप से आदेश दिया था कि वह राज्य सरकार की नौ जुलाई, 1992 की छूट नीति के तहत समय पूर्व रिहाई के लिए राधेश्याम शाह के आवेदन पर विचार करे, जबकि 8 जनवरी, 2024 को फैसला सुनाने वाली पीठ ने निष्कर्ष निकाला कि वह महाराष्ट्र सरकार है, न कि गुजरात सरकार जो छूट देने में सक्षम है।

जन समस्याओं का शीघ्रता से करें निराकरण : धामी

मुख्यमंत्री धामी ने गढ़ी कैंट क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से की मुलाकात, अधिकारियों को दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को डाकरा बाजार गढ़ी कैंट क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से मुलाकात की। साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, निःशुल्क खाद्यान, आयुष्मान योजना आदि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से बातचीत की तथा उनकी कुशलक्षेम भी जानी। लोगों को किस योजना के तहत क्या-क्या लाभ मिला है, लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने इसकी भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का हमारा प्रयास है।

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका शीघ्र निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आम जनता एवं लाभार्थियों को देशवासियों के के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र भी सौंपा।

देहरादून के डाकरा बाजार गढ़ी कैंट क्षेत्र में लोगों से मुलाकात करते सीएम पुष्कर धामी।

प्रधानमंत्री ने पत्र के माध्यम से बताईं सरकार की उपलब्धियां

देहरादून : पीएम नरेन्द्र मोदी ने पत्र में उल्लेख किया है कि 10 साल पहले हमने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के सबसे निचले पायदान के लोगों को भी मुख्यधारा में शामिल करने के लक्ष्य के साथ शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री ने पत्र में कहा है कि आज देश में गरीब कल्याण, महिला कल्याण, युवा उत्थान एवं किसान सम्मान का नया अध्याय लिखा जा रहा है। वर्ष 2014 से अब तक 25 करोड़ लोग स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के मामले में गरीबी से बाहर आए हैं। गांव-गांव में बिजली पहुंचाई। अब हर घर नल से जल पहुंच रहा है।

312 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्त पत्र

देहरादून : मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को नियुक्ति -पत्र वितरित किए। उन्होंने कुल 312 अभ्यर्थियों को नियुक्ति -पत्र प्रदान किए। सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं तथा बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए काफी ख़ुशी का दिन है, क्योंकि कड़ी मेहनत व परिश्रम के बाद आप इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी से करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

पेपर लीक मामले में ठोस कदम उठाएं : प्रियंका

नयी दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा रद किये जाने के बाद शनिवार को कहा कि अगर योगी आदित्यनाथ सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर है तो उसे पेपर लीक माफिया को खत्म करने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाने चाहिए।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शनिवार को रद कर दी गयी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। हाल में प्रदेश सरकार ने उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा भी निरस्त कर छह महीने के भीतर इसे फिर से कराने का निर्देश दिया था। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि छात्रों के विरोध के बाद उत्तर प्रदेश में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा भी रद हो गई।

उन्होंने सवाल किया कि जिन युवाओं के साथ यह खिलवाड़ हुआ, उनपर और उनके परिवारों पर क्या बीत रही होगी? क्या पेपर लीक को उप्र के युवाओं की नियति बना दिया गया है? कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए माता-पिता अंतहीन संघर्ष करते हैं। कोई (माता-पिता) फसल बेचकर बच्चों को पढ़ाते हैं, कोई गहने या खेत बेचकर तो कोई कर्ज लेकर बच्चों को पढ़ाते हैं। हर परिवार के संघर्ष की अपनी एक गाथा है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं पर सिर्फ अपना भविष्य बनाने का ही दबाव नहीं होता, माता-पिता के संघर्ष का बोझ और परिवार की जिम्मेदारियां भी होती हैं। प्रियंका ने कहा कि पेपर लीक और भ्रष्टाचार इन संघर्षों को दोगुना कर देते हैं। युवाओं का उत्साह मरता है। उनके हौसले टूटते हैं। इसकी भरपाई कौन करेगा?

▸▸ पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस नेता ने सरकार को घेरा

टीएमसी का अर्थ तू, मैं और करप्शन है: मोदी

प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

कृष्णानगर/कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है-''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)।'' उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है। उसने हर योजना को घोटाले में बदलने में महारत हासिल कर ली है। वे केंद्रीय योजनाओं पर मुहर लगाते हैं और इसे अपना बता देते हैं। वे गरीबों से छीनने और उन्हें वंचित करने में संकोच नहीं करते।

बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा-आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं। मोदी ने कहा मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं।

बिहार : मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है।

यूपी से भाजपा के इन उम्मीदवारों के नामों का एलान

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में उत्तर प्रदेश की 51 सीट के उम्मीदवारों के भी नाम शामिल हैं। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में उम्मीदवारों की घोषणा की।

- वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी
- कैराना से प्रदीप कुमार
- मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
- नगीना से ओम कुमार
- रामपुर से घनश्याम लोधी
- संभल से परमेश्वर लाल सैनी
- अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
- गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
- बुलंदशहर से भोला सिंह
- मथुरा से हेमा मालिनी
- आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल

लोकसभा चुनाव: 2024

- फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
- एटा से राजवीर सिंह "राजू भैया"
- आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
- शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
- खीरी से अजय मिश्रा टेनी
- धौरहरा से रेखा वर्मा
- सीतापुर से राजेश वर्मा
- हरदोई से जय प्रकाश रावत
- मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
- उन्नाव से साक्षी महाराज
- मोहनलालगंज से कौशल किशोर
- लखनऊ से राजनाथ सिंह
- अमेठी से स्मृति ईरानी
- प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
- फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
- इटावा से राम शंकर कठेरिया
- कन्नौज से सुब्रत पाठक
- अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह "भोले"
- जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
- झांसी से अनुराग शर्मा
- हमीरपुर से कुं. पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
- बांदा से आरके सिंह पटेल
- फतेहपुर से निरंजन ज्योति
- बाराबंकी से उपेंद्र रावत
- फैजाबाद से लल्लू सिंह
- अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
- श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
- गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
- डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
- बस्ती से हरीश द्विवेदी
- संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
- महराजगंज से पंकज चौधरी
- गोरखपुर से रवि किशन
- कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
- बांसगांव से कमलेश पासवान
- लालगंज से नीलम सोनकर
- आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
- सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
- जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
- चंदौली से महेंद्र पांडेय।

एक नजर

केयी पानयोर बना अरुणाचल प्रदेश का 26वां जिला

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी से अलग करके केयी पानयोर को राज्य का 26वां जिला बनाया गया है। न्यीशी समुदाय के लोग नए जिले की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस जिले का मुख्यालय टेर गापिन-सैम सार्थ में होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की जनता को नया जिला बनने की बधाई दी और कहा कि केयी पानयोन जिले के गठन से विकास और प्रगति के नए युग की शुरुआत होगी।

पोंटी चड्ढा का 400 करोड़ का फार्महाउस ध्वस्त

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने छतरपुर में शराब कारोबारी दिवंगत पोंटी चड्ढा के लगभग 400 करोड़ रुपये मूल्य के फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीडीए के अधिकारियों ने कहा कि विध्वंस शुक्रवार और शनिवार को हुआ। अधिकारियों ने कहा-अनधिकृत कब्जा और अवैध निर्माण वाली सरकारी जमीन को पुन: प्राप्त करने की अपनी कवायद जारी रखते हुए, डीडीए ने शुक्रवार को छतरपुर में लगभग 10 एकड़ में फैले शराब कारोबारी दिवंगत पोंटी चड्ढा उर्फ गुरदीप सिंह के फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया।

त्रिपुरा की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री की उपस्थिति में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर
- अमित शाह बोले-सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, ''मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी आदिवासी दलों ने रचनात्मक भूमिका निभाई है और त्रिपुरा में भाजपा सरकार ने भी इस समझौते के प्रति ईमानदारी से काम किया है। त्रिपुरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन को टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है। टिपरा मोथा, राज्य और केंद्र सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर यहां नॉर्थ ब्लॉक में हस्ताक्षर किए गए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर में सद्भाव को आगे बढ़ाने वाले एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा-त्रिपुरा के आर्थिक विकास, भूमि अधिकार और स्वदेशी लोगों की पहचान से संबंधित मुद्दों को हल करने वाले त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा।

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था।

तमिलनाडु में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

चेन्नई। चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू के एक मकान में संभवतः रसोई गैस गैस लीक होने की वजह से आग लगने के कारण एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्चों की मां भी इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई है और उसका यहां किलपौक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग संभवतः गैस लीक होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि बिहार से आए इस परिवार के पास एक गैस चूल्हा था जो जमीन पर रखा था और मकान में कोई खिड़की नहीं थी।

ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं समेत सात लोग गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अनुष्ठान करने की आड़ में कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी स्वयंभू बाबा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठाणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रैकेट की जांच राबोडी से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने और अपहरण का मामला दर्ज किए जाने के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच में 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के दो लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया, जिसे कुछ समय बाद पकड़ लिया गया।

हमारे पास फुटेज हैं, जिनकी मदद से होगी गिरफ्तारी

मैसुरु/बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उनकी गिरफ्तारी में आसानी से होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। बाद में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

सिद्धारमैया ने मैसुरु में संवाददाताओं से कहा-विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धरमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा-हम अपराधी को ढूंढ़ लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढ़ लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है।

वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा-उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा-जांच जारी है। जांच में जो सामने आएगा हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

बेंगलुरु के रेस्तरां में हुए विस्फोट का मामला

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-सारी गतिविधियां कैमरों में दर्ज

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

गूगल ने स्टार्टअप को प्ले स्टोर से हटाया, तलब

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारतीय एप को हटाने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।

आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' एप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, ''भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा कि मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन एप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

मैंने गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है: चंद्रशेखर

इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा-मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक एप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है। स्टार्टअप के खिलाफ इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और सरकार की कुछ वैध चिंताएं हैं। वहीं गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।

अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की

नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) की शुरुआत की। उन्होंने साथ ही इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम सुविधा देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जारी करने, समाशोधन प्रणाली और एसएलआर (वैधानिक तरलता अनुपात) सीमा बनाए रखने के लिए खुद को उन्नत बनाना चाहिए। आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। इस मौके पर शाह ने कहा कि 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है।

रोबोटिक सर्जरी में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआरएसए के अध्यक्ष बोले-यह रोगियों के लिए फायदेमंद

रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं।

हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा, "आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	73,150
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	65,150
गिन्नी (प्रति नग)	48,500-48,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	720 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,700
चांदी आभूषण	72,900।

विशेष लाइव कारोबार में सेंसेक्स निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

असम में कृषि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे अर्जुन मुंडा

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), असम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। यह संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि अनुसंधान और शिक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह संस्थान दिरपई चापोरी, गोगामुख और धेमाजी में सुबनसिरी नदी के किनारे बनाया गया है और 587 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां विस्तार और शिक्षण गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त स्थान है।

भारत ने अत्यधिक गरीबी को कर दिया खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- अर्थशास्त्री ने अपने शोध के अनुसार किया खुलासा

एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक 'द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन' के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शुरू

इंडियन प्रीमियर लीग

चेन्नई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ के अधिकारी ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंचा है। कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर ने इसकी पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) थे। चाहर ने दिसंबर से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के बीच से हट गए थे और द. अफ्रीका के दौरे से भी नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अभ्यास के दौरान खुद को फिट घोषित किया था। चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं।

मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को 7 विकेट से हराया

डब्ल्यूपीएल के चार मैच में तीसरी जीत से छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंची मुंबई इंडियंस

बेंगलुरु, एजेंसी

मुंबई इंडियंस ने शनिवार को डब्ल्यूपीएल के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर 29 गेंद रहते 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी की बल्लेबाज मुंबई की गेंदबाजों से संघर्ष करती दिखीं, जिससे टीम 6 विकेट पर 131 रन ही बना सकी। मुंबई ने यह लक्ष्य 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 133 रन बनाकर पा लिया।

मुंबई की टीम चार मैच में तीसरी जीत से छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई के लिए अमेलिया केर नाबाद 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। यास्तिका भाटिया ने 31, हेली मैथ्यूज ने 26 और कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही नैट साइवर ब्रंट ने 27 रन बनाएं। यास्तिका ने 16 गेंद में 31 रन बनाकर तेज शुरूआत की। अमेलिया की नाबाद पारी से मुंबई ने आसान जीत दर्ज की। आरसीबी के लिए अगर एलिसे पैरी ने नाबाद 44 और जॉर्जिया वारेहैम ने 27 रन न बनाए होते तथा छठे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी न की होती तो आरसीबी ये स्कोर न बना पाती। मुंबई की टीम कप्तान हरमनप्रीत और तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल के बिना उतरी जो चोटों से उबर रही हैं, लेकिन उनकी कमी नहीं खली। आरसीबी की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज संयम से नहीं खेल सकीं। कप्तान स्मृति मंधाना (11 गेंद में 9 रन) धैर्य खोने से तेज गेंदबाज इसी वोंग की गेंद को नैट साइवर ब्रंट को कैच दे बैठीं। बल्लेबाज ऋचा घोष और एस मेघना के साथ भी ऐसा हुआ। ऋचा को पूजा वस्त्राकर ने शिकार बनाया और मिड ऑफ में संजना संजीवन को कैच देकर आउट हुईं। मेघना को नैट साइवर ब्रंट ने चलता किया। पैरी ने लेग स्पिनर अमेलिया केर पर गेंदों पर पुल और कट शॉट से बाउंड्री लगाई। वारेहैम ने भी पैरी का साथ देते हुए स्ट्राइक रोटेट की और गेंद सीमारेखा के पार कराई। मुंबई के लिए ब्रंट और पूजा ने 2-2 विकेट लिए। इसी और साइका को 1-1 विकेट मिला।

खेल डायरी

प्राग मास्टर्स: भारत के तीनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली

प्राग, एजेंसी। भारत के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञाननंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। ईरान के परहम माघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली। चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह प्रज्ञाननंदा, नवारा, दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं। बार्टेल एक अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

एलेक्स और कैस्पर में होगा खिताबी मुकाबला

मैक्सिको ओपन

अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने से मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

जेसिका पेगुला सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में

सैन डिएगो, एजेंसी। जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया। यह एक साल से भी कम समय में नवारो का टूर स्तर पर पांचवां सेमीफाइनल होगा।

मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका

पेरिस, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही। इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है।

देशपांडे और शार्दुल की गेंदबाजी के आगे तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी

रणजी सेमीफाइनल

दिन खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी

तुषार देशपांडे (24 रन पर 3) और शार्दुल ठाकुर (48 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 146 रन पर आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बना लिए। मुंबई पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके 8 विकेट बचे है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी 1 रन बनाकर क्रीज पर थे। कुलदीन सेन ने पृथ्वी साव (5) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया। तमिलनाडु के कप्तान बीसाई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। तमिलनाडु ने 17 रन तक 4 और 42 रन तक 5 विकेट गंवा दिए थे। विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बीसाई सुदर्शन को पगबाधा किया।

अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (4) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी के लिए आए देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम का स्कोर अभी 42 रन ही था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया। लंच के सत्र से पहले और बाद में शंकर और वाशिंगटन ने मुंबई के गेंदबाजों का सामना किया। शंकर ने देशपांडे की गेंद पर कुछ चौके लगाए। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाने ने गेंद फिर शार्दुल को थमाई और इस गेंदबाज ने शंकर की 109 गेंद में 8 चौके की मदद से 44 रन की पारी को खत्म किया। दूसरी स्लिप में शम्स मुलानी ने उनका कैच लपका। शंकर के आउट होने के बाद वाशिंगटन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मोहम्मद (17) ने शार्दुल के ओवर में 3 चौके लगाए। मुशीर ने मोहम्मद को पगबाधा किया जबकि कोटियान ने अजित राम (15) को चलता किया। वाशिंगटन कोटियान का दूसरा शिकार बने।

मप्र ने विदर्भ को पहले दिन 170 रन पर रोका

नागपुर, एजेंसी

आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने शनिवार को रणजी सेमीफाइनल के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर समेट दिया। मप्र के लिए आवेश ने 49 रन देकर 4 विकेट लिए, कुलवंत खेजरोलिया ने 38 और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर 2-2 विकेट लिए। मप्र ने स्टंप तक पहली पारी में 1 विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे वह अब 123 रन पीछे है।

वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिए हुए थी कि मप्र ने दिन में कुल 56.4 में स्पिनरों से 2.4 ओवर डलवाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट लिया। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिक सके, जिन्होंने 105 गेंद में 9 चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। तेज गेंदबाज आवेश ने ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़ दिया। विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम के लिए बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, 8 चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही। कर्नाटक के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने वाले तायडे (63 गेंद) अय्यर की गेंद पर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे। विदर्भ के लिए सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले करूण उतरे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और आवेश ने मोखाडे को आउट कर दिया। मेजबान टीम ने 5 रन के अंदर यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर के विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर 5 विकेट पर 106 रन हो गया। विदर्भ की 200 रन तक पहुंचने की उम्मीद भी तब खत्म हो गयी जब करूण खेजरोलिया की गेंद पर बोल्ड हो गए।

यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे मेसी

शिकागो, एजेंसी

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल 8 टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं। इसमें कुल 96 टीम भाग्य आजमाएंगी। ह्यूस्टन इसका मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था। मेसी चोटिल होने से इस मैच में नहीं खेल पाए थे।

फिलिप्स ने लिए 5 विकेट, न्यूजीलैंड को 369 रन का लक्ष्य

न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 3 विकेट पर 111 रन बनाए हैं और लक्ष्य से 258 रन पीछे है।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दूसरी पारी 2 विकेट पर 13 रन से शुरू की और 4 घंटे के अंदर सभी विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने पहली बार पारी में 5 विकेट लिया है। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (0) और एलेक्स कैरी (3) का विकेट लिया। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (56*) और डेरिल मिशेल (12*) पर है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सत्र में केन विलियमसन (9) का विकेट लेकर न्यूजीलैंड को झटका दिया। विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच लिया। टॉम (8) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया।

बॉलीवुड हलचल

समुद्री लुटेरों पर आधारित 'लुटेरे' की कहानी

मुंबई, एजेंसी। रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली-स्टारर वेब सीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेबसीरीज लुटेरे की कहानी सोमालिया के समुद्री लुटेरों पर आधारित है, जो भारतीय विमान पोत को निशाना बनाकर लूटपाट करते हैं। इंडियन नेवी उनके खिलाफ क्या एक्शन लेती है, यह सब कुछ वेब सीरीज में देखने को मिलेगा। टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हे 'हम करीब हैं' कहते हुए सुना जा सकता है। रजत कपूर नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है। जय मेहता द्वारा निर्देशित वेब सीरीज लुटेरे का निर्माण शैलेश आर सिंह ने हंसल मेहता के साथ किया है। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

खेसारी लाल की रंग दे बसंती का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ रति पांडेय और डायना खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव फुल एक्शन में हैं। फिल्म में एक ओर वह जांबाज सैनिक के रूप में नजर आए हैं, जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है और वही दूसरी ओर यूनिवर्सिटी में युवा नेता के रूप में प्रभु श्रीराम का घोष बुलंद करते नजर आ हैं। निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि हमारी सोच थी कि इस फिल्म को जेनरिक थोड़ा अलग करें और आगे बढ़ें। अपर क्लास के हिसाब से इस फिल्म को हमने बनाया और साथ ही भोजपुरी के हर वर्ग के दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी, ऐसी उम्मीद है। फिल्म के गाने एक से बढ़कर एक होंगे। फिल्म में बॉलीवुड के बड़े कलाकारों की आवाज गानों में सुनने को मिलेगी।

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर: आकांशा रंजन

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिए दूसरा घर है और वह यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है। आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढेर सारे प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया। उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर, आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।

तमन्ना ने किए श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों बनारस में मौजूद हैं। उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। तमन्ना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में वह वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान ज्योतिर्लिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं।

फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में मुख्य भूमिका में होंगी सारा अली खान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर एक अपडेट पोस्ट किया। वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। करण जौहर कहते हैं, शेरशाह के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और राजी से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना के परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल करेंगे निर्देशन में डेब्यू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का टीजर रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मडगांव एक्सप्रेस के लिए तैयार हो जाइए, पागलपन की विविधता के माध्यम से एक जंगली यात्रा। मडगांव एक्सप्रेस ट्रेलर 5 मार्च को आएगा। देखते रहिए। मडगांव एक्सप्रेस में नोरा फतेही, उपेन्द्र लिमये और छाया कदम भी हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में बचपन के तीन दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

जगमग हुआ जामनगर... प्री-वेडिंग में जुटीं हस्तियां

अनंत-राधिका

मुकेश अंबानी-नीता अंबानी बेटे आकाश और बहू के साथ

जामनगर। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए जामनगर में शनिवार को मेहमानों का तांता लगा रहा। शहर मेहमानों में देश-दुनिया की राजनीति, कारोबारी, अभिनय, क्रिकेट से लेकर समाजसेवा में सक्रिय हस्तियों से जगमग रहा। समारोह में हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने प्रस्तुति दी। नीता ने बताया कि परिवार का जामनगर से गहरा नाता रहा है। इसी कारण रीति-रिवाजों के साथ यहां प्री-वेडिंग का प्लान बनाया।

पत्नी के साथ मार्क जुकरबर्ग


क्रिकेटर डॉयने ब्रावो

पत्नी के साथ महेंद्र सिंह धोनी

डब्ल्यूटीओ: किसान-मछुआरों के हित की रक्षा में सफल रहा भारत

अबू धाबी, एजेंसी

- बैठक संपन्न होने के बाद पीयूष गोयल बोले-भारत पूरी तरह संतुष्ट

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक समाप्ति के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट है। इससे हमारे किसान व मछुआरों का हित कहीं से प्रभावित नहीं होगा और हम पहले की तरह उन्हें हर प्रकार का लाभ देते रहेंगे और नीतिगत रूप से भी हमें इसमें कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पहले की तरह किसानों से अनाज खरीदती रहेगी और उन्हें सब्सिडी भी देती रहेगी। मछुआरों को भी पहले की तरह सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम सुविधाएं व सब्सिडी जारी रहेंगी। पीयूष गोयल ने

कहा कि भारत गैर व्यापारिक मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर चर्चा के लिए आने से रोकने में सफल रहा।

चीन विकास के लिए निवेश सहमति पत्र पर तो यूरोप औद्योगिक नीति पर एमसी13 में चर्चा करना चाहता था। 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अबूधाबी में एमसी13 का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कमोबेश हम जिस उद्देश्य के साथ अबूधाबी आए थे, उसे हमने प्राप्त कर लिया है और हम पूरी संतुष्टि के साथ वापस जा रहे है। हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य अपने किसान व मछुआरों की रक्षा करना था।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के एमसी13 में पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) को लेकर स्थायी समाधान या विकसित देशों द्वारा मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती जैसे किसी भी बड़े मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी सकी, लेकिन 2013 में डब्ल्यूटीओ के एमसी में सभी देशों ने पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए थे जिससे किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को कोई चुनौती नहीं दी सकती है।

आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि में इजाफा

एमसी13 में ई-कामर्स के जरिए डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि को फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया, जबकि भारत इस छूट को समाप्त करने के पक्ष में था। हालांकि, इस फैसले से डिजिटल रूप में विदेश से आने वाली किताब या फिल्म जैसे आइटम के महंगे होने की आशंका समाप्त हो गई।

दो देश नए सदस्य बने

भारत सीमा शुल्क छूट को हटाने के पक्ष में यह दलील दे रहा था कि एक संप्रभु देश के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने उद्योग के हित में जरूरत पड़ने पर सीमा शुल्क लगा सके। ई-कामर्स के जरिए डिजिटल उत्पादों के निर्यात में अधिकतर हिस्सेदारी विकसित देशों की है। एमसी13 में दो नए देश कोमोरोस और तिमोर-लेस्टे को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों की संख्या 166 हो गई। 22 और देशों ने डब्ल्यूटीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

खाद्य आयात की विश्वसनीयता पर जापान-सिंगापुर का जोर

ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देशों के केर्न्स समूह ने दावा किया है कि सार्वजनिक भंडार व्यवस्था बाजार को नुकसान पहुंचा रही है और कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। जापान और सिंगापुर जैसे खाद्य आयातक देश कृषि नीतियों में विश्वसनीयत पर जोर दे रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने निवेश सुविधा पर चीन के नेतृत्व वाले एक प्रस्ताव को भी खारिज किया। दोनों देशों ने कहा कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर है।

एक नजर

भारतवंशी हेली ने प्रचार अभियान में 1.2 करोड़ डॉलर चंदा जुटाया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार भारतवंशी निक्की हेली के प्रचार अभियान दल ने फरवरी में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाए जाने की घोषणा की है। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में हेली को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी टक्कर मिल रही है और वह अभी तक एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाई हैं लेकिन हेली का कहना है कि वह तीसरी पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतरने के बारे में नहीं सोच रहीं और वह पूरी तरह से रिपब्लिकन नेता हैं।

बलूचिस्तान को मिला नया सीएम सरफराज का हुआ निर्विरोध चयन

कराची। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। दरअसल, बुगती ने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीपीपी टिकट पर प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक संघीय आंतरिक मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ राजनेता को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन मिला था, जब वह शुक्रवार को विधानसभा सचिव ताहिर शाह के साथ अपना नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे थे।

जम्मू में बारिश के कारण दो लोगों की मौत, छह घायल

जम्मू। जम्मू संभाग के कई जिलों में शनिवार को तेज हवाओं के साथ भरी बारिश हुई। बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि, छह अन्य घायल हुए हैं। घाटी के विभिन्न जिलों में बीती रात से शुरू हुआ बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला शनिवार तक जारी रहा। आंधी और बारिश से डोडा जिले में छत गिरने से युवती की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा-तेज हवाओं से 36 घर तबह हो गए। वहीं राजौरी जिले में यात्री बस के टकराने से एक मौत हुई है। पहड़ी हिस्सों में भी खासा नुकसान हुए है।

ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों ने बनाई बढ़त

दुबई। ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है। कट्टरपंथियों का पिछले दो दशकों से संसद में वर्चस्व रहा है।

चुनाव धांधली: दूसरा देश पाकिस्तान को जांच के लिए हुक्म नहीं दे सकता

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा ने अमेरिका के निर्देश को मानने से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच करने के अमेरिका के निर्देश को खारिज कर दिया है। कहा कि, पाकिस्ताान बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा। दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि 'कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।' मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि 'पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है।' दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बता दें, अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। अमेरिका के इस बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है।

इमरान को कोर्ट ने हिंसा से जुड़े 4 मामलों में दी अंतरिम जमानत

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में अंतरिम जमानत दी है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरान खान अभी कई मामलों में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पिछले साल नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने एक दर्जन से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। इनमें रावलपिंडी में सेना मुख्यालय, फैसलाबाद में इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की इमारत, मियांवाली एयरबेस, जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस) शामिल हैं। पीटीआई संस्थापक की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अरशद जावेद ने सुनवाई की। द इंटरनेशनल के मुताबिक उन्होंने नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दे दी।

युद्धविराम को राजी हुआ इजराइल, अब हमास करे फैसला: अमेरिका

राफा। इजराइल-हमास युद्ध को लगभग चार महीने से ज्यादा समय हो गया है। युद्ध में अब तक लगभग 30 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। शनिवार को गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि, पिछले 24 घंटों के दौरान इजराइली सेना ने 92 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि 156 अन्य को घायल हुए हैं।

इस बीच शनिवार को अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इजराइल अनिवार्य रूप से प्रस्तावित गाजा युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते को लेकर राजी हो गया है, अब इस समझौते पर सहमत होना हमास पर निर्भर करता है।

अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि इजराइली लोगों ने प्रस्ताव को कमोबेश स्वीकार कर लिया है, जिसमें गाजा में छह सप्ताह के युद्धविराम के साथ बंधकों की रिहाई शामिल है। उन्होंने कहा, इजराइली लोगों ने मूल रूप से समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। फिलहाल, गेंद हमास के पाले में है और हम जितना संभव हो सके इसे आगे बढ़ाना जारी रख रहे हैं।

हूती विद्रोहियों के हमले का शिकार हुआ जहाज लाल सागर में डूबा

दुबई, एजेंसी

- यमन सरकार ने दी जानकारी पिछले माह हुआ था हमला

यमन में हूती विद्रोहियों के हमले का शिकार हुआ मालवाहक पोत लाल सागर में डूब गया है। हमले के बाद पिछले महीने हूतियों के हमले के बाद क्षतिग्रस्त जहाज को छोड़ दिया गया था। यमन सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 'जहाज शुक्रवार की रात डूबा।

अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने पहले बताया था कि मालवाहक जहाज पर जब हमला हुआ, उस समय वह 41,000 टन से ज्यादा उर्वरक लेकर जा रहा था। अमेरिकी सेना ने कहा था कि हमले से मालवाहक जहाज को काफी नुकसान पहुंचा है। बीते सोमवार को यमन सरकार की एक टीम ने बेलीज के झंडे वाले 'रूबिमार' का दौरा किया था और कहा था कि यह आंशिक रूप से जलमग्न हो गया है और आने वाले कुछ दिनों में पूरी तरह से डूब सकता है।

ब्रिटेन के स्वामित्व वाला मालवाहक जहाज 'रुबिमार' 18 फरवरी को बुल्गारिया की ओर बढ़ रहा था, तभी हूती विद्रोहियों ने उसे निशाना बनाया।

अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों की मिसाइल की तबाह

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों के हमले को नाकाम किया है और सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल को तबाह कर दिया। अमेरिकी सेना के यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि 1 मार्च को खुद के बचाव में की गई कार्रवाई में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की मिसाइल को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन में अपने प्रभाव वाले इलाके लाल सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट को निशाना बनाने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैनात की हुई थी। इस खतरे को भांपते हुए अमेरिकी सेना की यूएस सेंट्रल कमांड ने इस मिसाइल को निशाना बनाकर तबाह किया।

अमेरिका में भारतीय डांसर की गोली मारकर हत्या, जांच की मांग

न्यूयॉर्क/सूरी, एजेंसी

- अभिनेत्री देवोलीना ने दी जानकारी पीएम मोदी से की जांच की अपील

कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी एक्स पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है।

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा 'मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के कहा, 27 फरवर की शाम को घोष टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोलीमार कर हत्या कर दी। बता दें कि घोष वाशिंगटन विवि से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे। भट्टाचार्जी के ट्वीट के अनुसार, घोष के माता-पिता की मौत हो चुकी थी। आरोपी के बारे में अभी तक कुछ सामने नहीं आया हैं। कुछ दोस्तों के अलावा घोष के परिवार में कोई नहीं है।

लाहौल स्पीति फिर बंद...

शिमला : हिमाचल प्रदेश में शनिवार को चेतावनी के बीच ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी हुई। अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्या, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा सड़कें बंद है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंबा, लाहौल स्पीति, कुल्लू शिमला और किन्नौर में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। ● एजेंसी

अमेरिका से जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ, अंतिम मुहर आज

वाशिंगटन, एजेंसी

- दो मार्च को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति नहीं कराई गई दर्ज

अमेरिका से भारत को जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में 31 एमक्यू-9 बी सी-गार्डियन ड्रोन भारत को देने पर डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया के अनुसार, दो मार्च तक सांसदों को आपत्ति देनी थी, लेकिन सांसदों से संबंध मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। अब कांग्रेस से तीन मार्च को अंतिम मुहर लगने के बाद कोई संवैधानिक बाधा नहीं आएगी। गौरतलब है कि, ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, वायु-समुद्री युद्ध में काम आएंगे। ड्रोन पैकेज की लागत 33,069 लाख करोड़ रुपये है।

एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगा ड्रोन

ये ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे। इसके अलावा 35 एलउ रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट, 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें, 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगी।

मणिपुर: हिंसा में विस्थापित लोग भी कर सकेंगे मतदान: ईसी

इंफाल। मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि विस्थापित लोगों के लिए विशेष मतदान केंद्रों बनेंगे। विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी।

इस्लामी अतिवादी फैला रहे चरमपंथी जहर: ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुनक की भावुक अपील, बोले-विभाजनकारी ताकतों से मिलकर सामना करेंगे

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील की है। उन्होंने बताया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार है। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए पीएम सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों का स्वागत करता है।

सुनक ने कहा, जो आप्रवासी यहां आए हैं उन्होंने संपूर्ण रूप से अपना योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने ऐसा अपनी पहचान छोड़े बिना किया है। ब्रिटिश पीएम ने आगे कहा, आप मेरी तरह एक हिंदू और ब्रिटिश नागरिक हो सकते हैं, या एक धर्मनिष्ठ मुसलमान और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं। या एक

समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। ब्रिटिश पीएम ने कहा, मुझे डर है कि दुनिया में सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारे प्रयास को कमजोर किया जा रहा है। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर ब्रिटेन में निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की है।

विज्ञान कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड ने की खोज, तीनों हमारे बाहरी सौर मंडल के दो ग्रहों की करे रहे हैं परिक्रमा

यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोलविदों ने यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद यूरेनस के 28 और नेपच्यून के चंद्रमा की संख्या 16 हो गई है। यह खोज जमीन आधारित दूरबीनों से हुई है। पिट्सबर्ग, पेंसिल्वेनिया स्थित कार्नेगी साइंस ने खोजे गए नए चंद्रमाओं की जानकारी दी है।

इन चंद्रमाओं में यूरेनस का एक और नेप्च्यून के दो उपग्रह शामिल हैं। ये तीनों चंद्रमा हमारे बाहरी सौर मंडल के दो विशाल ग्रहों की परिक्रमा कर रहे हैं। खोजकर्ता कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड के अनुसार खगोलविदों ने यूरेनस और नेप्च्यून के आसपास के क्षेत्र के 5 मिनट के दर्जनों एक्सपोजर लिए। जिसमें उन्हें कुछ अंधेरी रातों में करीब चार घंटे का समय लगा। यूरेनस के नए चंद्रमा का अस्थायी नाम एस/2023 यू1 रखा गया है।

इसका वास्तविक आकार लगभग 8 किमी है, जो खोज की इस उपलब्धि की महत्ता का संकेत देता है। क्योंकि यूरेनस पृथ्वी से लगभग 2 अरब मील की दूरी पर स्थित है। इस चंद्रमा को यूरेनस की एक परिक्रमा करने में लगभग 680 दिन लगते हैं।

चिली में कार्नेगी साइंस के लास कैम्पानास वेधशाला में मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग करके इस नए यूरेनस के चंद्रमा का पता लगाया। खोजकर्ता वैज्ञानिक शेपर्ड ने नेप्च्यून के चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग किया। जिसमें एक का नाम एस/2002 एन 5 रखा है।

यह लगभग 14 मील चौड़ा है और नौ वर्ष में नेपच्यून की परिक्रमा करता है। नेप्च्यून के दूसरे नए चंद्रमा का नाम एस /2021 एन1 रखा गया है। यह नौ मील चौड़ा है और हर 27 साल में नेपच्यून की परिक्रमा करता है।

यूरेनस व नेप्च्यून के नए चंद्रमाओं की तस्वीर।

चंद्रमाओं को गुरुत्वाकर्षण शक्ति खींच लाई

वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी कक्षाएँ इस बात का संकेत हैं कि ये छोटे चंद्रमा यूरेनस और नेपच्यून के साथ पैदा नहीं हुए थे। बल्कि युरेनस व नेप्च्यून की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच लाई। तीनों चंद्रमाओं की झुकी हुई कक्षा इसका ठोस सबूत है।

अमेरिका: दो साल में हिन्दी भाषा पढ़ाने वाले स्कूल दस गुना बढ़े

वाशिंगटन, एजेंसी

- हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच ने कहा- 12 विवि में हिन्दी के अलग विभाग बने

अमेरिका में हिन्दी का दबदबा बढ़ रहा है। पिछले दो साल के दौरान अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी विषय पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। अब 90 स्कूलों में हिन्दी के कोर्स चल रहे हैं। वहीं हिन्दी के छात्रों की संख्या भी बढ़कर 14 हजार हो गई है।

बता दें, मशहूर सिलिकॉन वैली के सरकारी स्कूलों में अगस्त से हिन्दी वैश्विक भाषा कोर्स शुरू होगा। पहली बार हिन्दी को वैश्विक भाषा का दर्जा दिया गया है। अमेरिका में हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच के अनुसार डलास और ह्यूस्टन समेत डेढ़ दर्जन शहरों के स्कूलों में अगले सत्र से हिन्दी के विषय शुरू होंगे। हार्वर्ड, येल, प्रिंस्टन जैसे 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अलग विभाग संचालित किया जा रहा है। दो साल पहले तक अमेरिका के 6 विश्वविद्यालयों में ही हिन्दी का विभाग संचालित होता था। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया है कि अमेरिका में भारतीयों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी में हिन्दी के प्रति लगाव का बड़ा कारण हिन्दी को भाषा के रूप में पढ़ने के बाद मिलने वाले भविष्य में बहुत सारे विकल्प खुलेंगे।

कुछ भारतीय कंपनियां हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी के शिक्षकों की मांग बढ़ रही है। अमेरिका की पहली हिन्दी पाठ्य पुस्तक 'नमस्ते जी' के लेखक अरुण प्रकाश का कहना है कि स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 40 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में शिक्षकों का रुझान बढ़ रहा है।